RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 152
नई दिल्ली, शनिवार, 8 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



सुर्यकुमार भारत को जिता सकता है विश्व कप
स्पोर्ट्स-12

# लोकतंत्र नहीं, परिवारवाद की राजनीति खतरे में: शाह

## सपा-बसपा की सरकारों ने आजमगढ़ की छवि को धूमिल करने का कार्य किया था, कानून-व्यवस्था के लिए योगी सरकार को सराहा

● राहुल गांधी पर साधा निशाना, कहा-उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार विकास के नए युग की शुरुआत की, कौशांबी में 612 करोड़ रुपए की 117 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया



**पायनियर समाचार सेवा।** कौशांबी/आजमगढ़

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी की ब्रिटेन में की गई हालिया टिप्पणी को लेकर उन पर निशाना साधते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि लोकतंत्र खतरे में नहीं हैं, बल्कि आपका परिवार तथा परिवारवाद की राजनीति खतरे में हैं। उत्तर प्रदेश में आज अपनी दो जनसभाओं में शाह ने समाजवादी और बहुजन समाज पार्टी पर भी जमकर निशाना साधा।

आजमगढ़ में शाह ने पूर्ववर्ती सरकारों पर ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि में बिजली न देने का आरोप लगाते हुए कहा कि आज भी मुझे याद है कि मैंने उत्तर प्रदेश में कई दिन तक रात्रि निवास किया, एक भी रात ऐसी नहीं थी जब ग्रामीण क्षेत्र में रात को बिजली मिलती हो। 24 घंटे बिजली तभी मिलती थी जब रमजान आता था, वरना नहीं मिलती थी। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार में पूरे राज्य में बिजली आपूर्ति करके विकास के नए युग की शुरुआत हुई है। शाह कौशांबी महोत्सव की शुरुआत करने के बाद एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने 612 करोड़ रुपए की 117 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ को पहले 'आतंकवाद के केंद्र' के रूप में जाना जाता था। उन्होंने यह बात 2008 अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट जैसे कुछ आतंकी घटनाओं के संदर्भ में यह बात कही, जिसमें कुछ आरोपी इसी जिले के रहने वाले थे। शाह ने कहा लेकिन अब इसकी पहचान बदल गई है और इसे विकास के गढ़ के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि मैं गुजरात में गृह मंत्री था जब अहमदाबाद में विस्फोट हुआ था।

पुलिस ने आजमगढ़ से मुख्य सूत्रधार को गिरफ्तार किया था। शाह ने कौशांबी महोत्सव का उद्घाटन किया और सांसद खेल स्पर्धा के कई खिलाड़ियों का सम्मान किया। बाद में आजमगढ़ में हरिहर संगीत कॉलेज शिलान्यास किया। शाह ने कहा कि मैं योगी जी को बधाई देना चाहता हूं। आजमगढ़ जिसे पूरे देश में आतंकवाद का केंद्र माना जाता था, उन्होंने संगीत विद्यालय की नींव रखी, जिससे कि इसकी विरासत का सम्मान किया जा सके। शाह ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा, योगी जी ठीक कह रहे थे आजमगढ़ की पहचान कभी हरिहर घराने से होती थी, पंडित छन्नू लाल मिश्र जैसे गायकी के विद्वानों से होती थी, सपा-बसपा की सरकारों ने उस आजमगढ़ की छवि को धूमिल करने का काम किया था। उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था की सराहना करते हुए शाह ने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश में कभी कल्पना नहीं की जाती थी कि यहां पर दंगे न हों, उस उत्तर प्रदेश को दंगा मुक्त प्रदेश बनाने का कार्य भी योगी सरकार ने किया है। इससे पहले कौशांबी में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस देश के लोकतंत्र को जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टीकरण के तीन नासूरों से घेरकर रखा था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन सभी को पराजित कर दिया है, इसलिए आप डरे हुए हैं। उन्होंने लोगों से समाज के सभी वर्गों के सर्वांगीण कल्याण के लिए 2024 में एक बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में चुनने का आह्वान किया। शाह ने कहा, वे कहते हैं कि लोकतंत्र खतरे में है, (लेकिन) बंधु लोकतंत्र खतरे में नहीं है, आपका परिवार खतरे में है।

भारत की अवधारणा खतरे में नहीं है, बल्कि परिवारवाद की अवधारणा, परिवारवाद की आपकी राजनीति खतरे में है। भारत का लोकतंत्र खतरे में नहीं, बल्कि आपके परिवार का राजवंश खतरे में है। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा, राहुल बाबा, कौन डरता है? राहुल बाबा यहां मैदान खुला पड़ा है, मैदान आप तय कर लें भारत में कहीं भी, भाजपा वाले दो-दो हाथ करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा, (आप) किस प्रकार की राजनीति भारत में लाना चाहते हैं, आपको क्या लगता है कि देश की जनता कुछ समझती नहीं है। देश की जनता देखती भी (शेष पेज 9)

# भाजपा में शामिल हुए आंध्र के पूर्व सीएम किरण कुमार रेड्डी

● केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह संसदीय बोर्ड के सदस्य के लक्ष्मण व पार्टी के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी की मौजूदगी में सदस्यता ग्रहण की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में शुक्रवार को कांग्रेस के पूर्व नेता एवं अविभाजित आंध्र प्रदेश के अंतिम मुख्यमंत्री एन. किरण कुमार रेड्डी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। फोटो: रंजन डिमरी

**कांग्रेस** के पूर्व नेता एवं अविभाजित आंध्र प्रदेश के अंतिम मुख्यमंत्री एन. किरण कुमार रेड्डी शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जमकर सराहना और अपनी पुरानी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की कटु आलोचना की।

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, संसदीय बोर्ड के सदस्य के लक्ष्मण और पार्टी के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी की मौजूदगी में रेड्डी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसी साल मार्च महीने में रेड्डी ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। सितंबर, 1959 में जन्मे रेड्डी ने 25 नवंबर, 2010 से 01 मार्च, 2014 तक अविभाजित आंध्र प्रदेश के 16वें मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया।

दो जून, 2014 को तेलंगाना राज्य के गठन से पहले वह संयुक्त आंध्र प्रदेश के अंतिम मुख्यमंत्री थे। रेड्डी ने जनता के फैसले को स्वीकार ना करने और पार्टी में सुधारात्मक कदम ना उठाने के लिए कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साधा। उनका इशारा स्पष्ट तौर पर सोनिया गांधी और राहुल गांधी की ओर था। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका (कांग्रेस नेतृत्व) मानना है कि वे सही हैं और भारत के लोगों सहित अन्य सभी गलत हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस छोड़ने की यही मुख्य वजह रही। अपनी पुरानी पार्टी के नेताओं पर तंज कसते हुए रेड्डी ने कहा, मेरा राजा बहुत बुद्धिमान है। वह स्वयं नहीं सोचता है और दूसरे (शेष पेज 9)

# कोविड की बढ़ती रफ्तार के साथ केंद्र सतर्क

● केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने राज्यों को तैयारियों को परखने के लिए कहा संक्रमण के अधिक मामलों वाले स्थानों की पहचान करने, जांच बढ़ाने बुनियादी ढांचा व तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**कोरोना** वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को एक समीक्षा बैठक की और राज्यों से सतर्क रहने तथा कोविड-19 प्रबंधन से जुड़ी तैयारियों को परखने के लिए कहा।

मांडविया ने राज्यों को संक्रमण के अधिक मामलों वाले स्थानों की पहचान करने, जांच बढ़ाने, बुनियादी ढांचा तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा। राज्य के स्वास्थ्य मंत्रियों, प्रमुख एवं अतिरिक्त मुख्य सचिवों के साथ डिजिटल तौर से आयोजित हुई बैठक में मांडविया ने टीकाकरण में तेजी लाने को भी कहा। जीनोम अनुक्रमण और पॉजिटिव नमूनों के पूरे जीनोम अनुक्रमण को बढ़ाने के साथ-साथ, उन्होंने कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन करने के बारे में जागरूकता पैदा करने पर भी जोर दिया।

मांडविया ने कहा कि केंद्र और राज्यों को सहयोग की भावना से काम करना जारी रखने की जरूरत है, जैसा कि पिछली बार कोविड-19 की रोकथाम और प्रबंधन के दौरान किया गया था। उन्होंने राज्य के स्वास्थ्य मंत्रियों से 10 और 11 अप्रैल को सभी अस्पतालों के बुनियादी ढांचे के संबंध में मॉक ड्रिल करने और आठ तथा नौ अप्रैल को जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा करने का भी आग्रह किया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सूचित किया गया कि विश्व (शेष पेज 9)

### देश में एक दिन में 6050 केस आएं

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 6,050 नए मामले आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,47,45,104 हो गई है। पिछले 203 दिन में सामने आए ये सर्वाधिक दैनिक मामले हैं। अब उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 28,303 पर पहुंच गई है। देश में पिछले साल 16 सितंबर को संक्रमण के 6,298 दैनिक मामले सामने आए थे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, महाराष्ट्र में तीन, कर्नाटक तथा राजस्थान में दो-दो और दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर तथा पंजाब में एक-एक (शेष पेज 9)

# दूसरी कक्षा तक कोई लिखित परीक्षा नहीं

● मूल्यांकन छात्रों पर अतिरिक्त बोझ न बनें: एनसीएफ मसौदा

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ) के मसौदे में विशिष्ट जांच और परीक्षा को दूसरी कक्षा तक के बच्चों के मूल्यांकन के लिए पूरी तरह से अनुपयुक्त बताते हुए सुझाव दिया गया है कि लिखित परीक्षा तीसरी कक्षा से शुरू होनी चाहिए। मसौदे में कहा गया है कि मूल्यांकन की पद्धति ऐसी होनी चाहिए जिससे छात्र पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़े।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुसार तैयार किए जा रहे एनसीएफ में यह भी कहा गया है कि छात्रों के मूल्यांकन के लिए दो महत्वपूर्ण पद्धतियों में बुनियादी स्तर पर बच्चे के आकलन और सीखने के दौरान उसके द्वारा तैयार सामग्री का विश्लेषण अहम है। इसमें यह भी कहा गया है कि विशिष्ट जांच और परीक्षा बुनियादी स्तर अर्थात दूसरी कक्षा तक के बच्चों के मूल्यांकन के लिए पूरी तरह से अनुपयुक्त हैं। एनसीएफ के मसौदे में कहा गया है कि बच्चों के बीच और उनके पठन पाठन के दौरान मूल्यांकन में विविधता को बढ़ावा देना चाहिए, ऐसा इसलिए क्योंकि बच्चे अलग अलग तरीके से सीखते हैं और भिन्न तरीके से उसे अभिव्यक्त करते हैं। मसौदे के अनुसार, सीखने के परिणाम एवं क्षमता संबंधी उपलब्धता का मूल्यांकन करने के अलग अलग तरीके हो सकते हैं।

ऐसे में शिक्षक को एक समान सीखने के परिणाम के मूल्यांकन के लिए विभिन्न प्रकार की पद्धति तैयार करनी चाहिए तथा उन्हें उपयुक्त करीके से प्रयोग करना चाहिए। इसमें कहा गया है कि मूल्यांक को रिकार्ड एवं दस्तावेज करने योग्य होना चाहिए। छात्रों की प्रगति की व्याख्या एवं विश्लेषण नियोजित तरीके से साक्ष्य जुटाकर किया जाए। हालांकि, मूल्यांकन से छात्रों पर अतिरिक्त बोढ़ बढ़ाने वाला नहीं हो। एनसीएफ के मसौदे में तैयारी के स्तर (तीसरी से पांचवी कक्षा) में मूल्यांकन को लेकर कहा गया है कि इस स्तर पर लिखित परीक्षा पेश की जानी चाहिए। गौरतलब है (शेष पेज 9)

# अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की मौत के मामले में गायक समर गिरफ्तार

● राजनगर एक्सटेंशन की हाईराइज सोसायटी चार्म्स कैसल के फ्लैट में छुपा था आरोपी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



**भोजपुरी** फिल्म अभिनेत्री आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए कथित तौर पर मजबूर करने के आरोपों से घिरे गायक समर सिंह को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया है। समर यहां राजनगर एक्सटेंशन की हाईराइज सोसायटी चार्म्स कैसल के एक फ्लैट में छुपा हुआ था। करीब एक पखवाड़ा पहले 26 मार्च को वाराणसी के सारनाथ इलाके में स्थित एक होटल में अभिनेत्री आकांक्षा मृत पाई गई थीं।

अभिनेत्री की मां की शिकायत पर दोनों व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाने/मजबूर करने) के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसी आधार पर समर सिंह और उसके भाई संजय सिंह के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया था। समर गाजियाबाद में नंदग्राम थाना क्षेत्र के राज नगर एक्सटेंशन इलाके में एक हाउसिंग सोसाइटी में छिपा हुआ था। इससे पहले वह कई दिन नोएडा में भी रहा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गाजियाबाद पुलिस और वाराणसी के उनके समकक्षों ने एक संयुक्त अभियान के तहत बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दरमियानी रात समर और उसके तीन साथियों को फ्लैट से दबोच लिया। अग्रवाल ने कहा कि इन लोगों को पूछताछ के लिए स्थानीय नंदग्राम थाने लाया गया, जिसके बाद समर को गिरफ्तार कर (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,832 | |
| निफ्टी | 17,599 | |
| सोना | 60,370 | /10g |
| चांदी | 74,040 | /kg |

## क्विक न्यूज

### दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का निर्माण दिसंबर तक हो जाएगा पूरा: गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का निर्माण इस साल दिसंबर के अंत तक पूरा हो जाएगा। यह एक्सप्रेसवे 212 किलोमीटर लंबा है और इसकी निर्माण लागत 12,000 करोड़ रुपए है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि छह लेन वाली दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे नई परियोजना का 60-70 प्रतिशत निर्माण पूरा हो चुका है। गडकरी ने पांचवे अयोध्या पर्व को संबोधित करते हुए कहा, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का निर्माण इस साल दिसंबर के अंत तक पूरा हो जाएगा, जिसके बाद लोग दिल्ली से देहरादून सिर्फ दो घंटों में जबकि दिल्ली से हरिद्वार सिर्फ 90 मिनट में पहुंचेंगे। केंद्रीय मंत्री ने बृहस्पतिवार को एक्सप्रेसवे का निरीक्षण किया था। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, एक्सप्रेसवे को चार खंडों में विभाजित किया गया है।

# जेल से छूटने में कैदियों की आर्थिक मदद करेगा केंद्र

● जेलों में भीड़ कम करने के लिए विचाराधीन कैदियों के लिए लायी जाएगी विशेष आर्थिक योजना: गृह मंत्रालय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**देश** भर की जेलों में भीड़ कम करने के लिए सरकार ऐसे विचाराधीन कैदियों की आर्थिक मदद करेगी, जो जुर्माना या जमानत राशि नहीं जुटा पाने के कारण वर्षों से कैद हैं। इसके लिए विशेष योजना लाई जाएगी।

गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि योजना ऐसे कैदियों के लिए कारगर सिद्ध होगी, जो सामाजिक रूप से वंचित या कम शिक्षित और निम्न आय वर्ग से ताल्लुक रखते हैं। मंत्रालय ने बयान में कहा है कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि योजना का लाभ गरीब कैदियों तक पहुंचे, प्रौद्योगिकी-आधारित समाधान योजना तैयार की जाएगी। ई-प्रिज़न प्लेटफार्म को सशक्त बनाया जाएगा। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को मजबूत किया जाएगा और जरूरतमंद गरीब कैदियों को गुणवत्तापूर्ण कानूनी सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी।

इसके लिए सभी हितधारकों के सलाह-मशविरे से गरीब कैदियों की मदद योजना को अंतिम रूप दिया गया है। गौरतलब है कि जुर्माने की राशि या जमानत राशि भरने में अक्षम कैदियों को वित्तीय सहायता मुहैया कराने संबंधी इस योजना की घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस साल अपने बजट भाषण में की थी। गृह मंत्रालय ने बयान में कहा कि सरकार जेलों में बंद विचाराधीन कैदियों की समस्याओं के समाधान के लिए समय-समय पर विभिन्न कदम उठाती रही है।

इसके तहत 'गरीब कैदियों को समर्थन' जैसी एक घोषणा है। इसके अलावा सीआरपीसी एक्ट में धारा 436ए और एक नया अध्याय 21ए प्ली बार्गेनिंग को जोड़ना आदि भी इन्हीं कदमों में शामिल हैं। बयान के अनुसार, विभिन्न स्तरों पर विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से गरीब कैदियों को (शेष पेज 9)

# चीते का कुनो से बाहर जाना अच्छा संकेत: विशेषज्ञ

● चीतों का इस तरह घूमना फिरना प्राकृतिक स्वभाव चिंता की बात नहीं-कुनो राष्ट्रीय उद्यान में चारों चीतों को खुला छोड़ा गया है लेकिन 24 घंटे निगरानी जारी है

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली



**मध्य** प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़े गए चीतों में से एक के भटक कर उससे बाहर चले जाने के विषय पर पर्यावरण मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि चीते अपने पर्यावास की तलाश कर रहे हैं और यह एक बहुत अच्छा संकेत है।

नामीबिया से सितंबर, 2022 में लाए गए आठ चीतों में से एक को दो अप्रैल को कुनो राष्ट्रीय उद्यान से बाहर देखा गया था। राज्य के वन अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि इस चीते को बृहस्पतिवार शाम पड़ोसी शिवपुरी जिले के वन क्षेत्र से लाया गया और उसे फिर से राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ दिया गया। वन विभाग के अतिरिक्त महानिदेशक एस. पी. यादव ने बताया कि चीतों का इस तरह से घूमना-फिरना उनका प्राकृतिक स्वभाव है और इस बारे में चिंता करने की कोई बात नहीं है। प्रोजेक्ट टाइगर के प्रमुख यादव ने एजेंसी को दिए गए एक साक्षात्कार में बताया, चार चीतों को पूरी तरह से खुला छोड़ दिया गया है। वे जंगल में मुक्त रूप से विचरण कर रहे हैं। उनका इसे तरह से विचरण करना स्वाभाविक है। हम खुश हैं कि चीतें विचरण कर रहे हैं और इलाके का मुआयना कर रहे हैं तथा उसी आधार पर वे अपने लिए उपयुक्त पर्यावास चुनेंगे।

उन्होंने कहा, यह बहुत अच्छा संकेत है कि वे (चीते) अन्य इलाकों का भी मुआयना कर रहे हैं। यह उनका प्राकृतिक स्वभाव है और चिंता करने की कोई बात नहीं है। लेकिन मैं आपको बता दूं कि कुनो में छोड़े गए हर चीते पर हम चौबीसों घंटे नजर रखे हुए हैं। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सरकार ने स्थानीय लोगों को चीतों के बारे में बताने, जागरूक करने और भविष्य में किसी प्रकार के संघर्ष को टालने के लिए चीता मित्र नियुक्त किए हैं। मध्य प्रदेश के वन अधिकारियों ने 51 गांवों के करीब 400 चीता मित्रों को प्रशिक्षण दिया है। प्रशिक्षण पाने वालों में स्कूली शिक्षक, ग्राम प्रधान और पटवारी शामिल हैं।

यादव ने कहा, यदि भेड़, बकरियों आदि जैसे छोटे जानवरों के साथ कोई संघर्ष होता है तो उसके लिए हमारी मुआवजा योजना तैयार है। उन्हें (इन जानवरों के मालिकों को) समुचित मुआवजा दिया जाएगा। नामीबिया से लाए गऐ आठ चीतों - पांच मादा और तीन नर को 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में इस उद्यान में उनके बाड़े में छोड़ा गया था। भारत में अंतिम चीते की मौत वर्तमान छत्तीसगढ़ राज्य के कोरिया जिले में 1947 में हुई थी और जमीन पर सबसे तेज दौड़ने वाले इस वन्य जीव को 1952 में देश में विलुप्त घोषित कर दिया गया था।

# नोएडा को जाम फ्री के लिए होगा यातायात अध्ययन

## आगामी 30 सालों में बढ़ते ट्रैफिक का रखा जाएगा ध्यान, दो कंपनियों ने प्राधिकरण को भेजा अपना प्रस्ताव

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में लगातार ट्रैफिक का लोड बढ़ता जा रहा है। यहां के प्रमुख रास्ता और एक्सप्रेस वे पर पीक आवर में जाम लगता है।

आने वाले दस सालों में ये ट्रैफिक दो गुना हो सकता है। प्राधिकरण ने बताया यहां आने वाला अधिकतर ट्रैफिक कामकाजी लोगों का है जो दिल्ली, फरीदाबाद, गाजियाबाद, हापुड़, सिकंदरबाद, बुलंदशहर से यहां आता है। इस पूरे शहर के ट्रैफिक की दोबारा से स्टडी आगामी 30 सालों के हिसाब से की जाएगी।

इसके लिए सलाहकार कंपनी का चयन के लिए आवेदन मांगे गए थे। जिसमें दो कंपनियां राइट्स और एसपीए ने अपना प्रस्ताव दिया है। आगामी कुछ दिनों में और कंपनियां आ सकती है। इनमें से किसी एक कंपनी का चयन किया जाएगा। जो नोएडा का ट्रैफिक स्टडी करके अपना प्लान देगी। बता दे राइट्स पहले भी कई बार स्टडी कर चुकी है और एसपीए डीएनजीआईआर का मास्टर प्लान तैयार कर रही है। एक्सप्रेस वे रोजाना पीक आवर के दो से तीन घंटों में करीब 43 हजार वाहन निकलते है। यानी एक दिन में करीब एक लाख वाहन यहां से निकलते है। जिससे इससे मानक स्पीड 100 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से वाहन नहीं दौड़ पाते।

यही स्थिति नोएडा के एमपी-- .2 और 3 और रोड नंबर-6 की है। इसकी स्पीड लिमिट 80 किमी प्रति घंटा है। लेकिन ट्रैफिक फ्लो ज्यादा होने से यहां भी वाहन 50 किमी तक ही चल पाते है। पीक आवर में यहां दो किमी की दूरी तय करना भी भारी है। यही स्थित रही तो आगामी 5 से 7 सालों में नोएडा में ट्रैफिक कोलेप्स कर जाएगा। चयनित होने वाली कंपनी नोएडा के चारो प्रमुख मार्ग, एक्सप्रेस वे, आंतरिक सड़क पर ट्रैफिक का सर्वे करेगा। इसके बाद प्लानिंग बनाएगी।



### एमपी-1 मार्ग होगा सिग्नल मुक्त

वर्तमान में नोएडा प्राधिकरण ने सीआरआरआई से सर्वे करवाकर कई सड़कों को सिग्नल फ्री करने की कोशिश की। इसमें एमपी-1 मार्ग शामिल है। इस रास्ता को सिग्नल फ्री करने के लिए करीब पांच यू टर्न बनाए गए। लेकिन सेक्टर वासियों के विरोध पर यहां लगी चौड़ा मोड़ की रेड लाइट को नहीं हटाया जा सका। अब विकल्प के तौर पर यहां एलिवेटड रोड का प्रस्ताव तैयार किया गया है। सलाहकार कंपनी के चयन के बाद इस योजना को आगे बढ़ाया जाएगा। इसी तरह चिल्ला बार्डर से एक्सप्रेस वे लिंक तक डीएनडी उतर कर आने वाले वाहन और सेक्टर-18 से उतर कर दिल्ली जाने वाले वाहनों को बॉटलनेक झेलना पड़ता है। इन दोनों स्थानों को चौड़ा किया जाना है। ये काम भी सलाहकार कंपनी करेगी।

# लूट के आरोप में फरार चल रहा 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

### दुकानदार को तमंचा दिखाकर छिने थे पैसे

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा की नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने लूट के मामले में करीब 7 माह से फरार चल रहे एक लुटेरे को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों ने अपने साथियों के साथ मिलकर मनी ट्रांसफर एजेंट के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस के साथियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने सेक्टर 150 के गोल चक्कर के पास से एक इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने इस दौरान हरियाणा के पलवल निवासी राहुल खान को गिरफ्तार किया है। इस पर 25000 का इनाम भी घोषित था। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। नॉलेज पार्क थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि राहुल खान के द्वारा अपने साथी बलीराम उर्फ बलराम व सोनू उर्फ शाहरूख के साथ मिलकर 9 जुलाई 2022 कोंडली बाजार में स्थित आदित्य टैलीकॉम एण्ड मनी ट्रांसफर की दुकान पर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। इस दौरान इन लोगों ने दुकान संचालक तमंचा दिखाकर 35000 रुपये की लूट की थी। इनके द्वारा लूट की है पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई थी जिसमें साफतौर पर लूट करते हुए नजर आ रहे थे।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी बलीराम को पहले ही गिरफ्तार कर लिया और गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लेकिन राहुल खान लगातार फरार चल रहा था। पुलिस को सूचना मिली की राहुल खान किसी घटना को अंजाम देने ग्रेटर नोएडा आ रहा है। इसको सेक्टर 150 के गोल चक्कर के नजदीक से गिरफ्तार कर लिया।

# हाईस्पीड ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे प्रधानमंत्री

### मुख्यमंत्री योगी जल्द लेंगे तैयारियों का जायजा

**पायनियर समचार सेवा।** गाजियाबाद

नगर निकाय चुनाव के तुरंत बाद गाजियाबाद में हाईस्पीड ट्रेन फर्राटा भरेगी। इसके लिए तेजी के साथ तैयारी चल रही है।

माना जा रहा है कि अगले महीने गाजियाबाद में करीब 17 किलोमीटर लंबे रूट पर हाईस्पीड ट्रेन दौड़ने लगेगी। पहले चरण में ट्रेन को दौड़ाने की तेजी के साथ तैयारी चल रही है। हाल ही में मुख्य सचिव ने भी प्रोजेक्ट का दौरा किया था, माना जा रहा है कि जल्दी ही प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी जल्दी ही इसका निरीक्षण कर सकते हैं।



सूत्रों का कहना हैकि प्लान है नगर निगम चुनाव के तुरंत बाद ही शहर हाईस्पीड ट्रेन दौड़ना शुरू हो सकती है। जानकार मानते हैं कि पहले प्लान किया गया था कि इसी महीने हाईस्पीड ट्रेन को ग्रीन सिग्नल दिया जाए।

इसके साथ ही हाईस्पीड ट्रेन दौड़ना शुरू कर देगी, मगर अब नगर निकाय चुनाव बीच में आ गए हैं। नगर निकाय चुनाव के दौरान आरआरटीएस अपना जो भी अधूरा कार्य होगा उसे पूरा कर लेगी। निकाय चुनाव जैसे ही पूरे होंगे इसके तुरंत बाद ही साहिबाबाद से दुहाई तक हाईस्पीड ट्रेन प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू हो जाएगा। इस प्रोजेक्ट को ग्रीन सिग्नल दिखाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आ सकते हैं।

# नोएडा में बढ़े कोरोना के मामले, 24 घंटे में 62 नए मरीज

### 278 सक्रिय मामले, 13 अस्पताल में भर्ती, बुखार के सभी मरीजों का होगा कोविड टेस्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में 24 घंटे में 62 नए कोरोना के मरीज सामने आए है। सक्रिय मामलों की संख्या 278 हो गई है।

वहीं 26 मरीज ठीक हुए है। मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में आगामी एक सप्ताह में संक्रमित मरीजों की संख्या 500 का आंकड़ा पार कर सकती है। 24 घंटे में 1379 जांच की गई। संक्रमित मरीजों में 13 को एड मिट किया गया है। हालांकि किसी भी मरीज की स्थिति गंभीर नहीं है। अधिकांश संक्रमितों में लक्षण काफी कम या असिम्प्टोमेटिक है।



जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि अस्पताल में आने वाले सभी बुखार के मरीजों का कोरोना टेस्ट किया जाए। साथ ही फीवर ओपीडी और हेल्प डेस्क बनाई जाए। ताकि मरीजों को परेशान नहीं होना पड़े। बढ़ते मामलों को देखते हुए नोएडा के डीएम ने एकीकृत कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 18004192211 जारी किया है। इस कंट्रोल रूम से होम आइसोलेशन मरीजों पर पूरी नजर रखी जा रही है।

यहां तेजी से बढ़ रहे कोविड केस के ओमीक्रान का सब वैरिएंट ग्ठठण्1 जिम्मेदार है। हालिया मामलों के जीनोम एनालिसिस से यह बात सामने आई है। नोएडा में अधिकांश मरीजों में ये सब वैरिएंट ही है। इसके अलावा सब वैरिएंट के मरीज भी है। तेजी से संक्रमण को फैलाना है। यदि सावधानी नहीं बरती तो ये कोरोना की नई लहर का रूप ले सकता है। सीएमओ डॉक्टर सुनील कुमार शर्मा ने लोगों से अपील की वे कोविड प्रोटोकॉल का पालन करे।

साथ ही भीड़ भाड़ वाले एरिया में न जाए। वे मास्क पहने ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके।

मेडिकल एक्सपर्ट्स के अनुसार, नए सब वैरिएंट के लक्षण काफी हद तक ओमीक्रोन के पिछले वैरिएंट्स जैसे ही हैं।

तेज बुखार, खांसी, गले में खराश, बदन दर्द, सिर में दर्द, सर्दी जैसे लक्षण आम हैं। सूंघने और टेस्ट करने की क्षमता नहीं जाती और जा भी सकती है। राहत की बात यह है कि ज्यादातर मरीज घर पर सिर्फ आराम करके ठीक हो जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार



मोबाइल लूट का आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

### मोबाइल लुटेरा गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद

**नोएडा।** थाना बिसरख पुलिस ने शातिर मोबाइल लुटेरे को गिरफ्तार किया है। इसके पास से लूटा गया मोबाइल व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर आज गौर सिटी के पास से संदीप कनौजिया को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से लूटा गया मोबाइल फोन व एक बाइक बरामद हुई। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने बताया कि बीती रात्रि उसने पैदल जा रहे एक राहगीर से मोबाइल फोन लूट लिया और फरार हो गया था। पकड़े गए। आरोपी ने मोबाइल लूट व छीनेती कि कई अन्य वारदातों को भी अंजाम देना स्वीकार किया है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

### मोदीनगर में मकान का ताला तोड़कर चोरी

**गाजियाबाद।** नगर की सक्को वाली कॉलोनी में गुरुवार रात को बदमाशों ने एक मकान का ताला तोड़कर नकदी व लाखों रुपये की कीमत के सोने चांदी के जेवरात चोरी करके ले गए। वारदात के समय पूरा परिवार एक मांगलिक समारोह में शामिल होने के लिए शहर से बाहर रिश्तेदारी में गया हुआ था। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। नगर की सक्को वाली गली कॉलोनी निवासी अमित प्रजापति परिवार सहित रहते है। अमित को शुक्रवार सुबह पड़ोसियों ने सूचना दी कि मकान का ताला टूटा पड़ा है। सूचना मिलते ही वह पूरे परिवार के साथ अपने घर पहुंचे। वह यह देखकर हक्के बक्के रह गए कि मकान का ताला टूटा पड़ा था और सारा सामान इधर उधर बिखरा हुआ था। पीड़ित ने बताया कि बुधवार रात को बदमाश मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर आए। इसके बाद उन्होने सेफ का भी ताला जोड़ा और 1.5 लाख रुपये की नकदी व लाखों की कीमत के सोने चांदी के सामान चोरी करके ले गए।

### भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा का शुभारंभ

**नोएडा।** सेक्टर-82 ईडब्लूएस पाकेट-7 में श्रीराम कथा के शुभारंभ पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। बैंड बाजों एवं ढोल नगाड़ों के साथ झूमते गाते भक्तजन कलश यात्रा में शामिल हुए। महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रखकर पूरे सेक्टर में कलश यात्रा निकाली। राम कथा हमारे सभी संशय को दूर करने करने वाली है। भगवान राम का जीवन चरित्र एवं राम कथा हमें जीवन कैसे जिया जाए उसकी प्रेरणा देती है। इस मौके पर राघवेन्द्र दुबे, रवि राघव, देवमणि शुक्ल, एन के सोलंकी, संजय पांडे, अंगद तोमर, अमितेष सिंह, सियाराम, गोरेलाल, संजय शुक्ला, हंसमणि शुक्ला, दीपक तिवारी, एसके तिवारी, राजेश गुप्ता, रमेश वर्मा, विष्णु शर्मा, बृज किशोर, हरि शंकर सिंह, सहित सैकड़ों सेक्टर वासी मौजूद रहे।

### पड़ोसी पर नाबालिग से कुकर्म का आरोप

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक गांव के कक्षा नौ के छात्र से कुकर्म करने का मामला सामने आया है। शिकायत करने पर आरोपी ने पीड़ित परिवार को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी लंबे समय से छात्र के साथ घिनौनी हरकत कर रहा था। एक गांव निवासी एक महिला परिवार के साथ रहती है। महिला के पति की काफी समय पहले मौत हो चुकी है। उनका 15 वर्षीय पुत्र कक्षा नौ का छात्र है। आरोप है कि पड़ोसी 40 वर्षीय एक व्यक्ति काफी समय से छात्र के साथ कुकर्म करता आ रहा था।

# पानी के बिल से जुड़े विवादों को जल्द हल करें : ऋतु

### बिल की राशि और प्रक्रिया को लेकर मिल रही थीं शिकायतें

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने शुक्रवार को जल विभाग की समीक्षा की। सीईओ ने पानी के बिल से जुड़े मसलों को शीघ्र हल करने के निर्देश दिए।

सीईओ ने पानी की सप्लाई से लेकर बिल देने तक की प्रक्रिया तय करने के लिए नीति बनाने के निर्देश दिए। सीईओ ने सभी आवंटियों को ऑनलाइन ही बिल भेजने के निर्देश दिए। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफसे करीब 45 हजार पानी बिल जारी किए जाते हैं। जिन आवंटियों के ई-मेल आईडी अपडेट हैं, उनको ई.मेल कर दिया जाता है। जिनके ई.मेल आईडी अपडेट नहीं हैं, उनको हार्ड कॉपी उनके पते पर भेजा जाता है।



सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने जल विभाग को निर्देश दिए हैं कि सभी आवंटियों को ऑनलाइन ही पानी के बिल उपलब्ध कराए जाएं। उनके ई.मेल और मोबाइल नंबर अपडेट कर ई-मेल और मैसेज के जरिए भेजे जाएं। सीईओ ने पानी के बिल से जुड़े विवादों को खत्म करने के लिए पॉलिसी बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए शीघ्र ही एसीईओ स्तर की समिति बनाई जा सकती है।

सीईओ की मंशा है कि पानी के बिल को लेकर किसी तरह का विवाद नहीं होना चाहिए। पॉलिसी बन जाने से सभी विवाद आसानी से सुलझ जाएंगे। गर्मी में पानी की खपत बढ़ने के मद्देनजर मेनटेनेंस के कार्यों को प्राथमिकता पर कराने और क्लोरिनेशन सिस्टम को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। बैठक में एसीईओ मेधा रूपम, ओएसडी हिमांशु वर्मा, प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम आदि मौजूद रहे।

# वैशाली और कौशांबी स्टेशन का सर्विस टैक्स नहीं देगा डीएमआरसी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

डीएमआरसी ने नगर निगम को एक और झटका दिया है। डीएमआरसी अभी तक ब्लू लाइन रूट पर बने दो स्टेशनों का सर्विस टैक्स नगर निगम को देता आ रहा था जिनमें वैशाली और कौशांबी शामिल है, लेकिन अब इन दोनों ही स्टेशनों पर लगाए गए सर्विस टैक्स को भी डीएमआरसी ने देने से इनकार कर दिया है।

डीएमआरसी का यह रूट वर्ष 2010 में चालू हो गया था, तब से लेकर अभी तक नगर निगम को वैशाली और कौशांबी स्टेशन का सर्विस टैक्स मिल रहा था। इस तरह से डीएमआरसी के गाजियाबाद में 11 स्टेशन हैं जिन से सर्विस टैक्स नहीं आ रहा है। नगर निगम का इन सभी सर्विस स्टेशनों पर करीब 56 करोड़ रुपया बकाया है।

यह कहा जा सकता है कि अभी तक नगर निगम और डीएमआरसी के बीच दिलशाद गार्डन से लेकर नया गाजियाबाद बस अड्डे तक नौ स्टेशन बनाये गए हैं जिनका सर्विस टैक्स भी पहले से नहीं दिया जा रहा है। इसी को लेकर विवाद चल रहा है।

# निर्माणाधीन नाले में गिरकर बच्चे की मौत

### ठेकेदार के खिलाफ लोगों का हंगामा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा की सूरजपुर कोतवाली इलाके में स्थित बेगमपुर गांव में एक निर्माणाधीन नाले में गिरकर 7 साल के बच्चे की मौत हो गई।

बच्चे की मौत के बाद लोगों ने प्राधिकरण और ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कर बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है। सात साल का सद्दाम अपने परिवार के साथ बेगमपुर गांव में रहता था। उसके पिता ऑटो चलाते हैं। देर शाम जब सद्दाम अपने तीन दोस्तों के साथ क्रिकेट खेल रहा था। उसी दौरान बॉल पास में ही नोएडा प्राधिकरण द्वारा बनाये जा रहे निर्माणाधीन नाले की तरफ चली गई।

बॉल के पीछे दौड़ रहा सद्दाम नाले में गिर गया। 12 फीट गहरे नाले में पानी भरा हुआ था, जिसमें वह डूबने लगा। यह देख उसके साथियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। आसपास से लोग वहां पहुंचे और उसको बाहर निकाला। उसे बचाने के लिए प्रयास किया और सद्दाम को शारदा हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने फेफड़ों में पानी भर जाने के कारण उसकी इसकी मृत्यु की घोषणा कर दी।

सद्दाम की मौत की खबर फैलते बेगमपुर गांव के लोग इकट्ठा हो गये और हंगामा करना शुरू कर दिया। इस घटना की सूचना मिलते ही सूरजपुर कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई।

थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि शव कापुर पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की शिकायत पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बकायेदारों के ऑफिस व आवास पर मुनादी शुरू

**नोएडा।** रेरा की वसूली को लेकर डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में बकायेदारों के ऑफिस एवं आवास पर मुनादी कराई गई।

जनपद गौतमबुद्धनगर में बिल्डरों से उत्तर प्रदेश भू संपदा विनियामक प्राधिकरण रेरा की बकाया राशि को वसूल करने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा 40 टीमों का गठन किया गया है। जिला सूचना अधिकारी राकेश चौहान ने बताया कि मुनादी के माध्यम से बकायेदारों को सचेत किया जा रहा है कि यदि 24 घंटे के अंदर उनके द्वारा बकाया धनराशि अदा नहीं की गई तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाले तीन आरोपी। साथ में पुलिसकर्मी।

# नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर भारी वाहनों पर रोक

### 15 दिनों तक किया जाएगा ट्रायल, पुलिस ने किया रूट डायवर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार को भारी वाहनों पर रोक रही। सुबह सात से रात 11 बजे भारी और मध्यम वर्ग के माल वाहक वाहनों को पूर्ण प्रतिबंध करने की तैयारी की गई।

इसके लिए यातायात पुलिस ने लोगों को जाम से बचाने के लिए ट्रायल के तौर पर नो एंट्री व्यवस्था में संशोधन किया। इसके तहत 10 से 15 दिनों तक नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे और परी चौक पर भारी और मध्यम माल वाहक वाहनों के रूट में डायवर्जन किया जाएगा।




ये एक पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर रहेगा। ट्रायल के दौरान सुगम यातायात बनाए, दबाव के बिंदू और ड्यूटी वगैरह का मूल्यांकन किया जायेगा। साथ ही सभी स्टेक होल्डर से बातचीत भी की जायेगी। यमुना एक्सप्रेस वे होकर नोएडा ग्रेटर एक्सप्रेस वे होकर दिल्ली, गाजियाबाद जाने वाले भारी मध्यम माल वाहक वाहन को हिंडन कट से सर्विस रोड उतार कर डबल रोड से नोएडा की ओर वाया सेक्टर 151, 168, 135, 128, 126 होकर भेजा जाएगा, जो नो एंट्री टाइम में उपयुक्त स्थान पर रुक कर गंतव्य को जाएंगे। यमुना एक्सप्रेस वे से होकर परी चौक की ओर जाने वाले भारी मध्यम माल वाहक वाहन गल गोटिया कट से एक्सपो मार्ट गोल चक्कर, शारदा गोल चक्कर से एलजी गोल चक्कर होकर 130 मीटर रोड से गाजियाबाद, दिल्ली की ओर जा सकेंगे।

कस्बा कासना, गौतम बुध यूनिवर्सिटी की ओर से आकर परी चौक होकर जाने वाले भारी/मध्यम माल वाहक वाहन होंडा सीएल चौक से 130 मीटर रोड की ओर जाकर गंतव्य को जा सकेंगे। होंडा सीएल चौक से परी चौक, सूरजपुर की ओर भारी/मध्यम माल वाहक वाहनों का आगमन प्रातः 7;00 बजे से रात्रि 22;00 बजे तक पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाएगा।

# गौतमबुद्धनगर के रास्ते बिहार पहुंचाई जा रही अवैध शराब

### तस्कर के आरोप में तीन गिरफ्तार

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा

एंटी नारकोटिक्स सेल एवं थाना दादरी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय शराब तस्कर गिरोह के 3 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से करीब 10 लाख रुपये मूल्य की 180 पेटी शराब बरामद हुई है। पकड़े गए आरोपी वोल्वो बस के जरिए हरियाणा, चंडीगढ़ से शराब की तस्करी कर बिहार पहुंचाते थे।

एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल के प्रभारी पवन कुमार को सूचना मिली कि ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस.वे के रास्ते शराब की एक बड़ी खेप दादरी क्षेत्र से गुजरने वाली है। सूचना के आधार पर एंटी नारकोटिक्स सेल तथा दादरी थाना प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने पुलिस बल के साथ मुखबिर की सूचना के आधार पर एक वोल्वो बस को जांच के लिए रोका। बस की तलाशी लेने पर उसके केबिन में छुपाकर रखी गई 180 पेटी बरामद हुई। पुलिस टीम ने शराब ला रहे अब्दुल्ला, सलीम व साबिर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ी गई शराब की कीमत करीब 10 लाख रुपये है। एडीसीपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह हरियाणा, से सस्ती शराब खरीदकर उसे वोल्वो बस के जरिए बिहार लेकर जाते हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# किताबें व ड्रेस के नाम पर वसूली बंद हो : सरकार

## शिक्षा मंत्री ने निजी स्कूलों को दी चेतावनी, निर्देशों का उल्लंघन करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



विशेष दुकानों से महंगी किताबें और स्कूल ड्रेस खरीदने का दबाव बनाने वाले निजी स्कूलों पर शिकंजा कसेगा। केजरीवाल सरकार ने निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों को खास दुकान या वेंडर से महंगे दाम पर बच्चों की किताबें और ड्रेस खरीदने के मुद्दे का संज्ञान लिया।

शिक्षा मंत्री आतिशी ने इस बाबत शिक्षा निदेशक को ऐसे स्कूलों के खिलाफ सख्त कारवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश देते हुए कहा है कि कोई भी निजी स्कूल जो शिक्षा निदेशालय द्वारा किताबें व स्कूल ड्रेस को लेकर जारी गाइडलाइन्स की अवहेलना कर रहा है उसे बख्शा नहीं जाए। शिक्षा मंत्री ने अपने निर्देश में स्पष्ट कहा कि या तो प्राइवेट स्कूल माता-पिता को विशिष्ट विक्रेताओं से पाठ्य सामग्री खरीदने के लिए मजबूर करना बंद करें या फिर कानूनी कार्यवाही का सामना करने को तैयार रहे।

पिछले कुछ दिनों से शिक्षा मंत्री को लगातार शिकायतें मिल रही थी कि निजी स्कूलों द्वारा माता-पिता को खास दुकानों या वेंडरों से महंगी किताबें और स्कूल ड्रेस खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। स्कूल इस बाबत पिछले साल जारी शिक्षा विभाग के दिशा-निदेर्शों का पालन नहीं कर रहे है। पिछले दिनों इस मुद्दे को लेकर कुछ अभिभावकों ने भी शिक्षा मंत्री से मुलाकात उन्हें अपनी समस्या से अवगत करवाया।

इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए शिक्षा मंत्री आतिशी ने शिक्षा निदेशालय को एक आदेश जारी करते हुए कहा है कि ऊँची कीमतों पर स्कूल ड्रेस व किताबें खरीदने को बाध्य करने वाले स्कूलों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने शिक्षा निदेशालय को निर्देश दिए कि 17 मार्च 2023 को जारी किए निर्देशों का सख्ती से पालन हो और शिकायत मिलनी पर स्कूलों को तुरंत कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। शिक्षा निदेशालय के गाइडलाइन्स के तहत निजी स्कूलों को नए सत्र में प्रयोग में आने वाले किताबों व अन्य पाठ्य सामग्री की कक्षावार सूची नियमानुसार स्कूल की वेबसाइट और परिसर में विशिष्ट स्थानों पर पहले से ही प्रदर्शित करनी होती है ताकि अभिभावकों को इसके बारे में जागरूक किया जा सके। इसके अलावा स्कूल को अपनी वेबसाइट पर स्कूल के नजदीक कम से कम 5 दुकानों का पता और टेलीफोन नंबर भी प्रदर्शित करना होता है।

### सरकार की लापरवाही से अभिभावकों का शोषण : भाजपा

**नई दिल्ली।** नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी का कहना है कि दिल्ली सरकार की मिलीभगत और लापरवाही के कारण राजधानी के अभिभावकों का शोषण हो रहा है। इस साल स्कूलों ने बिना अनुमति के ही फीस बढ़ा दी, ईडब्ल्यूएस कोटे के बच्चों का दाखिला करने से इनकार कर दिया। खास प्रकाशकों की पुस्तकें कोर्स में लगा दीं और किताबें व कापियों की बिक्री में भी मोटा मुनाफा कमाया जा रहा है। दिल्ली सरकार ऐसे स्कूलों की मान्यता रद्द कर सकती है लेकिन सरकार ने शिकायत मिलन के बाद भी कोई कदम नहीं उठाया।



गुड फ्राइडे पर भगवान यीशु को चर्च में याद कर प्रार्थना करते ईसाई समुदाय के लोग। फोटो: रंजन डिमरी

# लोन दिलाने वाले फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा, 18 कर्मचारी गिरफ्तार

● मामले का मुख्य आरोपी और उसके साथी फरार है : पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पुलिस ने एक वित्तीय कंपनी की आड़ में चीनी ऐप के जरिए कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराने का झांसा देकर लोगों को ठगने के आरोप में ईस्ट ऑफ कैलाश स्थित कॉल सेंटर के 18 कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपी पहले चीनी मोबाइल ऋण एप्लिकेशन डायोलेस के जरिए लोगों को बहुत कम ब्याज दरों पर अल्पकालिक ऋण की पेशकश करते थे और इसके माध्यम से राशि स्थानांतरित करने के बाद दरों में वृद्धि करते थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऋण लेने वाले लोगों को अत्यधिक ब्याज दरों पर ऋण चुकाने के लिए मजबूर किया जाता था और ऋण चुकाने के बाद भी, उन्हें धमकी देकर उनसे और अधिक धनाशि की मांग की जाती थी।

आरोपी लोगों को धमकी देते थे कि वे उनकी नकली तस्वीरों को ऑनलाइन पोस्ट कर उन्हें बदनाम कर देंगे। महिलाओं समेत कॉल सेंटर के 17 कर्मचारियों को हिरासत में ले लिया गया है जबकि उनके सहयोगी अमित को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुख्य आरोपी मोहसिन खान और उसके साथी अभी फरार हैं। पुलिस उन्हें पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चला रही है। पुलिस इन लोगों के पास से 54 कंप्यूटर सिस्टम, 19 मोबाइल फोन, दो इंटरनेट राउटर और कई सिम कार्ड संचालित करने के लिए एक सर्वर भी बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



कम्प्यूटर व अन्य सामान के साथ सभी आरोपी।

### विदेश में नौकरी का झांसा, तीन ठग धरे

**नई दिल्ली।** तुर्की और इथियोपिया की प्रमुख विदेशी कंपनियों में मोटी तनख्वाह पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 100 से अधिक लोगों को ठगने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान सोहेल निजाम, अफरोज आलम और परवेज आलम के रूप में हुई है। ये लोग एआर इंटरप्राइजेज के नाम से फर्जी कंपनी बनाकर इस अपराध का रास्ता चुना। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने सोशल मीडिया पर फर्म का विज्ञापन किया और एक फर्जी वेबसाइट बनाई, जहां उन्होंने विदेशी नौकरियों के लिए भर्ती विज्ञापन दिए। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने बताय कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी वेबसाइट पर तुर्की और इथियोपिया में प्रमुख विदेशी फर्मों में मोटी तनख्वाह वाली नौकरियों के बारे में नकली विवरण पोस्ट किए और लोगों से धनराशि का भुगतान करने के बदले उन्हें व्हाट्सएप के माध्यम से फर्जी नौकरी के प्रस्ताव पत्र भेजे। आरोपियों ने लोगों के पासपोर्ट भी अपने पास रख लिए।

### आप का दावा- स्कूल गिराने को योजना बना रही भाजपा

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शुक्रवार को दावा किया कि भाजपा दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर अपने नए केंद्रीय कार्यालय के निकट एक सरकारी स्कूल को तोड़कर उस पर कब्जा करने जा रही है।

सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा के नए केंद्रीय कार्यालय का पास के एक सरकारी स्कूल पर अतिक्रमण है और पार्टी अब उस पर बुलडोजर चलाने की योजना बना रही है। संजय सिंह ने दावा किया, भाजपा के नए कार्यालय के ठीक बगल में एक सरकारी स्कूल को गिराया जा रहा है, क्योंकि पार्टी जमीन पर कब्जा करना चाहती है। पहले, उन्होंने स्कूल पर कब्जा करके एक पार्टी कार्यालय बनाया और अब, वे उस पर बुलडोजर चलाने की योजना बना रहे हैं।

# कोरोना के 7 माह में सबसे ज्यादा 733 केस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● इससे पहले बीते साल 26 अगस्त को संक्रमण के मिले थे 620 मरीज



कोरोना के मामले प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। शहर में शुक्रवार को सात महीने में सबसे ज्यादा 733 नए मरीज सामने आए हैं। सकारात्मकता दर भी बढ़कर 19.93 पहुंच गई है। इससे पहले बीते साल 26 अगस्त को महामारी के 620 मरीज मिले थे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के मुताबिक दो लोगों की संक्रमण के चलते मौत हुई है।

दिल्ली में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच सरकार ने कहा है कि वह स्थिति पर नजर बनाए हुए है। पिछले सप्ताह कोविड की स्थिति पर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि अभी चिंता की कोई बात नहीं है और सरकार सभी आवश्यक कदम उठा रही है।

दिल्ली में कोरोना के मामलों में वृद्धि के बीच विशेषज्ञों ने कहा कि नया एक्सबीबी.1.16 स्वरूप इस बढ़ोतरी के लिए जिम्मेदार है। हालांकि उन्होंने कहा है कि लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है और वह कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन करे। दिल्ली में पिछले एक सप्ताह में कोरोना वायरस संक्रमण के लगभग 3800 मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि इसी अवधि में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 121 फीसदी से अधिक का इजाफा हुआ है। राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को 606 मामले सामने आए, जो 16.98 फीसदी की संक्रमण दर के साथ पिछले सात महीनों में सबसे अधिक हैं। शहर में 26 अगस्त को 620 मामले दर्ज किए गए थे। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक, शहर में बृहस्पतिवार को कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 2,060 रही।

### सार्वजनिक शौचालय से 50 लीटर तेजाब जब्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने औचक निरीक्षण के दौरान जीबी पंत अस्पताल के सामने एक सार्वजनिक शौचालय में खुले में पड़ा 50 लीटर तेजाब देखकर भड़क गई।

उन्होंने पुलिस को मौके पर बुलाकर तेजाब जब्त कराया। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों को समन जारी कर मामले में रिपोर्ट मांगी है। साथ ही सार्वजनिक शौचालयों की सफाई के लिए तेजाब के इस्तेमाल के कारणों के साथ-साथ सार्वजनिक शौचालयों में तेजाब के इस्तेमाल के लिए अधिकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई के बारे में भी पूछा है। मालीवाल ने अधिकारियों को विस्तृत रिपोर्ट के साथ 11 अप्रैल को आयोग के समक्ष पेश होने को कहा है।

# विफलताओं को छुपाने के लिए कोर्ट को गुमराह रहे सीएम: उपराज्यपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● मुख्य सचिव अदालत को गुमराह करने और झूठे बयानों के खिलाफ एक हलफनामा उच्च न्यायालय में करें दाखिल



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली सरकार में तनातनी फिर बढ़ा गई है। इस बार एलजी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। उन्होंने सीएम और उनकी सरकार द्वारा अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए बार-बार उच्च न्यायालय में झूठे बयान देने के लिए आलोचना की है। एलजी ने इस बात को भी गंभीरता से लिया है जिसमें केजरीवाल सरकार ने विकलांग बच्चों के लिए विशेष स्कूलों के स्थानांतरण मामले में उच्च न्यायालय में लगातार तथ्यों को छुपाया गया।

उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी के अनुसार आम आदमी पार्टी की सरकार ने दो बार 18 नंवबर 2022 और 17 फरवरी 2023 को हाई कोर्ट को यह कहकर गुमराह किया कि इस मामले से संबंधित फाइल एलजी के पास लंबित है जबकि सच्चाई यह थी कि आप सरकार ने इस फाइल को अनावश्यक रूप से खुद ही लंबित रखा था। सच्चाई यह है कि इस फाइल को जानबूझकर सरकार और उसके मंत्री स्तर पर महीनों तक लंबित रखा गया।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वर्णप्राशन से आती है बेहतर इमयूनिटी: डॉ. पराशर



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद) डॉक्टर आरपी पाराशर के अनुसार, लखनऊ स्थित सेंटर ऑफ बायोमेडिकल रिसर्च में स्वर्णप्राशन पर किए गए शोध के फलस्वरूप इस दवा के गुणों की पुष्टि तो हुई ही है, साथ ही यह भी स्पष्ट हुआ है कि इसके प्रयोग से किसी भी तरह का कोई दुष्प्रभाव शरीर पर नहीं पाया गया। स्वर्णप्राशन के प्रयोग से इम्यून सेल्स और टी सेल्स की संख्या में वृद्धि होती है। कोरोना काल में देश दुनिया ने यह स्वीकार किया की प्रतिरोधक क्षमता और मजबूत शरीर ही स्वास्थ्य का आधार हैं। स्वर्णप्राशन से बच्चों में शुरू से ही बेहतर इम्यूनिटी विकसित होती है। दूसरी ओर पंचकर्म पद्धति से समय-समय पर शरीर का डिटॉक्सिफिकेशन (निर्विषीकरण) और प्यूरिफिकेशन (शुद्धिकरण) होता है जिससे शरीर लगातार मजबूत बना रहता है। कोरोना और इन्फ्लूएंजा वायरस की संरचना में बार-बार म्यूटेशन होने के अलावा अन्य वायरल और बैक्टीरियल रोगों की चुनौतियों से मुकाबला करने के लिए भविष्य में स्वर्णप्राशन और पंचकर्म स्वास्थ्य की नींव सिद्ध होंगे।

### वकीलों की सुरक्षा के लिए हाईकोर्ट में याचिका




**नई दिल्ली।** इस महीने की शुरुआत में एक अधिवक्ता की हत्या के मद्देनजर दो वकीलों ने दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख कर केंद्र और दिल्ली सरकार को कानूनी पेशेवरों की सुरक्षा के लिए कानून बनाने के संबंध में निर्देश देने का अनुरोध किया है। वकील दीपा जोसेफ और अल्फा फिरिस दयाल ने अपनी याचिका में कहा है कि अदालत परिसर के अंदर हिंसा की घटनाओं में खतरनाक वृद्धि हुई है और अब समय आ गया है कि वकील सुरक्षा कानून लागू करने के लिए फैसला किया जाए, ताकि कानून बिरादरी को सुरक्षा की गारंटी देने और उनके मन में बैठे डर को दूर करने में मदद मिले। वकील रॉबिन राजू के माध्यम से दायर याचिका में याचिकाकर्ताओं ने कहा कि राजस्थान पहले ही एक कानून पारित कर चुका है, जो ऐसे वकील को पुलिस सुरक्षा प्रदान करता है, जिस पर हमला किया गया हो या जिसे धमकी मिली हो, साथ ही अपराधी के लिए सजा भी निर्धारित की गई है।

### दिल्ली के कारोबारी से चोरी करोड़ों की रकम पकड़ी

**नई दिल्ली/गुमला।** झारखंड के गुमला जिले में पुलिस ने 22 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से दिल्ली में एक कारोबारी से कथित रूप से चुराई गई करीब 6.54 करोड़ रुपए की नकदी बरामद की है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह नकदी दिल्ली के करोलबाग इलाके में सोना व्यापारी के पास से चुराई गई थी। गुमला के पुलिस अधीक्षक (एसपी) एहतेशाम वकारिब ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने एक बस को रोका और बस से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया। एसपी ने बताया कि जांच के दौरान ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में डालटनगंज से राउरकेला जा रही बस के सामान रखने वाले कंपार्टमेंट में पांच बैग में पैसे रखे मिले थे। हालांकि, दिल्ली के कारोबारी का एक कर्मचारी सहित उसके दो साथी भाग गए।

### जेएनयू में फिर मेस टॉक कल्चर शुरू

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) जेएनयू के कार्यकर्त्ताओं ने जेएनयू में मेस टॉक कल्चर को फिरर से स्थापित किया, जो कोविड-19 महामारी के दौरान लॉकडाउन के बाद समाप्त हो गया था। एबीवीपी जेएनयू ने भारत की मूल स्थिति को पुनः प्राप्त करना और भारत को तोड़ने वाली ताकतें विषय पर एक जनसंवाद करवाया, जिसके मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी थे। उनकी उपस्थिति से ही छात्रों में उत्साह की लहर दौड़ पड़ी। अपने पुराने दिनों को याद करते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि छात्र जीवन के बाद उन्हें पहली बार मेस में आने का सौभाग्य मिला है। वर्तमान में भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ा अर्थव्यवस्था है, ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में चाइना के बाद भारत दूसरा सबसे बड़ा निर्माता है। इन्वेस्टमेंट के मामले में भारत ने अमेरिका को पछाड़कर विश्व में पहला पायदान हासिल कर लिया है।

# मवेशियों को न खाने दें कचरा : हाई कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी की सरकार से कहा कि वह नागरिकों के लिए शुद्ध और स्वास्थ्यकर दूध की आपूर्ति सुनिश्चित करे। साथ ही, यह भी सुनिश्चित करे कि मवेशी चारे के बजाय कचरा न खाएं, क्योंकि इसका दूध की गुणवत्ता और उसका सेवन करने वालों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

मुख्य न्यायाधीश सतीश चन्द्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने एक महिला वकील की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए पिछले महीने उक्त आदेश पारित किया। अर्जी में अदालत से अनुरोध किया गया था कि वह दिल्लीवासियों के लिए शुद्ध दूध की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश प्रशासन को दे।

दिल्ली सरकार के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि शहर के निवासियों को शुद्ध दूध मुहैया कराने के लिए समुचित प्रयास किए जा रहे हैं। अगर याचिकाकर्ता अपनी समस्याओं की शिकायत प्रशसान से करती हैं तो इसे कानून के अनुरूप माना जाएगा। अदालत ने कहा कि सरकार के रुख के मद्देनजर इस मामले में आगे कोई आदेश पारित करने की जरूरत नहीं है।

### कुतुब परिसर मस्जिद मामले में समय से पहले सुनवाई नहीं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है, जिसमें उसने एक मस्जिद में नमाज रोकने के खिलाफ दिल्ली वक्फ बोर्ड की प्रबंध समिति की अर्जी की सुनवाई समय से पहले करने से इनकार कर दिया था।

मुगल मस्जिद में नमाज रोकने के पुरातत्व सर्वेक्षण के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में अर्जी दायर की गई है। न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ वकील एम सूफियान सिद्दीकी के माध्यम से बोर्ड की प्रबंध समिति द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया।

# प्रधानमंत्री शिक्षा का महत्व नहीं समझते : सिसोदिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● तिहाड़ से सिसोदिया का देश के नाम पत्र, भाजपा ने किया पलटवार

तिहाड़ जेल में बंद पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने देश वासियों को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री शिक्षा का महत्व नहीं समझते।

वहीं भाजपा ने सिसोदिया के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार में डूबे होने के बाद वह अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता खो चुके हैं और पत्र लिखकर सुर्खियों में बने रहने की कोशिश कर रहे थे।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सिसोदिया का पत्र ट्विटर पर साझा करते हुए लिखा, सिसोदिया ने जेल से देश के नाम चिट्ठी लिखी है। वहीं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विजेंद्र सचदेवा ने सिसोदिया पर पलटवार करते हुए कहा, दूसरों की शैक्षणिक योग्यताएं पूछने से पहले, सिसोदिया अपनी शैक्षणिक योग्यता बताएं।

सचदेवा ने दावा किया कि सिसोदिया के शिक्षा मंत्री होने के दौरान सरकारी स्कूलों के छात्रों के प्रदर्शन में गिरावट आई। वहीं आप सरकार गिरते रिजल्ट पर कोई संज्ञान नहीं ले रही है।

### महामारी के दौरान रिहा कैदी लौटे तिहाड़ जेल

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के दौरान आपातकालीन जमानत या पैरोल पर रिहा किए गए कैदियों को आत्मसमर्पण करने संबंधी उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद शुक्रवार को यहां तिहाड़ जेल के बाहर प्राधिकारियों के समक्ष इसके लिए कतार लगी रही।

कीर्ति नगर में हत्या के मामले में गिरफ्तार किए गए अपने दो भाइयों को जेल छोड़ने आए बजरंग सैनी ने कहा कि मेरे भाइयों को हत्या के मामले में पांच साल पहले गिरफ्तार किया गया था। वे 2021 में जेल से बाहर आए थे। सैनी ने कहा कि उम्मीद है कि निकट भविष्य में निपटारा हो जाएगा और वे अपनी जिंदगी नए सिरे से शुरू कर पाएंगे।

# नजफगढ़-सप्लीमेंट्री व शाहदरा ड्रेन का दूषित पानी होगा शोधित

● जल मंत्री सौरभ भारद्वाज ने यमुना की सफाई को लेकर तैयार किया एक्शन प्लान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



यमुना को प्रदूषण मुक्त करने के लिए नजफगढ़-सप्लीमेंट्री और शाहदरा ड्रेन को अलग-अलग जोन बनाकर दूषित पानी को शोधित होगा।

जल मंत्री सौरभ भारद्वाज ने यमुना की सफाई को लेकर 5 प्वाइंट एक्शन प्लान तैयार किया है। केजरीवाल सरकार यमुना नदी को वर्ष 2025 तक साफ करने को लेकर युद्धस्तर पर काम कर रही है। दिल्ली सरकार के अनुसार, किसी भी बड़ी नदी को साफ करने के लिए उसके नालों और सहायक नदियों को साफ करना जरूरी है।

जल मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मुख्य नालों की सफाई और यमुना में शोधित जल पहुंचाने के उद्देश्य से 5 प्वाइंट एक्शन प्लान बनाया है, जिसके तहत नजफगढ़, सप्लीमेंट्री और शाहदरा ड्रेन में 9-10 अलग-अलग जगहों पर वेस्टवॉटर ट्रीटमेंट्स जोन बनाए जाएंगे। इन जोन में ड्रेन की सफाई के लिए, इन-सीटू ट्रीटमेंट विधि के साथ-साथ फ्लोटिंग बूम, वियर्स (पानी रोकने के लिये छोटे बांध), एरिएशन डिवाइसिज, फ्लोटिंग वैटलेंड लगाए जाएंगे। इसके अलावा वेस्टवॉटर में मौजूद फॉस्फेट को कम करने के लिए केमिकल डोजिंग की जाएगी।

सौरभ भारद्वाज ने बताया कि केजरीवाल सरकार नालों के जरिये यमुना के प्रदूषित होने की समस्या के समाधान पर लगातार काम कर रही है। नालों के पानी की गुणवत्ता में सुधार की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। यमुना की सफाई के लिए चल रही गतिविधियों के अनुरूप, सबसे बड़े प्रदूषकों, यानी नजफगढ़, सप्लीमेंट्री और शाहदरा ड्रेन के पानी को ट्रीट करने के लिए अहम पहल शुरू कर रही हैं। हालांकि, पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर पिछले साल इन तीनों ड्रेन में अलग- अलग जगहों पर वियर्स बनाए थे। इसके बेहतर रिजल्ट को देखते हुए यमुना में प्रदूषकों की मात्रा को कम करने के लिए अलग-अलग जोन के आधार पर वेस्टवॉटर को विभिन्न प्रोसेस के माध्यम से ट्रीट करने का फैसला लिया है। यमुना को प्रदूषित करने वाले नालों की सफाई होते ही यमुना अपने आप साफ होने लगेगी। अलग-अलग जोन में नालों की सफाई के लिए फ्लोटिंग बूम लगाए जाएगें, ताकि प्लास्टिक वेस्ट को एक जगह इकट्ठा करके निकाल सके। इसके अलावा इन-सीटू ट्रीटमेंट विधि, जिसमें पानी को किसी अन्य जगह न लेजाकर उसी जगह पर ही साफ़ किया जाता है, के द्वारा पानी को स्वच्छ बनाने का काम किया जाएगा। इससे नाले में से प्लास्टिक को इकट्ठा करना आसान होगा।

### हर जोन में प्लोटिंग वेटलैंड बनायें जाएंगे

जो पानी में घुली गंदगी को सोख लेगें। ये कम लागत वाले बैम्बू के बनाए जाएंगे, जो बहुत सालों तक चलते है। इसके अंदर वैटलेंड पौधे लगाए जाएंगे, जो पानी को साफ करने में मदद करेंगे। वहीं, ड्रेन के जोन में केमिकल डोजिंग की जाएगी। ये वेस्ट वॉटर से फॉस्फेट को कम करने में मदद करेगा। दरअसल, फॉस्फेट एक मेजर पोल्यूटेंट्स है, जिसकी वजह से यमुना में झाग बनता है। केमिकल डोजिंग के जरिए फॉस्फेट कम होगा और यमुना तक साफ पानी पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेगा।

# सीएम ने गुरुग्राम में 32 करोड़ की दो महत्वपूर्ण परियोजनाएं जनता को सौंपी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने शुक्रवार को जिले में 32 करोड़ रुपए की लागत से तैयार दो महत्वपूर्ण परियोजनाएं जनता को समर्पित की। इसेमं बसई चौक से द्वारका एक्सप्रेसवे तक रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) तथा सिकंदरपुर जल निकाय के कायाकल्प एवं सौंदर्यीकरण शामिल हैं। इन परियोजनाओं के धरातल पर साकार होने से गुरुग्राम जिला में ढांचागत तंत्र को विस्तार मिला है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि बसई में नवनिर्मित रेलवे ओवर ब्रिज, आने वाले समय में हीरो-होंडा चौक से द्वारका एक्सप्रेसवे और आसपास के सेक्टर्स में रहने वाले लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा साथ ही गुरूग्राम-झज्जर मार्ग पर पुराने आरओबी पर यातायात के


गुरुग्राम के बसई से द्वारका एक्सप्रेस-वे तक कनेक्टिविटी के लिए बनाए गए आरओबी का उद्घाटन करने के बाद जानकारी लेते सीएम मनोहर लाल।

दबाव को कम करेगा। गुरुग्राम में करीब 114 करोड़ रुपये की लागत से उमंग भारद्वाज चौक से नॉर्दर्न पेरिफेरल रोड (एनपीआर) को जोड़ने वाले प्रोजेक्ट का हिस्सा इस फोर लेन आरओबी की लंबाई 910 मीटर है और इसके निर्माण पर 23 करोड़ रुपए की लागत आई है। इससे पहले भी मुख्यमंत्री ने इसी प्रोजेक्ट के तहत बीते वर्ष नवंबर माह में बसई चौक पर 820 मीटर लंबाई और छह लेन वाले फ्लाईओवर और फुट-ओवर-ब्रिज का भी उद्घाटन किया था। गुरुग्राम में नागरिकों के जीवन में सुगमता लाने के लिए हरियाणा सरकार ने ढांचागत सुविधाओं के विस्तार में सराहनीय कार्य किया है।

**सिकंदरपुर वॉटर बॉडी और वाटर शेड का इको-रेस्टोरेशन :** मुख्यमंत्री ने सिकंदरपुर के समीप 90 एकड़ क्षेत्र में विकसित जल निकाय के कायाकल्प व सौंदर्यकरण से जुड़ी परियोजना का भी शुभारंभ किया। इस जल निकाय क्षेत्र को बहाल करने के लिए अप्रैल 2019 में जीएमडीए और गैर सरकारी संस्था आईएम गुड़गांव के बीच एक एमओयू हुआ था।

इस जल निकाय के कायाकल्प पर 9.1 करोड़ रुपये की लागत आई। जिससे शहरों में व्यापक हरित रणनीति के तहत वन क्षेत्र को बढ़ावा मिला और पुराने जल निकाय को पुनजीर्वित किया गया। इस परियोजना को धरातल पर साकार करने में अनेक निजी संगठनों ने सीएसआर फंड से वित्तीय मदद प्रदान की। मुख्यमंत्री ने सीएसआर फंड के जरिए इस परियोजना को धरातल पर साकार करने वाले कॉरपोरेट समूहों व आई एम गुड़गांव संस्था को बधाई दी।


शुक्रवार शाम को सिकंदरपुर जल निकाय के कायाकल्प और सौंदर्यीकरण के साथ वन क्षेत्र में विस्तार कार्य का शुभारंभ करने पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

करीब 90 एकड़ में फैले सिकंदरपुर जलाशय और वाटरशेड क्षेत्र के पर्यावरण-पुनर्स्थापना का मुख्य उद्देश्य गुरुग्राम के निवासियों को स्वच्छ और हरित वातावरण उपलब्ध कराना है। इस क्षेत्र में देसी प्रजातियों के वृक्षारोपण के माध्यम से शहर के शहरी हरित आवरण को बढ़ाना है।

**मुख्यमंत्री ने सुनाया मनुष्य तू बड़ा महान गीत:** मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम शहर की दो महत्वपूर्ण योजनाओं को धरातल पर साकार होते देखने के अवसर पर-मनुष्य तू बड़ा महान है गीत के बोल से अपना सम्बोधन आरम्भ किया। उन्होंने मंच से गीत के बोल गुनगुनाते हुए कहा-मनुष्य तू बड़ा महान है, भूल मत, हां मनुष्य तू बड़ा महान है। धरती की शान, तू भारत की संतान।

तेरी मुट्ठियों में, बंद तूफान है रे, मनुष्य तू बड़ा महान है, भूल मत, हां मनुष्य तू बड़ा महान है। तू जो चाहे पर्वत, पहाड़ों को फोड़ दे, तू जो चाहे नदियों के, रुख को भी मोड़ दे। तू जो चाहे माटी से, अमृत निचोड़ दे, तू जो चाहे धरती को, अंबर से जोड़ दे। अमर तेरे प्राण, मिला तुझको वरदान तेरी आत्मा में। तेरी आत्मा में, स्वयं भगवान है, रे। मनुष्य तू बड़ा महान है। मुख्यमंत्री द्वारा सुनाए इस गीत पर जमकर तालियां बजी।

# राजकीय महाविद्यालय फरुखनगर के विद्यार्थियों को अब नहीं होगी परेशानी

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**भाजपा** किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विरेंद्र यादव ने राजकीय महाविद्यालय फरुखनगर में नवनिर्मित भवन का उद्घाटन कर इसी सत्र में सभी क्लास कालेज परिसर में शुरू कराने के लिए उच्च शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा से मुलाकात की। विरेन्द्र यादव चेयरमैन ने शिक्षा मंत्री को बताया कि उस समय राव नरबीर सिंह बादशाहपुर से विधायक और हरियाणा सरकार में मंत्री थे।

फरुखनगर हल्के के लोगों ने मंत्री से फरुखनगर में कालेज की मांग रखी। राव नरबीर सिंह ने हल्के की इस मांग रखते हुए 26 दिसंबर 2017 को


फरूखनगर के कालेज में इस सत्र से कक्षाएं लगाने को लेकर शिक्षा मंत्री को मांग पत्र सौंपते विरेंद्र यादव।

मनोहर लाल मुख्यमंत्री से फरुखनगर में कालेज की घोषणा कराई। राव नरबीर सिंह मंत्री के प्रयास से उसी समय कालेज में क्लास भी लगनी शुरू हो गई थी। 19 नवम्बर 2018 में मुख्यमंत्री और राव नरबीर सिंह पूर्व मंत्री द्वारा सुल्तानपुर गांव में राजकीय महाविद्यालय फरूखनगर की बिल्डिंग निर्माण का शिलान्यास किया गया था, जो भवन आज बनकर तैयार है। हरियाणा सरकार इस बिल्डिंग को टेकओवर करके इस का विधिवत उद्घाटन करके शिक्षा विभाग को सौंप दें और सभी क्लास कॉलेज परिसर में ही शुरू कराए ताकि कालेज में पढ़ने वाले बच्चों को अलग-अलग स्थानों पर लगने वाली क्लास में बैठना ना पड़े। शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया कि फरुखनगर में नवनिर्मित कॉलेज भवन का उद्घाटन जल्द ही कर दिया जायेगा।

# पर्यावरण संरक्षण विभाग कार्यकारिणी में सदस्य बने विनोद कपूर, आरपी सिंह चौहान

## विभाग प्रमुख नवीन गोयल ने की संगठनात्मक नियुक्तियां

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश प्रमुख गोयल ने दो संगठनात्मक नियुक्तियां की हैं। प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, पर्यावरण संरक्षण विभाग के प्रदेश प्रभारी रविंदर बलियाला व प्रदेश महामंत्री से विचार-विमर्श के बाद उन्होंने विनोद कपूर और आरपी सिंह चौहान को प्रदेश कार्यकारिणी में बतौर सदस्य शामिल किया है।


विनोद कपूर, आरपी सिंह चौहान।

नवनियुक्त सदस्य विनोद कपूर और आरपी सिंह चौहान गुरुग्राम के ही रहने वाले हैं। उन्हें इस पद पर नियुक्ति के लिए शुभकामनाएं देते हुए पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि संगठन में जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं को सदा उचित मान-सम्मान मिलता है। उनकी नियुक्ति भी इसी का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर अपना सामाजिक दायित्व समझते हुए प्रदेश में पर्यावरण को स्वच्छ बनाने, सफाई करके बेहतर माहौल बनाने की दिशा में काम करना है। नवीन गोयल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने पद की गरिमा को बनाकर रखते हुए संगठन के लिए काम करें, ताकि उन्हें भविष्य में आगे बढ़ने के लिए रास्ता बने। संगठन में अनुशासन सर्वोपरि है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी संगठन में उसी हिसाब से काम करते हैं। गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत तमाम बड़े नेता भी संगठन के लिए अपना भरपूर योगदान देते हैं।

# सेहतमंद जीवन के लिए अपनी आदतों में सुधार करें

## कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. गोयल ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कहीं ये बातें

## कहा, आधी से ज्यादा बीमारियां तो हमारे खराब लाइफ स्टाइल के कारण हो रही हैं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शुक्रवार** को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल ने कहा कि सेहतमंद


गुरुग्राम में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम में बोलते डा. डीपी गोयल।

जीवन के लिए हमें अपनी आदतों में सुधार करना होगा। आज के समय में आधी से ज्यादा बीमारियां तो हमारे खराब लाइफ स्टाइल के कारण हो रही हैं। डा. डीपी गोयल ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस पहली बार वर्ष 1950 में मनाया गया।

हर साल दुनियाभर में यह दिवस 7 अप्रैल को ही मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस लोगों को शिक्षित करने, स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जागरूकता फैलाने, नई दवाओं और शोध के साथ इस बात के लिए भी मनाया जाता है कि स्वास्थ्य सुविधाएं हर जगह, हर किसी के लिए सुलभ हों। डा. डीपी गोयल ने कहा कि इस दिन अपने देश ही नहीं, दुनिया भर में स्वास्थ्य को लेकर कैंपेन, डिस्कशन और कई तरह के प्रोग्राम का आयोजन किया जाता है। हम सबको ऐसे कार्यक्रमों का हिस्सा जरूर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेहत को ठीक रखकर हम खुद के साथ समाज को भी स्वस्थ रखने का काम करें। हम अपने प्रोफेशन में रहते हुए ऐसे विषय पर समूह चर्चा करें। एक-दूसरे की आदतों को जानें और उनमें सुधार करने के लिए अपना योगदान दें। डा. डीपी गोयल ने कहा कि सेहतमंद जीवन जीना हो तो खान-पान पर भी विशेष ध्यान दें। हमें अपनी सेहत में सुधार के लिए अपनी दिनचर्या में योग को भी शामिल करना चाहिए।

# सचिन यादव बने जिला रजिस्ट्रार यादव सभा ने किया सम्मानित



**फरीदाबाद।** फर्म एवं सोसायटी फरीदाबाद के जिला रजिस्ट्रार नियुक्त होने पर यादव सभा फरीदाबाद सम्मान समारोह आयोजित किया।

इस समारोह में सभा के पदाधिकारियों ने सचिन यादव को फूलों का गुलदस्ता भेंट करके स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सभा के प्रधान हरिबाबू यादव, महासचिव रविंद्र यादव, सचिव शेर बहादुर यादव, राजकुमार यादव, वीरेंद्र यादव, एडवोकेट संदीप नागर, राजीव गुप्ता, हिमांशु मोर आदि उपस्थित थे।

# संक्षिप्त समाचार

## दो बच्चों की मां संदिग्ध हालत में लापता

**सोहना।** भोंडसी में किराए के मकान में रहने वाली दो बच्चों की मां संदिग्ध हालत में लापता हो गई। लापता हुई विवाहिता के पति ने स्थानीय पुलिस को लिखित में शिकायत दी है। पुलिस ने इस शिकायत पर विवाहिता के लापता होने का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। मूलरूप से बिहार निवासी राजेश ने भोंडसी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पिछले करीब 17 साल से भोंडसी में भागीरथ के मकान में किराए पर रहता है। उसके साथ उसके दो बच्चे व 37 वर्षीय पत्नी रहती थी। लेकिन उसकी पत्नी बुधवार को बिना बताएं घर पर बच्चों का छोड़ संदिग्ध हालत में लापता हो गई। जिसका अपने स्तर पर काफी तलाश किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस लापता विवाहिता की तलाश में जुट गई है।

## वृद्धावस्था पेंशन की पात्रता में आमदनी की सीमा तीन लाख

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार ने वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना की पात्रता में आय सीमा को दो लाख रुपये से बढ़ाकर तीन लाख रुपये वार्षिक कर दिया। जिसके चलते अब परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में तीन लाख रुपये वार्षिक आय वाले परिवारों में बुजुर्गों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ मिल सकेगा। एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि हरियाणा सरकार ने बड़ी संख्या में जरूरतमंद परिवारों को इस निर्णय से राहत पहुंचाई है। इस आशय के संदर्भ में सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग के प्रधान सचिव की ओर से सभी अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिसके चलते अब पीपीपी में तीन लाख रुपए आय वाले परिवारों के बुजुर्ग इस योजना के दायरे में शामिल हो गए है। पीपीपी के माध्यम से वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना की पात्रता पूरी करने वाले बुजुर्गों की घर बैठे पेंशन बन सकेगी।

## अब तक 379 एमटी सरसों की हुई सरकारी खरीद

**गुरुग्राम।** रबी सीजन की फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरकारी खरीद आरंभ हो चुकी है। जिला में अब तक 213 किसानों से 379 मीट्रिक टन (एमटी) सरसों की खरीद की जा चुकी है। जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक अनिल कुमार ने बताया कि गुरुग्राम जिला में सरसों की खरीद के लिए फरुखनगर, सोहना व जाटौली में खरीद केंद्र बनाए गए है। जिला में हैफेड ने अब तक जाटौली मंडी में 190 किसानों से 337.5, सोहना मंडी में 12 किसानों से 20. 2 तथा फरुखनगर मंडी में 11 किसानों से 21.1 एमटी सरसों की खरीद की है।

## चाचा-भतीजे को कॉल कर जान से मारने की धमकी दी

**सोहना।** भोंडसी नया गांव निवासी चाचा-भतीजे को हथियार दिखाकर व मोबाइल पर व्हाट्सअप कॉल करके दो लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। भोंडसी थाना पुलिस ने भतीजे की शिकायत पर नामजद दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। नया गांव निवासी जितेन्द्र स्थानीय पुलिस को बताया कि रोहताश भाटी निवासी बैरमपुर जिला गुरुग्राम 5 अप्रैल को उसके चाचा के पास आया और उसे हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। 6 अप्रैल को रोहताश भाटी सायं 6 बजकर 55 मिनट पर फिर ऑफिस के बाहर आया और उसे हथियार दिखा जान से मार देने की धमकी देकर चला गया। उसके करीब आधा घंटा बाद 7 बजकर 27 मिनट पर महेश भाटी ने उसके चाचा सुभाष के मोबाइल पर व्हाट्सअप कॉल की और जान से मारने की धमकी दी। जितेन्द्र ने पुलिस को बताया कि नामजद आरोपियों से उसे तथा उसके चाचा सुभाष को पूरा-पूरा जान से खतरा है। भोंडसी पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराने के बाद जांच शुरू कर दी है।

## टोल के पास में वृद्धि विरोध में 13 किमी पैदल यात्रा 25 को



**सोहना।** घामडौज टोल के मासिक पास में की गई वृद्धि विरोध में 25 अप्रैल को सैंकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी पैदल चलकर जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेंगे। इसके साथ-साथ उपायुक्त को टोल के 20 किलोमीटर दायरे में रहने वाले नागरिकों का टोल फ्री किए जाने की मांग की जाएगी। गुरुवार को सोहना संघर्ष कमेटी की अनाज मंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में वरिष्ठ समाज सेवी महाराज सिंह की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इस बैठक में पार्षद हरीश नंदा, लीलू पहलवान, जिन्नी पहलवान, संजय यादव, किट्टी डूटेजा, सतबीर पहलवान समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। बैठक करीब 40 मिनट तक चली। जिसमें सर्वसम्मति से एलिवेटेड मार्ग पर बना घामडौज टोल पर कमेटी के सभी सदस्य और आस-पास लगते करीब 20 गांवों से ग्रामीण 25 अप्रैल को सुबह 9 बजे टोल पर एकजुट होंगे। जहां से 13 किलोमीटर की पैदल यात्रा करके गुरुग्राम उपायुक्त कार्यालय पहुंचेंगे। सतबीर पहलवान ने बताया कि एनएचआई के उच्चाधिकारी और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने संघर्ष कमेटी के सामने क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए बनाया जाने वाला मासिक पास हर बार 315 रुपये का रहेगा। जिसमें कभी भी किसी प्रकार की वृद्धि नहीं की जाएगी, लेकिन 9 माह के बाद मासिक पास में 15 रुपये की वृद्धि करके वायदा खिलाफी की गई है। पार्षद हरीश नंदा ने बताया कि सोहना शहरवासियों की जल्द ही एक बैठक व्यापार मंडल संघ के माध्यम से बुलाई जाएगी। जिसमें 25 अप्रैल की पैदल यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शहरवासी अपना सहयोग देंगे।

# रोजमर्रा की गतिविधियों का बदल गया है तरीका


गुरुग्राम विवि में डिजिटल युग में उपभोक्ता संरक्षण-समस्याएं और संभावनाएं विषय पर लीगल टॉक शो में बोलते जगन्नाथ यूनिवर्सिटी के प्रो. चांसलर प्रो. वीके अग्रवाल।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय के विधि विभाग की ओर से शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर में डिजिटल युग में उपभोक्ता संरक्षण-समस्याएं और संभावनाएं विषय पर लीगल टॉक शो आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और विषय विशेषज्ञ के रूप में जगन्नाथ यूनिवर्सिटी के प्रो. चांसलर प्रो. वीके अग्रवाल ने शिरकत की।

कार्यक्रम में छात्रों को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 और 2019, भारत में ऑनलाइन बाजार, भ्रामक विज्ञापनों तथा उपभोक्ता अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विषय विशेषज्ञ प्रो. चांसलर वीके अग्रवाल ने कहा कि विकसित हो रही प्रौद्योगिकी एवं इंटरनेट ने ऑनलाइन खरीदारी और बैंकिंग जैसी रोजमर्रा की गतिविधियों को करने का तरीका बदल दिया है। किसी उत्पाद, कैनवास और अंत में खरीदारी के बारे में अधिक जानने के लिए लोग पहले सामान्य दुकान में जा रहा थे, लेकिन अब स्मार्ट डिवाइस का उपयोग करके चंद मिनट में एक क्लिक करके सब कुछ कर लेता है। इस बीच स्मार्टफोन या कम्प्यूटर का बढ़ता उपयोग और सोशल मीडिया में लॉग इन करना या ऑनलाइन बिलों का भुगतान करना, ई-कॉमर्स वेबसाइट से गैजेट्स खरीदना या एटीएम से पैसे निकालना जहां सुविधा जनक हुआ है, वहीं जोखिम भरा भी है।

इस तरह की गतिविधियों में संवेदनशील जानकारी जैसे कि उपयोगकर्ता का नाम, पासवर्ड, आधार कार्ड की जानकारी और क्रेडिट कार्ड के विवरण के लिए फिशिंग का प्रयास भी बढ़ा है। ऐसे में सुरक्षा के प्रति सजगता की जरूरत है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि उपभोक्ता बाजार का राजा होता है। इसलिए उसकी प्राथमिकताएं, मांग और पसंद का विशेष रूप से ध्यान रखा जाना चाहिए है।

# विस चुनाव परिणाम के बाद व लोकसभा चुनाव के दौरान गठबंधन में भूपेंद्र हुड्डा बने रोड़ा

## पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा की नकारात्मक सोच की वजह से नहीं हो पाया गठबंधन

## महासचिव दिग्विजय चौटाला ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके पुत्र सांसद दीपेंद्र हुड्डा की पोल खोली

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जननायक** जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने गठबंधन के विषय पर एक बार फिर बड़ा खुलासा किया है। दिग्विजय ने कई सबूत प्रेस के सामने रखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके पुत्र सांसद दीपेंद्र हुड्डा की पोल खोली।

दिग्विजय ने बताया कि विधानसभा चुनाव-2019 के परिणाम के बाद गठबंधन और इससे चार महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव के दौरान महागठबंधन में कैसे भूपेन्द्र सिंह रोड़ा बने और उन्होंने कैसे अपनी नकारात्मक सोच को दर्शाया। गुरुग्राम में जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह के साथ दिग्विजय चौटाला ने यहां प्रेस कांफ्रेंस में यह खुलासा किया। इस दौरान इनसो के सदस्यता अभियान की भी शुरुआत की गई। जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने कहा कि भूपेंद्र


गुरुग्राम में शुक्रवार को इनसो की सदस्यता का फार्म लांच करते जजपा के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला व अन्य वरिष्ठ नेता।

हुड्डा और दीपेंद्र हुड्डा आज जगह-जगह जाकर सरेआम झूठ बोलकर दुष्प्रचार कर रहे है। इसलिए गठबंधन के विषय पर स्पष्टता जरूरी है। उन्होंने कहा कि विधानसभा 2019 के चुनाव परिणाम के बाद जेजेपी ने विधायक दल की बैठक करके हरियाणा के हित से जुड़े तीन महत्वपूर्ण मुद्दों पर साथ देने के लिए सबके सामने खुला ऑफर रखा था। उस दौरान डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने स्पष्ट रूप से बिना किसी लोभ लालच के कहा था कि जो हमारे इन मुद्दों पर सहमति जताएगा, जेजेपी उसके साथ होगी और हरियाणा के विकास के लिए हमारे लिए कोई अछूत नहीं है।

दिग्विजय ने कहा कि उस दौरान कई कांग्रेसी नेताओं ने हमारे कॉमन मिनिमम प्रोग्राम पर सहमति भी जताई थी, लेकिन इस बीच भूपेंद्र हुड्डा की सोच नकारात्मक रही। वे इस बात पर अड़े रहे कि पहले समर्थन करो, फिर आगे मुद्दों पर बात होगी, निर्दलीयों से बात होगी। दिग्विजय ने यह भी बताया कि तत्कालीन भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने जेजेपी के युवाओं को 75 प्रतिशत रोजगार कानून, महिलाओं को पंचायती राज संस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण और बुढ़ापा पेंशन के विषय पर सहमति जताई थी और कॉमन मिनिमम प्रोग्राम के तहत हमारा समझौता हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रचार सचिव दलबीर धनखड़, प्रदेश कोषाध्यक्ष सतबीर लाकड़ा, जिला अध्यक्ष रिशीराज राणा, प्रदेश प्रवक्ता यशवीर राघव, सूबे सिंह बोहरा, सुरेन्द्र ठाकरान, नरेश सहरावत, विभा पाण्डेय, शैलजा भाटिया, रितु कटारिया आदि उपस्थित रहे।

# गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में बॉक्सिंग के ट्रायल आज

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार द्वारा पदक लाओ-पदक बढ़ाओ के ध्येय पर आगे बढ़ते हुए प्रतिभाओं में निखार लाने के लिए उचित मंच उपलब्ध करवाने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पंचकूला में खेलो इंडिया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भी स्थापित किया गया है। इस सेंटर में बैडमिंटन, बॉक्सिंग और एथलेटिक्स खेलों को शामिल किया गया है।

गुरुग्राम में बाक्सिंग के लिए ट्रायल शनिवार आठ अप्रैल को लिया जाएगा। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि खेलो इंडिया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में चयन के लिए गुरूग्राम सहित राज्य के विभिन्न जिलों में ट्रायल भी लिए जा रहे हैं। ट्रायल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का विशेषज्ञों द्वारा चयन किया जाएगा। इसके बारे में खेल विभाग, हरियाणा की वेबसाइट से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। ट्रायल में वहीं खिलाड़ी भाग लेंगे जिनकी आयु पहली अप्रैल 2023 को 14 से 23 वषज़् के बीच हो। गुरुग्राम जिला में बैडमिंटन व एथलेटिक्स के लिए ट्रायल छः अप्रैल को लिया जा चुका है। जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी संधु बाला ने खेलो इंडिया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए गुरुग्राम जिला में होने वाले ट्रायल की जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवीलाल खेल परिसर में बॉक्सिंग के लिए 8 अप्रैल को ट्रायल लिया जाएगा।

# 10 से 15 फुट किए अतिक्रमण से सिकुड़ा अनाज मंडी परिसर


सोहना की अनाज मंडी में आढ़तों के बार टीन शैड व चबूतरा बनाकर किया गया अतिक्रमण।

**सोहना।** अनाज मंडी परिसर में आढ़तियों से लेकर छोटे बूथों पर बैठे दुकानदार और बड़े व्यापारियों में आम रास्ता से लेकर खुला परिसर और चबूतरों पर अतिक्रमण करने की होड़ मची है। आढ़ती नगर परिषद प्रशासन को पैंगू करार देते हुए अतिक्रमण को बढ़ावा देने का आरोप लगा रहे हैं। अनाज मंडी का परिसर अतिक्रमणकारियों के बढ़ते आतंक के चलते सिकुड़ता जा रहा है। जिसका खामियाजा फ सल बिक्री के दौरान अपना अनाज लेकर आने वाले किसान से लेकर आम नागरिकों को परेशानियां हो रही है। मंडी परिसर में गेहूं और सरसों की सरकारी खरीद शुरू हुए 7 दिन बीत गए है, लेकिन मार्केट कमेटी प्रशासन मंडी परिसर को अतिक्रमण से मुक्त नहीं कर सका है।

**अतिक्रमण की सभी हदें पार :** अनाज मंडी परिसर में अतिक्रमण करने वालों ने यहां के गंदे पानी के नाले को भी नहीं बख्शा है। नाले के ऊपर कंक्रीट की फ र्श डालकर अतिक्रमण को अधिक बढ़ावा दे रहे है। अतिक्रमण करने वाला छोटा दुकानदार से लेकर बड़ा व्यापारी नया निर्माण की आड़ में आम रास्तों पर चबूतरा बना उसके ऊपर 8 से 10 फुट चौड़ी टीन शैड अतिक्रमण कर रहा है।

**नोटिस देने तक सीमित :** स्थानीय आढ़ती मंडी परिसर में बढ़ता अतिक्रमण के लिए मार्केट कमेटी प्रशासन को दोषी ठहरा रहे हैं। आढ़ती राजेश का कहना है कि मार्केट कमेटी के अधिकारी और कर्मचारी अपनी नंगी आंखों से अतिक्रमण होता देखते हुए भी कुछ नहीं कर पा रहे है। उंगलियां उठने पर अतिक्रमण करने वाले को नोटिस देकर खानापूर्ति करके अपना पल्लू झाड़ लेते है। विकास गुप्ता का कहना है कि किसानों को अपनी फसल बेचने के दौरान पर्याप्त मात्रा में स्थान तक नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण किसान इस बार अपनी फ सल को बेचने के लिए लाने से कतरा रहा है। अभी फसल बिक्री का समय शुरू हो गया है। फ सल बिक्री के बाद अतिक्रमण से सख्ती से निपटा जाएगा। जरूरत पड़ने पर पुलिस बल के साथ अतिक्रमण का सफाया किया जाएगा।

# बीके: एम्बुलेंस के स्थान पर पार्क हो रहे हैं निजी वाहन

## बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण एम्बुलेंस चालकों को हो रही खासी परेशानी

कविता। फरीदाबाद

**शहर** के बादशाह खान सिविल अस्पताल में डायल 112 के जरिये निशुल्क एम्बुलेंस सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। अस्पताल में एम्बुलेंस के लिए पर्याप्त स्थान चिन्हित किए गए हैं। लेकिन उन स्थानों पर एम्बुलेंस के बजाय निजी वाहन खड़े देखे जा सकते है। जिससे निजी एम्बुलेंस और अन्य वाहन चालक मरीजों की जेब पर डाका डाल रहे हैं।

**निजी वाहनों का है कब्जा :** बीके अस्पताल में जिले के अलावा पलवल, मेवात, हथीन, होडल, बदरपुर बॉर्डर तक के मरीज आते हैं। यहां मरीज सरकारी अथवा निजी एम्बुलेंस अन्य वाहनों से पहुंचते हैं। अस्पताल में सुरक्षाकर्मियों की कमी के कारण नो पार्किंग और एम्बुलेंस पार्किंग के स्थान पर निजी वाहन खड़े रहते हैं।

**सुरक्षा कर्मियों का टोटा :** नो पर्किंग जोन और एम्बुलेंस के आरक्षित स्थान पर निजी वाहन खड़े रहते हैं। इन्हें हटवाने के लिए अस्पताल में पर्याप्त सुरक्षाकर्मी नहीं है। अस्पताल में मात्र 28 सुरक्षाकर्मी है। जोकि सुबह-शाम और रात में ड्यूटी दे रहे हैं। पिछले दिनों चिकित्सक से मारपीट घटना के दौरान भी यह मुद्दा उठा था कि यहां सुरक्षाकर्मियों की संख्या काफी कम है।



एम्बुलेंस की जगह पर लगी अन्य वाहनों की लम्बी लाइन।

**अपातकालीन कक्ष दूर :** बीके अस्पताल के अपातकालीन कक्ष से गेट की दूरी महज एक से दो मिनट की है, लेकिन अस्पताल में यहां-वहां खड़ी गाड़ियों के कारण एम्बुलेंस को दो मिनट के बजाय पांच से दस मिनट तक पहुंचने में लग जाते हैं, लेकिन अस्पताल द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

**फंस जाती है एम्बुलेंस :** बीके अस्पताल में बने गोल चक्कर से लेकर अपातकालीन कक्ष के सामने सड़क के दोनो तरफ वाहन खड़े रहते हैं। ऐसे में यहां एक गाड़ी मुश्किल से पार हो पाती है, पैदल आने वाले मरीजों का तो निकलना भी यहां दूभर हो जाता है। मरीज ला रही एम्बुलेंस अक्सर यहां फंस जाती है। गाड़ियां यहां बेतरतीव तरीके से खड़ी होती हैं।

**लोग हैं लापरवाह :** सरकारी एम्बुलेंस चालकों का कहना है कि अपातकालीन कक्ष के सामने रस्सी बांधकर रास्ता बंद कर रखा है। जिससे मरीज छोड़कर लौटने में दिक्कत होती है। यहां आने वाले चालक गलत तरीके से वाहन खड़ा करके छोड़ देते हैं।

**हो रही है भीड़ :** यहां नो पार्किंग जोन में भी वाहनों को खड़े रहते हैं। कई बार तो सड़क के बीचोबीच वाहन पार्क कर लोग चले हो जाते हैं। जिससे अपातकालीन तो क्या ओपीड़ी में भी जाना मुश्किल होता है। ऐसे में यहां रोज अव्यवस्था छाई रहती है।

# चारपाई से बांध, ईंट से सिर कुचल कर डेरी संचालक की निर्मम हत्या

## रात को बर्थ डे पार्टी से लौट कर डेयरी में सोया था मृत व्यक्ति

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डबुआ** कालोनी के उत्तम नगर में बीती रात अज्ञात लोगों ने सो रहे एक व्यक्ति को पहले चारपाई के साथ बांध दिया। जिसके बाद आरोपियों ने ईंट पत्थरों से सिर कुचल कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। तड़के चार बजे मृतक की डेरी में रहने वाले युवक ने देखते ही परिजनों और पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ का मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक पाली गांव में रहने वाले बलबीर भडाना का 36 वर्षीय बेटा सुनील भड़ाना डबुआ कालोनी के उत्तम नगर में दूध की डेरी चलाता था। यहां उसने करीब 15-20 गाय-भैंस पाल रखी हैं। सुनील भडाना के परिवार में पत्नी के अलावा चार बच्चे में भी हैं। सबसे छोटा बेटा मात्र छह महीने का है। बताया गया है कि सुनील भड़ाना को उत्तम नगर में किसी पड़ोसी व्यक्ति ने बीती रात जन्मदिन की पार्टी में बुलाया था। पार्टी से लौटने में सुनील को रात करीब 12 बज गए थे। जिसके कारण सुनील घर जाने की बजाए डेरी परिसर में ही चारपाई डाल कर सो गया। इससे पहले सुनील ने अपना मोबाइल फोन अपने सहयोगी को चार्जिंग पर लगाने के लिए दे दिया था। सुनील रोज तड़के चार बजे अपने पशुओं का दूध निकालता है। इसलिए सहयोगी तड़के चार बजे सुनील को जगाने के लिए वहां पहुंचा तो उसके होश उड़ गए। उसने देखा कि सुनील की गर्दन चारपाई से बंधी हुई थी। साथ ही उसका सिर ईंट पत्थरों से कुचला हुआ था। जिसे देखते ही सहयोगी युवक ने सुनील के पिता बलबीर को फोन पर सूचना दी। सूचना मिलते ही सुनील के परिजन मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर गहनता के साथ जांच पड़ताल शुरू कर दी। इस दौरान मौके पर अपराध शाखा और एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया। मृतक के परिजनों ने संदेह जताया है कि बर्थ डे पार्टी से लौटने के दौरान सुनील की किसी से कहासुनी हो गई थी। उन्हें संदेह है कि उन्हीं लोगों ने सो रहे सुनील पर हमला कर उसकी बेरहमी से हत्या की है। पुलिस ने इस मामले में संदेह के आधार पर चार पांच लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया है। लेकिन अभी तक पूरे मामले का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल पुलिस अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रही है।


बीके अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के इंतजार में बैठे मृतक के परिजन।

# हत्या के मुकदमे में 11 साल से फरार शातिर बदमाश गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा द्वारा जघन्य अपराधों में सख्त कार्रवाई के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करने करते हुए क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने वर्ष 2012 के हत्या के मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आपको बता दें कि इससे पहले पुलिस द्वारा 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी अशोक पलवल का रहने वाला है। वह फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड बनवाकर जय दलाल व संतोष के नाम से दिल्ली के द्वारका में रह रहा था। 21 जुलाई 2012 को फरीदाबाद के सिटी बल्लभगढ़ थाने में हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें सरपंची के चुनाव की रंजिश के चलते आरोपी व उसके 11 अन्य साथी सूरज, हरिचंद, कृष्णा, कृष्ण, जयप्रकाश, लाल सिंह, विजय, बाबूलाल, सुधीर, रामसिंह तथा जगदीप ने गोलियां मारकर बिजेंद्र नाम के व्यक्ति की हत्या कर दी थी। पुलिस द्वारा इस मामले में 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी अशोक पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए अपने ठिकाने बदल बदलकर रहने लगा। पुलिस ने आरोपी की धरपकड़ के लिए कई स्थानों पर छापेमारी की और पटौदी में छापेमारी के दौरान आरोपी ने पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला किया और मौके से फरार हो गया। आरोपी ने अपना पता आगरा का बनवाया हुआ था और उसके आधार पर उसने आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक अकाउंट तक खुलवा रखे थे। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी को काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से फर्जी दस्तावेज तथा 5.50 लाख रुपये बरामद किए।


पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपी अशोक।

# कोरोना के 53 नए केस मिले, एक्टिव केस 199



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में शुक्रवार को कोरोना के इस वर्ष के सर्वाधिक मामले घोषित किए गए। जिसमें 53 मरीजों के पॉजिटिव पाए जाने की घोषणा स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए गए आंकड़ों में की है। जिसमें राहत की बात यह रही कि 18 रोगियों ने कोरोना की जंग जीत ली। वहीं जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 199 बताया गया। जिसमें 195 होम आईसोलेशन में और बाकि चार मरीज अस्पतालों में भर्ती बताये गए।

मरीजों की बढ़ती संख्या और फरीदाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती दो मरीजों की मौतों के बाद भी स्वास्थ्य मुख्यालय की तरफ से किसी तरह के आदेश जारी नहीं किए गए। वहीं जिले में वैक्सीन भी समापत है। ऐसे में विभाग की तरफ से भी कुछ भी नहीं कहा जा रहा था। जिसे देखते हुए शुक्रवार को जिला प्रशासनिक अधिकारियों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के संग कोविड संक्रमण को रोकने के लिए अलर्ट मोड में रहने के एसीएस डॉ. जी अनुपमा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये आदेश जारी किए है। जिसके बाद डीसी विक्रम ने कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए अधिकारियों से मंत्रणा की।

**यह दिए निर्देश:** स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. जी अनुपमा ने वीसी के जरिये कोरोना संक्रमण की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिसमें उन्होंने स्वास्थ्य सहित अन्य विभाग अलर्ट मोड़ में रहें और स्वास्थ्य केंद्रों में फ्लू कॉर्नर अवश्य स्थापित करें।

# अधिकारियों ने बिल्डर प्रतिनिधियों को लगाई फटकार

## विधायक की मांग व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देश पर आज आयोजित हुआ ग्रेटर फरीदाबाद का खुला दरबार

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**तिगांव** के विधायक राजेश नागर की उपस्थिति में आयोजित खुले दरबार में ग्रेटर फरीदाबाद के निवासियों ने स्थानीय बिल्डरों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। बैठक में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के महानिदेशक टीएल सत्यप्रकाश और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक अजीत बालाजी जोशी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

बैठक का आयोजन विधायक राजेश नागर द्वारा बिल्डरों की मनमानी के बारे में विधानसभा के पटल पर बात रखने के बाद सीएम मनोहर लाल के निर्देश पर किया गया था। इस मामले में विधायक राजेश नागर ने बताया कि स्थानीय आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों ने अपनी सीवर, पानी,डेवलपमेंट, बिजली, रखरखाव, सुरक्षा एवं सोसाइटी हैंडओवर संबंधी मांगों को आला अधिकारियों के सामने रखा है। अधिकारियों ने बिल्डर को स्पष्ट रूप से बिल्डर बायर एग्रीमेंट का पालन करने के लिए निर्देश दिए हैं। ऐसा न करने पर उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराने की संभावना जताई है। नागर ने कहा कि आज की बैठक के बाद हमें उम्मीद है कि बिल्डर अपनी ढिढाई पर अंकुश लगाएंगे और जनहित में आगे आएंगे। नागर ने कहा कि ग्रेफ में रहने वाले सभी निवासी उनके परिवार जैसे हैं और उनमें से अधिकांश निम्न मध्यम वर्ग से हैं जिन्होंने अपनी जिंदगी भर की मेहनत की कमाई से फ्लैट, प्लॉट और फ्लोर खरीदे हैं, लोन लिए हैं। ऐसे में बिल्डर उनके साथ धोखा करेगा तो हम उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे।


आला अधिकारियों संग भागीदारी करते विधायक राजेश नागर व अन्य।

खुले दरबार में ग्रेफ के सभी संबंधित आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों ने भागीदारी कर अपनी समस्याएं रखीं। इनमें से अधिकांश समस्याएं बिल्डर के व्यवहार एवं उनके द्वारा सुविधाएं न दिए जाने, मनमर्जी से सुविधा शुल्क में बढ़ोतरी किए जाने और सोसाइटी का रखरखाव आरडब्ल्यूए को न दिए जाने आदि प्रमुख रूप से शामिल थीं। इनमें भी बीपीटीपी बिल्डर के खिलाफ सबसे ज्यादा रोष लोगों में देखा गया। चंडीगढ़ से आए आला अधिकारियों ने बिल्डर प्रतिनिधियों को सख्ती से लिया और उन्हें उनका रवैया बदलने के लिए निर्देश दिए। वहीं ऐसा न करने पर उनके खिलाफ शासकीय कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के महानिदेशक टीएल सत्यप्रकाश ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह समस्याएं लंबे समय में पैदा हुई हैं। हम इन्हें सभी विभागों के बीच उनकी जिम्मेदारी बांटकर दूर करेंगे। लेकिन बिल्डर अपने रवैये में बदलाव करें अन्यथा हम उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने से भी पीछे नहीं हटेंगे। बैठक में सराय ख्वाजा स्थित कनिष्का टावर की समस्याओं पर भी विचार किया गया। जिसमें तय हुआ कि आगामी 12 अप्रैल को जिला उपायुक्त एवं नगर निगम आयुक्त बिल्डर एवं निवासियों के साथ बैठक कर मामले का हल निकालेंगे।

# जिले की महिला की शिमला में मौत

**फरीदाबाद।** घूमने आई एक पर्यटक महिला की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। एचआरटीसी की वॉल्वो बस की चपेट में आने से महिला बुरी तरह घायल हुई और अस्पताल पहुंचाने से पहले उसने दम तोड़ दिया. इस महिला की पहचान फरीदाबाद निवासी गीता (40) के रूप में हुई है। हादसा गुरुवार शाम कालका-शिमला हाइवे पर उपनगर शोघी के पास हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर बस चालक को हिरासत में ले लिया है. पुलिस के मुताबिक गीता परिवार के साथ शिमला घूमने आई थी। गुरुवारशाम शोघी के पास उन्हें वॉल्वो बस ने टक्कर मार दी। बस शिमला से चंडीगढ़ की तरफ जा रही थी। हादसे में महिला बुरी तरह चोटिल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही शोघी पुलिस की टीम पहुंची और गम्भीर अवस्था में महिला को एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया. रास्ते में उसकी मौत हो गई। शिमला के एसपी संजीव गांधी ने हादसे की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। इस हादसे को लेकर थाना बालूगंज में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# आतंक : आवारा कुत्ते के हमले से मासूम बच्चा गंभीर घायल

## दो माह में तीसरा बड़ा मामला, तीनों को ही इंजेक्शन के अभाव में किया रेफर

कविता। फरीदाबाद

**शहर** में आवारा कुत्तों के काटने से रोज दर्जनों लोग घायल हो रहे हैं, लेकिन पिछले दो माह में कुत्तों के हमले तीन बड़े मामले सामने आ चुके हैं। ताजा मामले में शुक्रवार को अनंगपुर निवासी दो वर्षीय बच्ची चमन को एक आवारा कुत्ते ने अपना शिकार बना लिया। कुत्ते ने बच्चे के चेहरे को बुरी तरह काट लिया। बीके अस्पताल लाने पर रेबिज इंजेक्शन के अभाव में बच्ची को रेफर कर दिया गया है।

**दो माह में तीसरा मामला :** शुक्रवार गांव अनंगपुर में दो साल के बच्चे चमन को कुत्तों ने बुरी तरह काट लिया। जिस पर चमन को लेकर उसकी मामी अलीस्ता बीके अस्पताल लेकर आई। अलीस्ता ने बताया कि उसकी ननद कांता हाउस-कीपिंग का काम करती है। उसका पति अमर ड्राइवर है। सुबह दोनों काम पर गए थे। जिसके बाद उनके तीनों बच्चे घर में अकेले थे। उनका छोटा बेटा चमन खेलते हुए घर से बाहर निकल गया। जिसे गली में एक आवारा कुत्ते ने अपना शिकार बना लिया। बच्चे के मुंह को कुत्ते ने बुरी तरह से नोच लिया। जिस पर वह बच्चे को बीके लेकर आई। लेकिन यहां टेटनेस का इंजेक्शन लगा दिया। रेबिज न होने की बात कहकर रेफर दिल्ली कर दिया।


मामी की गोद में नन्हा बच्चा चमन, जिसके मुंह पर है कुत्तों के काटने के निशान।

**ये थे दो मामले:** पहला मामला सेक्टर-25 के निकट राजीव कॉलोनी में मुकेश नामक परिवार के साथ हुआ था। जिसमें उनकी पांच साल की बच्ची खुशी शाम को अन्य बच्चों के साथ गली में खेल रही थी। तभी आवारा कुत्तों ने बच्ची को बुरी तरह नोच डाला। घायल बच्ची को लेकर परिजन बीके अस्पताल पहुंचे थे। डॉक्टरों ने बच्ची को प्राथमिक उपचार देकर दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर किया था। वहीं ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-70 स्थित आगमन सोसायटी निवासी रवि पांडे ने बताया था कि शाम को उनका सात साल का बेटा सोसायटी में खेल रहा था। तभी कुत्तों ने बच्चे पर हमला कर दिया। बच्चे के नाक और मुंह पर चोट आई है।

# कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन, लिखा पत्र

**फरीदाबाद।** एनएच-तीन स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज में काम करने वाले एसिक कर्मचारी संघ ने वित्त आयुक्त को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में काम करने वाले स्टॉफ, नर्सिंग, पैरामेडिकल स्टाफ एवं डॉक्टर को मार्च महीने का वेतन नहीं मिला है।

इस विषय में एसिक कर्मचारी संघ के महासचिव अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मेडिकल कॉलेज में कार्य करने वाले कर्मचारी को हर महीने की 3 तारीख तक वेतन मिल जाता है, लेकिन इस बार मार्च के महीने का एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद भी उनका वेतन ही मिला है इसको लेकर उन्होंने उच्च अधिकारियों से बात की तो उनको पता चला कि दिल्ली मुख्यालय से वेतन का फंड 3 मार्च को रिलीज कर दिया गया है उसके बावजूद भी अभी तक करीब 500 कर्मचारियों के खाते है भुगतान नहीं किया गया है।

# मंत्री ने किया मार्केट कमेटी का औचक निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद /बल्लभगढ़

**प्रदेश** के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज शुक्रवार को दोपहर बाद बल्लभगढ़ मंडी पहुंचकर मार्केट कमेटी के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। वहीं इस अवसर पर मौके पर मौजूद खाद्य आपूर्ति विभाग और मार्केट कमेटी के संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक भी की। जहां सभी कर्मचारी उपस्थित पाए गए।

बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने मंडी में गेहूं की आवक को लेकर जानकारी ली गई। वहीं मंडी के सहायक सचिव इंदरपाल ने मंत्री श्री मूलचंद शर्मा को जानकारी देते हुए बताया की अभी तक करीब 15 हजार क्विंटल गेंहू मंडी में आ चुका है और सरकारी खरीद होने का इंतजार है। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि बल्लभगढ़ मंडी में किसानों को गेहूं लाने में कोई दिक्कत ना आए। उसके लिए सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार निर्देश देते हुए कहा कि किसानों के लिए पीने के पानी सहित फसलों की उतरवाई, झराई, तुलाई सहित तमाम व्यवस्थाओं को भी बेहतर प्लेटफॉर्म क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि किसान चिंता न करें।


कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए और आढ़तियों व किसानों से बातचीत करते हुए।

# संक्षिप्त समाचार

## कानूनी जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन


कानूनी जागरूकता शिविर में जागरूक करते वकील।

**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवीर सिंह राठौर के दिशा निर्देशानुसार एवं सुकीर्ति गोयल मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की देखरेख में शुक्रवार को एक कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन जिला जेल नीमका फरीदाबाद में रह रहे बंदियों के लिए आयोजित किया गया। जागरूकता कैंप में प्राधिकरण की तरफ से पैनल एडवोकेट रविंद्र गुप्ता, रामवीर तंवर व दीपक परमार उपस्थित रहे। इस शिविर में रविंद्र गुप्ता पैनल एडवोकेट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद द्वारा चलाई जा रही। सभी योजनाओं के बारे में अवगत कराया तथा एक बंदी जेल में रहते हुए किस प्रकार फ्री में वकील प्राप्त कर सकता है। उसके लिए उसको क्या करना होगा, के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी दी तथा इसी मौके पर यह भी देखा गया, कि कोई बंदी ऐसा तो नहीं जिसकी जमानत के आर्डर हुए पड़े हुए। लेकिन जमानत नहीं भरी जा रही है या बंदी को प्राधिकरण द्वारा दिए गए। वकील ने जमानत अर्जी नहीं लगाई है तो ऐसे बंदियों को सलाह दी कि वह भी अपनी जमानत अर्जी लगवाए और जमानत करवा कर बाहर आए। इसी जागरूकता कैंप में यह देखा गया कि कोई ऐसा व्यक्ति तो नहीं है। जिसका की कोई प्राइवेट या प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराया वकील ना हो। इसी अवसर पर प्राधिकरण के सभी वकीलों द्वारा उपस्थित बंदियों की समस्याओं का समाधान भी किया गया बंधुओं को पैरोल फरलो व परी रिलीज आदि के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गई इस मौके पर डिप्टी जेलर सुमित पवार आदि उपस्थित रहे।

## स्कूल में मनाया विश्व स्वास्थ्य दिवस



**फरीदाबाद।** किडजोन विश्व भारती स्कूल चावला कॉलोनी बल्लभगढ़ में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर हमारे छोटे बच्चों के लिए डेंटल-चेकअप कैम्प का आयोजन किया। डॉ. प्रेरणा जैन और डॉ. अभिषेक जैन ने अपनी टीम के साथ हमारे स्कूल का दौरा किया। उन्होंने बच्चों को समझाया कि उन्हें दिन में दो बार अपने दांत ब्रुश जरूर करने चाहिए। साथ ही जंक फूड खाने से होने वाले नुकसान के बारे में भी बच्चों को जागरूक किया। विद्यालय के मुख्याध्यापक विष्णु शर्मा ने कहा कि विद्यालय में समय समय पर बच्चों का चेकअप करवाया जाता है और बच्चों का स्वास्थ्य संबंधी विशेष ध्यान रखा जाता है। इस अवसर पर किडज़ोन की कोऑर्डिनेटर आरती बत्रा सेन ने डॉक्टरों व उनकी टीम का धन्यवाद किया।

## नई दुल्हन को एयरपोर्ट पर छोड़कर भागा दूल्हा

**फरीदाबाद।** 25 लाख रुपये लेने के बाद बीएमडब्ल्यू कार की डिमांड पूरी न होने पर शादी के बाद दुल्हा और उसके परिवार के सदस्य दुल्हन को एयरपोर्ट पर छोड़कर भाग गए। दुल्हे ने लड़की वालों के खर्चे पर गोवा के एक महंगे होटल में शादी के फेरे लिए थे। सेक्टर नौ की रहने वाली पेशे से डाक्टर (एमडी) पीड़िता की शिकायत पर सेक्टर आठ थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। पीड़ित युवती ने पुलिस को बताया कि पिता ने मेट्रीमोनियल साइट पर उनका बायोडाटा डाला हुआ था। इसे देखकर हिसार के रहने वाले अबीर कार्तिकेय गुप्ता के परिवार वालों ने पीड़िता के पिता से बात की। अबीर के माता-पिता आभा गुप्ता और अरविंद गुप्ता भी डाक्टर हैं। हिसार में उनका अपना अस्पताल है। उन्होंने बताया कि अबीर नेपाल की यूनिवर्सिटी से डाक्टरी की पढाई कर रहा है। बात आगे बढ़ी और रिश्ता होने के बाद 26 जनवरी 2023 को शादी की तारीख तय हो गई। आरोप है कि शादी से ठीक पहले अबीर के माता-पिता ने 25 लाख रुपये की मांग रख दी। पीड़िता के पिता ने उनकी यह मांग पूरी कर दी। इसके बाद गोवा के एक महंगे होटल में शादी हुई। पीड़ित युवती का दावा है कि शादी का सारा खर्च उनके पिता ने उठाया। आरोप है कि फेरे होने बाद अबीर के माता-पिता ने बीएमडब्लयू कार की मांग रख दी। उन्होंने कहा कि वे दुल्हन को तभी साथ लेकर जाएंगे, जब यह मांग पूरी होगी। पीड़िता के पिता ने किसी तरह हाथ जोड़कर बेटी की विदाई की। गोवा एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी चैकिंग के बाद पीड़ित युवती को अकेली बैठी छोड़कर अबीर थोड़ी देर में आने की बात कहकर निकल गया। इसके बाद उसने अपना मोबाइल बंद कर लिया। अबीर की मां डाक्टर आभा गुप्ता पीड़ित युवती से आभूषणों से भरा बैग छीनकर ले गई। पीड़ित युवती ने यह बात अपने पिता को बताई। तब वे एयरपोर्ट पहुंचे और उन्हें अपने साथ लेकर आए। सेक्टर आठ थाना प्रभारी नवीन कौशिक का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपितों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## आईएमए ने टाउन पार्क में पैदल मार्च निकाल दिए स्वास्थ्य के सुझाव

**फरीदाबाद।** विश्व स्वास्थ्य दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर आईएमए फरीदाबाद में सेक्टर 12 टाउन पार्क में सुबह सात बजे समर्पण दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएमए फरीदाबाद प्रधान डॉक्टर दिनेश गुप्ता ने की। इस अवसर पर आईएमए की महिला विंग ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी डॉक्टर्स भारतीय ध्वज के नीचे बैनर और पोस्टर लेकर एकत्रित हुए। सभी डॉक्टर ने अपने मरीजों के प्रति निस्वार्थ सेवा करने की शपथ ली। इसके बाद वहां इकट्ठे हुए डॉक्टर्स ने पैदल मार्च करते हुए पार्क का चक्कर लगाया। सभी डॉक्टर्स ने पार्क में सैर कर रहे आम लोगों को अच्छे स्वास्थ्य की जानकारी और शुभकामनाएं दी।और उन्हें स्वस्थ जीवन जीने के टिप्स दिए। इस अवसर पर आईएमए हरियाणा के सीनियर संरक्षक डॉ नरेश जिंदल ने बताया कि भारतवर्ष में 70त्न स्वास्थ्य सेवाएं प्राइवेट डॉक्टर ही उपलब्ध करवा रहे हैं जबकि गवर्नमेंट डॉक्टर सिर्फ 25 से 30 फीसदी ही स्वास्थ्य सुविधाएं देते हैं। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टरों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से हरियाणा के संरक्षक डॉ अनिल गोयल, डॉ रामानंद रस्तोगी, डॉ प्रताप सिंह तंवर,डॉ सुरेंद्र दत्ता, डॉ वीरेंद्र सिंह, डॉ अनिल डूडेजा, डॉ दीपा गुप्ता, डॉ रेनू वाधवा, डॉ शिल्पा गुप्ता ,डॉ योगेश गुप्ता, डॉक्टर सुदर्शन गुप्ता, डॉक्टर सुनील पाराशर, डॉक्टर गुलशन गुलयानी, डॉ रीता डूडेजा, डॉक्टर अरुण कुंडू,डॉक्टर अनु गुलानी, डॉ सुनीता शर्मा डॉ मनीषा गुप्ता, डॉ अरुणा, डॉ अंजू गुप्ता, डॉ वंदना आदि उपस्थित थे।

## डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर



**फरीदाबाद।** डीसीपी मुख्यालय के पद पर नवनियुक्त आईपीएस हमेंद्र कुमार मीणा को आज डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के फाउंडेशन डे पर मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया। आईपीएस हमेंद्र कुमार मीणा 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। जो इससे पहले महम में एडिशनल एसपी के पद पर नियुक्त थे। जिनका अभी हाल ही में फरीदाबाद ट्रांसफर हुआ है और उन्होंने डीसीपी मुख्यालय के पद पर ड्यूटी ज्वाइन की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 7 अप्रैल को डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल का स्थापना दिवस है। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल हेमा अरोड़ा व शिक्षकगणों ने डीसीपी हमेंद्र कुमार मीणा तथा स्कूल मैनेजर दीप्ति जगोता को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया। हेमा अरोड़ा ने डीसीपी मुख्यालय को पौधा भेंट करते हुए उनका भव्य स्वागत किया। स्कूल के स्थापना दिवस पर छात्रों के लिए फ्री मेडिकल कैंप आयोजित किया गया जिसमें छात्रों को डेंटल, आईसाइट, जनरल फिजिशियन, गायनेकोलॉजिस्ट तथा न्यूट्रीशनिस्ट इत्यादि डॉक्टरों की टीम द्वारा चेकअप करवाया गया। इस हेल्थ चेकअप के आयोजन का उद्देश्य छात्रों में स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं को ढूंढकर उनका निदान करना तथा भविष्य में आने वाली समस्याओं का समय से पहला निपटारा करना था।

# सुप्रीम कोर्ट का फैसला

## विपक्षी याचिका नामंजूर

**सर्वोच्च न्यायालय** ने विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी व हिरासत संबंधी नए दिशानिर्देश देने से इनकार कर दिया है। उसने 14 विपक्षी दलों का यह तर्क मानने से इनकार कर दिया कि विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी व रिमांड या हिरासत के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए जांए। सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि लोकतंत्र का प्रमुख सिद्धान्त है, 'कानून के समक्ष सभी बराबर हैं।' प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ व जस्टिस जे.बी. पारदीवाला की पीठ ने ठीक ही कहा, 'किसी मामले के तथ्यों पर गौर किए बिना सामान्य दिशानिर्देश देना खतरनाक होगा।' कांग्रेस नीत याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने किया। उन्होंने कहा कि व्यापक पैमाने पर विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारियां लोकतंत्र को खतरा तथा तानाशाही का संकेत है। इस पर चंद्रचूड़ की प्रतिक्रिया तार्किक व बुद्धिमत्तापूर्ण थी। उन्होंने कहा, 'जब आप कहते हैं कि विपक्ष का स्पेस सिकुड़ गया है तो उसका उपचार उस स्पेस, राजनीतिक स्पेस में है। अदालत में नहीं।' प्रधान न्यायाधीश की इस टिप्पणी से विपक्ष की हताशा और निराशा का संकेत भी मिलता है जो जनता के बीच भाजपा से लगातार पराजित होने के बाद अब सर्वोच्च न्यायालय का सहारा लेना चाहता है। विपक्षी दल मुख्यत: भ्रष्टाचार के मामलों में अपने नेताओं से 'पूछताछ' व उनकी गिरफ्तारी पर संसद व विधानसभाओं की कार्रवाइयों में बाधा डाल रहे हैं। सवाल है कि विपक्षी नेता आखिरकार मंत्रियों को बयान देने की अनुमति क्यों नहीं दे रहे हैं?



भले ही कुछ भाजपा नेता कभी-कभी गरम बयान दे देते हों, लेकिन अधिकांशत: उनका संसद में व उसके बाहर आचरण तुलनात्मक रूप से शालीन रहा है। इसे देखते हुए विपक्ष को देश में राजनीतिक बहस का स्तर गिराने का प्रयास नहीं करना चाहिए। हमने हमेशा जोर दिया है कि वैसे भी किसी बुराई का जवाब बुराई से नहीं दिया जा सकता है।

राजनीतिक लड़ाई को अदालतों में ले जाना उचित नहीं है और अतीत में भी इसके कोई लाभ नहीं हुए हैं। इस दृष्टिकोण से 14 विपक्षी दलों की सर्वोच्च न्यायालय में याचिका को उचित नहीं ठहराया जा सकता है। विडंबना है कि विपक्षी दल जनता में विश्वास नहीं पैदा कर पा रहे हें और अपने नेताओं द्वारा किए भयानक भ्रष्टाचार पर पर्दा डालना चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल में कई अवसरों पर विपक्ष द्वारा सीबीआई, ईडी व अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव डालने के प्रयासों का उल्लेख कर चुके हैं। संभवत: सर्वोच्च न्यायालय में दायर यह याचिका भी परोक्ष रूप से न्यायपालिका को 'प्रभावित' करने का प्रयास है। वर्तमान मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि लोकतंत्र में राजनेता अपने आप में कोई विशिष्ट वर्ग नहीं हैं और उनको आम जनता से अलग रख कर नहीं देखा जा सकता है। हालांकि, याचिका को वापस लेने की अनुमति देने के साथ ही उसने विपक्षी नेताओं के प्रति थोड़ी नरमी भी दिखाई है। पीठ ने कहा, 'जब कोई व्यक्तिगत आपराधिक मामला या ऐसे मामले हों तो आप हमारे पास वापस आ सकते हैं।' तथ्य यह है कि एमपी-एमएलए अदालतों का खासतौर से गठन इनके खिलाफ आपराधिक मामलों के तेजी से निस्तारण के लिए किया गया है। केन्द्र सरकार ने इन अदालतों का गठन सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर ही किया है। महत्वपूर्ण है कि सर्वोच्च न्यायालय इन अदालतों के कामकाज पर निगरानी रखता है। इस प्रकार विपक्षी नेताओं को कानूनी दृष्टिकोण से सुरक्षित रखने के अनेक उपाय किए गए हैं। वैसे भी विपक्षी दलों के पास पैसे व अच्छे वकीलों की कोई कमी नहीं है और वे अपना कानूनी बचाव बखूबी कर सकते हैं।

# दिल्ली विद्युत वितरण की समस्यायें

यदि राज्य सरकार तीन डिस्काम को अपने नियंत्रण से मुक्त कर उनको बहु-प्रतीक्षित स्वतंत्रता दे तो विद्युत वितरण की समस्यायें दूर हो सकती हैं।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



वर्ष 2018 में दिल्ली विद्युत नियामक आयोग-डीईआरसी ने एक आदेश जारी कर दिल्ली सरकार को वरीयता प्राप्त उपभोक्ताओं, मुख्यत: परिवारों को 'सीधे' सब्सिडी देने का आदेश दिया। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी व्यवस्था से इसे सीधे उनके बैंक खाते में दिया जाता है। इसके पहले सब्सिडी तीन विद्युत वितरण कंपनियों-डिस्काम के माध्यम से दी जाती थी जिनमें दक्षिण व पश्चिमी दिल्ली के लिए डिस्काम बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड-बीआरपीएल, मध्य व पूर्वी दिल्ली के लिए डिस्काम बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड-बीवाईपीएल तथा उत्तरी दिल्ली के लिए डिस्काम नार्थ दिल्ली पावर लिमिटेड-एनडीपीएल शामिल हैं। लेकिन इस आदेश का कभी क्रियान्वयन नहीं हुआ और कहा जाता है कि अब इसे खामोशी से वापस ले लिया गया है। 2003 के बिजली कानून के अनुसार राज्य बिजली नियामक आयोगों-एसईआरसी को विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए बिजली टैरिफ तय करने के साथ ही कानून के विभिन्न प्राविधानों को लागू करने की जिम्मेदारी दी गई है। अब यदि एसईआरसी या वर्तमान मामले में डीईआरसी को को दिए कोई निर्देश लागू नहीं होते हैं या उनको वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है तो इससे राष्ट्रीय राजधानी में बिजली वितरण बिजनेस की वर्तमान व्यवस्था में व्याप्त समस्याओं का संकेत मिलता है। हमें कुछ मूल तथ्यों पर गौर करना चाहिए कि डिस्काम उपभोक्ताओं को सप्लाई की जाने वाली बिजली की व्यवस्था कैसे करते हैं, उनकी टैरिफ निर्धारण प्रक्रिया क्या है और सब्सिडी की इसमें क्या भूमिका होती है।

वर्तमान समय में डिस्काम अपनी बिजली सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों-पीएसयू, जैसे नेशनल थर्मल पावर कार्पोरेशन-एनटीपीसी, आदि तथा स्वतंत्र बिजली उत्पादकों-आईपीपी से बिजली खरीद समझौतों के अंतर्गत करते हैं जो अधिकांशत: 25 साल तक के दीर्घकालीन अनुबंध हैं। मांग का बहुत थोड़ा हिस्सा बिजली एक्सचेंजों से लिया जाता है जो 5 प्रतिशत से अधिक नहीं है। उम्मीद की जाती है कि डिस्काम नियामक आयोग द्वारा संस्तुत टैरिफ पर उपभोक्ताओं को बिजली बेचेंगे। इसका निर्धारण इस आधार पर होता है कि इन टैरिफों की बिक्री से प्राप्त राजस्व पूरी तरह बिजली खरीद की कीमत के साथ ही व्हीलिंग व वितरण का खर्च अदा करे। यह उनकी वित्तीय जीवन्तता तथा अच्छा स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है। यह आवश्यकता बिजली कानून, 2003 के अनुसार अनिवार्य है।

लेकिन टैरिफ स्वीकार करते समय एसईआरएस विरले ही इस महत्वपूर्ण सिद्धान्त का पालन करते हैं। इस प्रकार वे समुचित राजस्व जुटाने में विफल रहते हैं जिसमें डिस्काम की बिजली खरीद व वितरण की लागत शामिल है। वे यह कमी स्वीकार करते हैं, पर स्थाई रूप से इसे समाप्त करने के कोई सार्थक कदम नहीं उठाते हैं। इसके साथ ही वे डिस्काम को यह कमी बैलेंसशीट में प्राप्ति योग्य के रूप में दर्ज करने को कहते हैं जिसे नियामक परिसंपत्तियां-आरए जैसा अच्छा नाम दिया गया है। यह एक अत्यधिक गैर-जिम्मेदार काम को वैध ठहराने की कवायद है। आश्चर्य नहीं कि इससे सालों से आरए के काम में हस्तक्षेप हो रहा है। 30 जून, 2022 को यह कमी 88,720 करोड़ रुपये थी।

यदि अपीलीय स्तर पर या उच्च न्यायालयों में लंबित कानूनी विवादों को शामिल करें तो यह बढ़ कर 100,000 करोड़ रुपये से अधिक हो जाती है। दिल्ली में वर्तमान आरए लगभग 20,000 करोड़ है। सवाल है कि लागत व राजस्व के बीच यह कमी कैसे आती है? इसका संबंध राज्य अवस्थापना के सर्वोच्च राजनीतिक आकाओं से है। वे डिस्काम को बिजली का बड़ा हिस्सा परिवारों तथा कुछ राज्यों में किसानों को सप्लाई खर्च के बहुत कम हिस्से पर या मुफ्त सप्लाई को कहते हैं। इसके परिणामस्वरूप बिक्री में घाटा होता है जो तकनीकी व वाणिज्यिक नुकसानों-एटीएंडसी के कारण और बढ़ जाता है। साफ तौर से कहें तो यह बिजली की चोरी है। घाटा कम करने के लिए डिस्काम उद्योगों-बिजनेसों से बिजली की अधिक दरें वसूल करते हैं। दिल्ली में यह 16 रुपये प्रति यूनिट है। इसके बावजूद डिस्काम को घाटा होता है।

जब डिस्काम राज्य सरकार के आदेश से लक्षित समूहों को मुफ्त या कृत्रिम रूप से बहुत कम टैरिफ पर बिजली देते हैं तो सरकार का दायित्व है कि वह बिक्री व सप्लाई के बीच अंतर की प्रतिपूर्ति उनको करे। लेकिन अधिकांश राज्य ऐसा नहीं करते हैं या उसकी केवल आंशिक प्रतिपूर्ति ही करते हैं। इस भुगतान को भी काफी विलम्ब के बाद किया जाता है। इसके परिणामस्वरूप डिस्काम बढ़ते घाटे और आरए के दुष्चक्र में फंस गए हैं। इस कारण एसईआरसी को अक्सर तात्कालिक व मनमाने उपायों का सहारा लेकर राजस्व बढ़ाना पड़ता है। उदाहरणार्थ, दिल्ली में 8 प्रतिशत सरचार्ज लिया जाता है। हालांकि, इससे ग्राहकों पर बोझ बढ़ जाता है, पर समस्या बनी रहती है। यह समस्या तभी दूर हो सकती है जब राज्य सरकारें डिस्काम को राज्य नियंत्रणों से मुक्त कर उनको बहु-प्रतीक्षित स्वतंत्रता प्रदान करे। इससे वे 'सभी' उपभोक्ताओं के लिए खरीद व वितरण पर आने वाले खर्च के अनुसार टैरिफ तय कर सकेंगे। जहां तक सब्सिडी का सवाल है, राज्य सरकारें डीबीटी के माध्यम से इसे लाभार्थियों को 'सीधे' दे सकती हैं। इस स्थिति में डिस्काम एचएच व किसानों को बेची जाने वाली बिजली की पूरी कीमत वसूल सकेंगे। बिक्री से घाटा न होने पर वे उद्योगों व बिजनेसों से ज्यादा दाम नहीं लेंगे और उनको सस्ती बिजली मिलेगी। राज्य नियंत्रण से बाहर होने पर वे बिजली चोरी पर भी लगाम लगा सकेंगे। इस प्रकार डिस्काम वित्तीय रूप से जीवन्त उद्यम बन जाएंगे तथा आरए व घाटा अतीत की चीजें बन जाएंगी। डीबीटी के अंतर्गत बिजली वितरण बिजनेस को लाइसेंस-मुक्त करने का रास्ता खुलेगा, कुछ उद्यमों का एकाधिकार टूटेगा तथा प्रतियोगिता बढ़ने से उपभोक्ताओं के सामने ज्यादा रास्ते खुलेंगे और उनको सस्ती बिजली मिलेगी। कल्पना करें यदि सभी एसआरसी ने अपने संबंधित राज्यों में डीबीटी प्रयोग सुनिश्चित किया होता तो भारतीय अर्थव्यवस्था को कितना लाभ होता। लेकिन दु:ख की बात है कि किसी ने ऐसा नहीं किया है। डीईआरसी ने इस आशय का आदेश जारी जरूर किया, पर वह केवल कागजों पर ही रह गया। दिल्ली में सभी उपभोक्ता सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद बिल में 100 प्रतिशत तक भारी वृद्धि की आशंका से परेशान हैं जिसमें डीईआरसी को डिस्काम को पूरा आरए वसूल करने का निर्देश देने को कहा गया है। इनमें वे उपभोक्ता शामिल नहीं हैं जो केजरीवाल अवस्थापना की 'खैरात' का लाभ उठा रहे हैं। प्रति माह 200 यूनिट तक उपभोग वाले एचएच परिवारों से कोई पैसा नहीं लिया जाता है, जबकि 200 से 400 यूनिट तक खर्च वाले एचएच से 800 रुपये लिए जाते हैं। हालांकि, डीईआरसी ने इस आदेश को चुनौती देने का निर्णय किया है, लेकिन फिलहाल दिल्लीवासियों को खतरे का सामना करना पड़ रहा है। डीईआरसी के 2018 का आदेश न मानने के और गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इसका अर्थ है कि डिस्काम लाभार्थियों-उपभोक्ताओं से सप्लाई का पूरा खर्च वसूल करेंगे। ऐसे में दिल्ली सरकार को उनको प्रतिपूर्ति करने की जरूरत न होती। लेकिन इस आदेश का क्रियान्वयन नहीं हो सका।

इसका अर्थ है कि डिस्काम लाभार्थियों को मुफ्त या कम दरों पर बिजली सप्लाई करते रहे, लेकिन ऐसा लगता है कि दिल्ली सरकार ने खर्च और सप्लाई के बीच हुए इस घाटे की प्रतिपूर्ति नहीं की। क्या इसका अर्थ है कि 2018 से 'बिना प्रतिपूर्ति वाली' यह धनराशि डिस्कामों की बैलेंसशीटों में आरए के रूप में दर्ज है? यदि डिस्काम को वर्तमान समय में घाटे की प्रतिपूर्ति सरकार द्वारा कर दी जाए तो भी उनका भारी आरए बना रहेगा। यह स्थिति बिजली सब्सिडी में गंभीर अनियमितताओं का संकेत देती है। इसके लिए डिस्काम तथा दिल्ली सरकार के खातों की व्यापक जांच कर आवश्यक कार्रवाई होनी चाहिए ताकि उसका खामियाजा उपभोक्ताओं को न भुगतना पड़े। अकेले दिल्ली ही डिस्काम में घाटे का जिम्मेदार नहीं है, बल्कि यह समस्या अधिकांश राज्यों में व्याप्त है। इसके केन्द्र में भारी मात्रा में मुफ्त या सस्ती बिजली डिस्काम के माध्यम से देना है। जब तक सब्सिडी के लिए पूर्णत: डीबीटी माध्यम लागू कर इस गंभीर समस्या से नहीं निपटा जाता है तब तक डिस्काम की स्थिति लगातार दयनीय बनी रहेगी।

# सार्वभौमिक स्वास्थ्यरक्षा का सपना

"आज विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर, हमें सभी के लिए स्वास्थ्य के लिए अपनी प्रतिज्ञा को नवीनीकृत करना चाहिए।"

**सुधा शर्मा**
(लेखिका स्वास्थ्य विशेषज्ञ हैं)



विश्व स्वास्थ्य दिवस, 7 अप्रैल को मनाया जाता है क्योंकि 75 साल पहले इसी दिन विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना हुई थी। इसकी कई सार्वजनिक स्वास्थ्य उपलब्धियों में चेचक का उन्मूलन, पोलियो का उन्मूलन, सर्वाइकल कैंसर का टीका, मलेरिया का टीका और वैश्विक समुदाय को नई स्वास्थ्य समस्याओं और सार्स, स्वाइन फ्लू, इबोला, कोविद -19 जैसी महामारियों से निपटने में मदद करना और विज्ञान, समाधान शामिल हैं। और एकजुटता।

इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम 'सभी के लिए स्वास्थ्य' है। यूनिवर्सल हेल्थ केयर (यूएचसी) का मतलब है कि हर किसी को जरूरत पड़ने पर स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच होनी चाहिए, जहां उन्हें इसकी जरूरत है और बिना किसी वित्तीय कठिनाई के। कोविड-19 महामारी, जलवायु संकट, आर्थिक बाधाओं और युद्धों जैसी स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थितियों ने यूएचसी के लिए कार्रवाई को तत्काल आवश्यक बना दिया है। क्या यह एक साध्य सपना है, यह देखते हुए कि वैश्विक आबादी के 30 प्रतिशत लोगों के पास आवश्यक सेवाओं तक पहुंच नहीं है और 2 अरब से अधिक लोग भयावह स्वास्थ्य व्यय का सामना कर रहे हैं?

डब्ल्यूएचओ के अनुसार, आवश्यक सेवाएं देने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल दृष्टिकोण सबसे अधिक लागत प्रभावी दृष्टिकोण है। हमारे देश में जिला स्तर के अस्पतालों से लेकर सीएचसी, पीएचसी और उपकेंद्रों का एक मजबूत बुनियादी ढांचा है। इन उप केंद्रों को एचडब्ल्यूसी-स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों में अपग्रेड किया गया है। संक्रामक रोगों और गैर-संचारी रोगों के सभी समूहों के लिए सभी सुविधाओं को प्रोत्साहक, निवारक और उपचारात्मक सेवाएं देने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। सरकारी क्षेत्र के साथ-साथ निजी क्षेत्र, गैर सरकारी संगठन, धर्मार्थ संस्थान और सार्वजनिक-निजी भागीदारी उद्यम समुदाय को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की जिम्मेदारी निभाते हैं। लेकिन हम अभी भी कितनी बीमारियों का सामना कर रहे हैं !

जीवन आसान हो गया है लेकिन स्वस्थ नहीं। हमें डराने वाली इन बीमारियों के बीच, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा, हृदय रोग, स्ट्रोक जैसे गैर-संचारी रोग... तथाकथित जीवनशैली रोग और सीओपीडी और कैंसर शो स्टॉपर हैं। ये हमारे देश में 61.8ब मौतों का कारण हैं। हम दुनिया की मधुमेह राजधानी हैं। अन्य खतरनाक आंकड़े इस तथ्य की ओर इशारा करते हैं कि व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तरों पर बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है।

सभी प्रकार के रोगों में, रोग उत्पन्न करने के लिए आवश्यक %मेजबान-एजेंट-पर्यावरण संपर्क% होता है। तो अच्छी खबर यह है कि एजेंट अकेले बीमारी का कारण नहीं बन सकते। मेजबान, व्यक्ति (हम), और घरेलू वातावरण में परिवर्तन इन जोखिम कारकों को संशोधित कर सकते हैं और हमें कई तरह से लाभान्वित कर सकते हैं। एक स्वस्थ लाइफ इन स्टाइल जीना न केवल एनसीडी की रक्षा, रोकथाम और नियंत्रण कर सकता है बल्कि दूसरों के अनुसरण के लिए एक उदाहरण भी स्थापित कर सकता है... तो, ये कौन से कदम हैं जो हमारे घरों को एक वेलनेस सेंटर बना सकते हैं?

जीवन की सभी बेहतरीन चीजों की तरह ये भी बहुत ही सरल और सस्ती हैं। जैसा कि डब्ल्यूएचओ द्वारा सुझाया गया है, एनसीडी को कम करने के लिए सबसे अच्छा उपाय ताजे फल और सब्जियों के साथ संतुलित पौष्टिक आहार लेना, तम्बाकू छोड़ना, शराब छोड़ना, दैनिक शारीरिक गतिविधि, नमक प्रतिबंध, परिष्कृत चीनी की खपत में कमी करना है। सूची में, कोई भी वसा की खपत को कम कर सकता है, विशेष रूप से ट्रांस वसा, और मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग को नियंत्रित कर सकता है।

इन सरल हस्तक्षेपों की शक्ति को कम मत समझो। यदि नियमित रूप से पालन किया जाए तो वे आपके लिए चमत्कार कर सकते हैं। एक और प्रतिमान बदलाव की हमें आवश्यकता है कि हम अपनी पसंद की स्वास्थ्य सामर्थ्य का आकलन करें, न कि वित्तीय सामर्थ्य।

पीड़ित लोगों के लिए सलाह का एक अंतिम शब्द : नियमित दवाएं और जीवनशैली में बदलाव जटिलताओं को दूर रखेंगे और आपके जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार करेंगे। एक समृद्ध समाज के लिए मजबूत स्वास्थ्य प्रणालियों में निवेश करना महत्वपूर्ण है, लेकिन लाभ और प्रदूषण से संचालित अर्थव्यवस्थाओं से निष्पक्षता और कल्याण से संचालित अर्थव्यवस्थाओं और टिकाऊ और आवश्यकता-आधारित विकास से संचालित अर्थव्यवस्थाओं में एक प्रमुख बदलाव की आवश्यकता है।

सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज एक राजनीतिक और सामाजिक पसंद है। हमें मजबूत राजनीतिक नेतृत्व और जनता की मांग की जरूरत है। यह जनता की मांग सेवाओं, कानूनों और बीमा योजनाओं के लिए सरकारों की ओर होनी चाहिए लेकिन खुद को बदलने की हमारी भूमिका और हमारे जीवन को बदलने के लिए हमारे वातावरण को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। तो, अगली बार जब आपको अपने बच्चों को मॉल में ले जाने या पास के पार्क में साइकिल चलाने के बीच चयन करना होगा।

आइए हम इस विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रुकें और देखें कि कौन सी बाधाएँ स्वास्थ्य के इस मार्ग पर और प्रगति को रोक रही हैं। और आप पाएंगे कि बहुत से ऐसे हैं जिनके लिए आदतों और विचारों के पैटर्न में साधारण परिवर्तन की आवश्यकता होगी। जीवन के हर पहलू की तरह स्वास्थ्य में भी किसी भी समस्या के दो समाधान होते हैं। हम या तो दूसरों की प्रतीक्षा कर सकते हैं जैसे सरकारें (फास्ट फूड और कोल्ड ड्रिंक पर प्रतिबंध लगाकर) और दोस्तों और परिवार हमारे लिए स्वस्थ विकल्प चुनें, या हम स्वस्थ विकल्प बनाने और दूसरों के लिए रोल मॉडल बनने के लिए अपने आत्मनिर्णय और इच्छाशक्ति का उपयोग कर सकते हैं। सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के सपने को साकार करने में हमारी सक्रिय भागीदारी गेम चेंजर साबित होगी। आइए इस दिन हम वादा करते हैं

## आप की बात

### जुझारू ट्रंप

**इस** ऐतिहासिक मामले में, जिसमे डोनाल्ड ट्रम्प को अभियोगी करार दिया गया है, अमेरिका का राजनीतिक परिदृश्य बदलने की क्षमता है। डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिका के पहले राष्ट्रपति बन गए हैं जिनको अभियोगी बनाया गया है। अमेरिका में यह अनकहा कानून है कि वहां न केवल वर्तमान राष्ट्रपति परन्तु भूतपूर्व राष्ट्रपतियों को भी इस तरह के मामलों में बचाव मिलता है और उन्हें अभियोगी नहीं बनाया जाता है। परन्तु, ट्रम्प कोई मामूली राष्ट्रपति नहीं है। पिछला चुनाव हारने के पश्चात भी उन्होंने हार नहीं मानी है बल्कि 2024 की पूरी तैयारी में हैं। इस मामले में अभियोक्ता एक डेमोक्रेट हैं तो लाजमी है कि उन पर पक्षपाती होने के आरोप जरूर लगेंगे। हो सकता है इस हश मनी मामले में ट्रम्प किसी तरह बाहर भी आ जाएँ लेकिन गंभीर बात यह है कि और भी मामले उनके खिलाफ हैं। इनमें 2020 के चुनाव में घपले का मामला और वित्तीय धोखाधड़ी का मामला शामिल है। 1972 के वाटरगेट के बाद यह पहला ऐसा मौका है, जब राष्ट्रपति निक्सन ने त्यागपत्र दे दिया था लेकिन ट्रम्प आखिरकार ट्रम्प ठहरे, वह ऐसे हार मानने वालों में से नहीं है। अनेक भारतीयों की ट्रंप के साथ सहानुभूति है क्योंकि वे अडिग रूप से भारत के मित्र रहे हैं।

– **बाल गोविंद,** नोएडा

### खालिस्तानी खतरा

**खालिस्तान** की मांग भारत के लिए एक बड़ा सुरक्षा खतरा है और विदेशों में भारत की छवि को खराब करने के लिए इसका इस्तेमाल किया जा रहा है। खालिस्तानी नेताओं द्वारा इस आंदोलन को और भी तेज करने की कोशिश की जा रही है। भारत के दुश्मन राष्ट्र चीन और पाकिस्तान इस मौके का लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं। सरकार को खालिस्तान षडयंत्र के पीछे छिपे लोगों को आम जनता के सामने लाकर उनकी असलियत उजागर करनी चाहिए। खालिस्तान आंदोलन भारत की एकता और अखंडता के खिलाफ है और इसके खिलाफ सभी भारतीयों को एकजुट होना चाहिए। इसके लिए संघ, राज्य सरकारों और सभी राजनैतिक दलों को साथ आने की जरूरत है। भारत को नीचा दिखाने के लिए देश के दुश्मन पाकिस्तान और चीन जैसे देश इसे अपने अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक एजेंडे में शामिल कर सकते हैं। सरकार ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया है और इसके खिलाफ व्यापक रणनीति अपनाई जा रही है। इस खतरे से निपटने में पंजाब सरकार तथा पंजाब के क्षेत्रीय दलों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, पर विडंबना है कि उनकी दृढ़ता अभी सामने नहीं आ पाई है।

– **अवनीश कुमार गुप्ता,** आजमगढ़

### लाडली बहना योजना

**मध्य प्रदेश** के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहना योजना लागू कर गांव-गांव, नगर-नगर बहनो को खुशियाँ देकर इस सार्थकता भरी पहल को मूर्त रूप दिया है। इससे असहाय, अकेले जीवन यापन करने वाली, आर्थिक रूप से परेशान व संघर्ष का जीवन बिताने वाली महिलाओ में व इस प्रकार पूरी नारी शक्ति में जीवन जीने की नई उम्मीदे जगा दी हैं। कार्य को गतिशीलता प्रदान करने के लिए समूचे प्रदेश मे जगह-जगह शिविर लगाकर व कार्य को तकनीकी रूप से आसान बनाकर बहनों को पंजीकृत कर नारी शक्ति को महत्व व आत्म सम्मान दिया गया है तथा उनका सम्मान बढ़ाया गया है। पुरानी शिक्षा है कि जहां नारी शक्ति का मानए सम्मान होता है वहां देवता भी बसते हैं। बेटियों के मामा तथा बहनों के भाई के रूप में श्री शिवराज सिँह जी चौहान साधुवाद के पात्र हैं जिन्होंने अपनी कल्याणकारी योजना से बहनों के आँसुओ को पोंछा है। मुख्यमंत्री के रूप में अपना चौथा कार्यकाल पूरा कर कुछ महीनों में शिवराज चौहान के नेतृत्व में भाजपा विधानसभा चुनाव के मैदान में उतरेगी। उम्मीद है कि यह योजना भाजपा को विजय दिलाएगी।

– **योगेश जोशी,** बड़वाह

### मोदी की दृढ़ता

**सीबीआई** की डायमंड जुबली के अवसर पर प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध मिशन मोड़ में कार्यवाही करने की बात कही है। उन्होंने कहा, एक भी भ्रष्टाचारी बचना नही चाहिये,। इसके लिये राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी नही है तथा सीबीआई को बिना किसी हिचक के कार्य करना चाहिये। मोदी ने सीबीआई व ईडी का ध्यान भटकाने के लिये हो रहे हमले पर अधिकारियों से अपने काम पर ध्यान देने की बात कही है। सीबी आई ने 60 वर्षो में न्याय और इंसाफ के ब्रांड के रूप में देश के लोगों का विश्वास जीतने में कामयाब रही है। आमलोग भी चाहते हैं कि भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही हो। विकसित भारत के लिये पेशेवर और कुशल संस्थाओं की जरूरत है। सीबी आई ने जनता का विश्वास जीत लिया है, इसलिये हर कोई सीबी आई से ही जाँच कराने की बात करता है। मोदी ने आरोपितों को जल्दी सजा दिलाने के लिये प्रयास करने पर जोर दिया है। देश की दोनों प्रतिष्ठित जाँच एजेंसियों को जाँच आख्या कम से कम पृष्ठों में कम से कम समय में देकर अभियोजन तेज करना चाहिए।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से **responsemail.hindipioneer@gmail.com** पर भी भेज सकते है।

# मुख्यमंत्री योगी गोरखपुर मंडल को देंगे 4326 करोड़ से अधिक की सौगात

● महराजगंज में 2790.57 व देवरिया में 479.77 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण'

## 10.43 करोड़ की लागत वाले मिनी स्टेडियम होगा शिलान्यास

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**दो** दिन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर मंडल के तीन जिलों का दौरा कर 4326 करोड़ रुपये से अधिक के 1540 विकास कार्यों की सौगात देंगे। शनिवार को वह गोरखपुर और देवरिया में होंगे तो रविवार को गोरखपुर और महराजगंज में। गोरखपुर में वह शनिवार को 10.43 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले मिनी स्टेडियम का शिलान्यास करेंगे तो अगले दिन रविवार को 1045.66 करोड़ रुपये के 258 विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। शनिवार को देवरिया पहुंचकर 479.77 करोड़ रुपये 223 विकास कार्यों तथा रविवार को महराजगंज में 2790.57 करोड़ रुपये के 1058 विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। कुशीनगर को 451करोड़ रुपये के 106 विकास कार्यों की सौगात उनके पिछले दौरे ;29 मार्चद्ध में मिल चुकी है। शनिवार पूर्वाह्न मुख्यमंत्री के हाथों मिनी स्टेडियम का शिलान्यास सहजनवा के भोलाराम मस्करा इंटर कॉलेज परिसर में होगा। इसके बाद सीएम योगी गीडा क्षेत्र में पेप्सिको की फ्रेंचाइजी मेसर्स वरुण बेवरेजेस द्वारा स्थापित किए जाने वाले प्लांट के लिए भूमि पूजन करेंगे। पेप्सिको की फ्रेंचाइजी की तरफ से इस प्लांट के लिए 1071 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है। शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर बाद देवरिया के बरहज स्थित ग्राम बहोर धनवती पहुंचेंगे। यहां वह स्वर्गीय मरजादी देवी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद देवरिया के राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित समारोह में 198.38 करोड़ रुपये के 101 विकास कार्यों का लोकार्पण व 281.39 करोड़ रुपये के 122 कार्यों का शिलान्यास करेंगे। रविवार को सीएम योगी के हाथों विकास कार्यों का उपहार देने का सिलसिला जारी रहेगा। पूर्वाह्न वह हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड खाद कारखाना मैदान पर आयोजित समारोह में 333.85 करोड़ रुपये के 56 विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे तो 711.81 करोड़ रुपये के 202 विकास कार्यों का शिलान्यास भी उनके हाथों संपन्न होगा। इस समारोह के बाद मानीराम स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) गोरखपुर शाखा का उद्घाटन करेंगे। रविवार को दोपहर बाद सीएम योगी महराजगंज पहुंचेंगे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का लखनऊ हवाई अड्डे पर किया स्वागत

## डॉ. प्रमोद अलीगढ़ कांग्रेस सेवादल के जिला मुख्य संगठक नियुक्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार पांडेय ने अलीगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक गौड़ को अलीगढ़ जनपद का कार्य. जिला मुख्य संगठक नियुक्त किया है। डॉ. पांडेय ने गौड़ से अपेक्षा की है कि वह अपने जनपद में कांग्रेस सेवादल संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। गौड़ के मनोनयन पर कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे, विधायक वीरेन्द्र चौधरी, अजय राय, योगेश दीक्षित, अनिल यादव, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, राजेश सिंह काली, प्रज्ञा सिंह, डॉ. रिचा शर्मा आदि ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दीं हैं।

## यूपी में प्रोफेशनल कांग्रेस विंग का गठन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की प्रोफेशनल कांग्रेस विंग का गठन हुआ है। आल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस के चेयरमैन शशि थरूर ने अमिताभ निगम को पश्चिमी जोन का अध्यक्ष मनोनीत किया है। निगम ने शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर प्रेस कांफ्रें स आयोजित कर कहा कि आने वाले दिनों में प्रोफेशनल कांग्रेस प्रदेश में एक प्रोफेशनल जोड़ो यात्रा निकलेगी जिसमे कांग्रेस पार्टी से प्रोफेशनल्स को जोड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि यह यात्रा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी ज़िलों में जाकर प्रोफेशनल्स के बीच कांग्रेस की विचारधारा व कांग्रेस द्वारा किए गये कार्यों को बताएगी।

नवनियुक्त पश्चिमी जोन के अध्यक्ष अमिताभ निगम ने पश्चिमी जोन की कार्यकारिणी का परिचय कराया। ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस पश्चिमी जोन की नवगठित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के रूप में रजनी सिंह एवं सचिव के रूप में रोहित सपरा तथा नवनीत शर्मा, वैभव भारत बट्टा, अलका सिंह, दानिश ख़ान, अरविंद सोनी, मिनी शिखा, विनय मित्तल, अंकित चौहान, रीना राव, विनय मिश्रा, सौरभ द्विवेदी को प्रदेश कोऑर्डिनेटर की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। इस मौके पर अमिताभ निगम ने कहा कि यात्रा के दौरान बड़े स्तर पर प्रोफेशनल्स को एआईपीसी से जोड़ा जाएगा। कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाये जा रहे जयभारत सत्याग्रह में प्रोफेशनल कांग्रेस द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए आज प्रदेश के सभी एआईपीसी प्रदेश कोऑर्डिनेटर्स ने बैठक की। उन्होंने इस मौके पर विस्तार से बताते हुए कहा कि प्रोफेशनल कांग्रेस का गठन कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष श्री राहुल गांधी द्वारा वर्ष 2017 में की गई थी, जिसके राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. शशि थरूर हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के इस संगठन का उद्देश्य देश भर में विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहे प्रोफेशनल्स को कांग्रेस पार्टी की विचार धारा से अवगत कराने और उन्हें कांग्रेस पार्टी में जोड़कर कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाना है। प्रेसवार्ता में ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस पूर्वी जोन के अध्यक्ष तारिक सिद्दीकी ने पश्चिमी जोन के नवनियुक्त अध्यक्ष अमिताभ निगम तथा नवगठित कमेटी के सदस्यों को बधाई दी और कहा कि हम सभी मिलकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

## निकाय चुनाव में उम्मीदवारों के लिए धनराशि खर्च की अधिकतम सीमा निर्धारित

● राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को जारी किए निर्देश

●महापौर प्रत्याशी अधिकतम खर्च कर सकेंगे 40 लाख

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में होने वाले नगर निकाय चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने विभिन्न पदों पर नाम निर्देशन पत्रों का मूल्य, जमानत धनराशि एवं उम्मीदवारों द्वारा किए जाने वाले व्यय की अधिकतम सीमा निर्धारित कर दी है। इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से शुक्रवार को सभी जिलाधिकारियों/ जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

आयोग की ओर से उम्मीदवारों के लिए व्यय की जो अधिकतम सीमा निर्धारित की गई है उसके मुताबिक 80 से कम वार्डों वाले नगर निगम में महापौर पद के लिए 35 लाख रुपए और 80 या उससे अधिक वार्ड के नगर निगमों में महापौर पद के लिए यह सीमा 40 लाख रुपए होगी। नगर निगमों में पार्षद पद के उम्मीदवार तीन लाख रुपए से अधिक नहीं व्यय कर सकते हैं। 25 से 40 वार्ड वाले नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के लिए व्यय की अधिकतम सीमा नौ लाख रुपए निर्धारित की गई है। इसी प्रकार 41 से 55 वार्ड वाले नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार 12 लाख रुपए से अधिक नहीं खर्च कर सकते हैं। सदस्य नगर पालिक परिषद के उम्मीदवारों के लिए दो लाख रुपए, अध्यक्ष नगर पंचायत पद के लिए ढाई लाख रुपए और सदस्य नगर पंचायत पद के लिए चुनाव में व्यय करने वाली अधिकतम धनराशि की सीमा 50 हजार रुपए निर्धारित की गई है। इसके अलावा मेयर पद के उम्मीदवारों के लिए जमानत राशि छह हजार रुपए, नगर निगम पार्षद के लिए 1250 रुपए, नगर पालिका परिषद के अध्यख पद के लिए चार हजार रुपए और सदस्य नगर पालिका परिषद और सदस्य नगर पंचायत के लिए एक-एक हजार रुपए तथा अध्यक्ष नगर पंचायत के लिए ढाई हजार रुपए निर्धारित की गई है।

## पूर्व सांसद अतीक अहमद व उसके बेटे मो. उमर समेत 18 मुल्जिमो पर आरोप तय

● देवरिया जेल में प्रापर्टी डीलर को मारने.पीटने व रंगदारी वसूलने का मामला

**विधि संवाददाता।** लखनऊ



**राजधानी** के एक प्रापर्टी डीलर को अगवा कर देवरिया जेल में मारने पीटने व उससे रंगदारी वसूलने के मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने पूर्व सांसद अतीक अहमद व उसके पुत्र मो उमर समेत 18 मुल्जिमों पर आरोप तय कर दिया है। विशेष जज अजय विक्रम सिंह ने फिरौती के लिए अपहरण व हत्या की साजिश, जबरिया वसूलीए धोखाधड़ी, जालसाजी, कूटरचित दस्तावेजों का इस्तेमाल व जानमाल की धमकी देने आदि जैसी आईपीसी की गंभीर धाराओं में आरोप तय किया है। इनमें आरोप सिद्ध होने पर उम्र कैद या फिर मृत्युदंड तक की सजा का प्राविधान है। उन्होंने सीबीआई को अपना गवाह पेश करने का आदेश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 21 अप्रैल को मुकर्रर की है। गुरुवार को सीबीआई की विशेष अदालत में मुल्जिम अतीक अहमद साबरमती जेल से जरिए वीडियो कान्फ्रेसिंग पेश हुआ था। जबकि उसका लड़का मो. उमर, गुलाम सरवर, जफरउल्ला, मुख्तार, आलमगीर, वलाकत अली अंसारी, मो. आमिर कुरैशी, मो. हमजा, जकी अहमद, मो. फारुख व गुलाम मोइनुद्दीन सिद्दीकी जेल से व्यक्तिगत रुप से पेश किए गए थे। वहीं जमानत पर रिहा मुल्जिम पवन कुमार सिंह, नितेश मिश्रा, योगेश कुमार, इरफान, दयानंद व महेंद्र कुमार सिंह भी इस दौरान अदालत में हाजिर थे।

**यह है मामला:** 28 दिसंबर, 2018 को रियल स्टेट कारोबारी मोहित जायसवाल ने इस मामले की एफआईआर थाना कृष्णानगर में दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक देवरिया जेल में निरुद्ध अतीक ने अपने गुर्गो के जरिए गोमतीनगर आफिस से उसका अपहरण करा लिया। तंमचे के बल पर उसे देवरिया जेल ले जाया गया। अतीक ने उसे एक सादे स्टाम्प पेपर पर दस्तखत करने को कहा। उसने इंकार कर दिया। इस पर अतीक ने अपने बेटे उमर तथा गुर्गे फारुखए गुलाम व इरफान के साथ मिलकर उसे तंमचे व लोहे की राड से बेतहाशा पीटा। उसके बेसुध होते ही स्टाम्प पेपर पर दस्तखत बनवा लिया और करीब 45 करोड़ की सम्पति अपने नाम करा ली। साथ ही जानमाल की धमकी भी दी। अतीक के गुर्गों ने उसकी एसयूवी गाड़ी भी लूट ली। 23 अप्रैल 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश पारित कर इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी। 12 जूनए 2019 को सीबीआई ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु की थी। सीबीआई ने विवेचना के दौरान चार पूरक आरोप पत्र में अतीक के लड़के मोण् उमर समेत 10 मुल्जिमों को आरोपी बनाया। जबकि इससे पहले पुलिस ने अतीक अहमद समेत आठ मुल्जिमों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। बीते 27 मार्च को विशेष अदालत ने मुल्जिमों की डिस्चार्ज अर्जी खारिज कर दी थी।

## भाजपा नगर निगम क्षेत्रों में करेगी 50 से अधिक प्रभावी मतदाता सम्मेलन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नगर** निकाय चुनावों को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मतदाताओं तक अपनी पैठ बढ़ाने के लिए भाजपा ने प्रदेश के सभी नगर निगम क्षेत्रों में प्रभावी मतदाता सम्मलेन करने का फैसला किया है। इसकी शुरुआत कल शनिवार के दिन होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक सहित पार्टी के तमाम मंत्री और वरिष्ठ नेता इन सम्मेलनों के जरिए जनता के बीच जाएंगे। भाजपा प्रभावी मतदाता सम्मेलनों के माध्यम से जनसंवाद करेगी। नगर निगम क्षेत्रों में आयोजित होने वाले सम्मेलनों के माध्यम से मोदी-योगी सरकारों की योजनाओं तथा नगर निकायों में किए गए विकास कार्यों का लेखा-जोखा लेकर भाजपा प्रभावी मतदाताओं के बीच पहुंचेगी। मुख्यमंत्री सहित पार्टी के तमाम नेता सुशासन से यूपी की बदली तस्वीर तथा डबल इंजन सरकार में अंत्योदय के संकल्प को लेकर जनता के दरबार में पहुंचेंगे। पार्टी 8 अप्रैल से प्रदेश के सभी नगर निगम क्षेत्रों में यह सम्मेलन आयोजित करेगी।

प्रदेश में 50 से अधिक प्रभावी मतदाता सम्मेलन कराने की योजना है। 8 अप्रैल को झांसी तथा कानपुर में आयोजित होने वाले सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक प्रभावी मतदाताओं के साथ संवाद करेंगे। वहीं झांसी में होने वाले दूसरे सम्मेलन में केन्द्रीय मंत्री भानू प्रताप वर्मा तथा गोरखपुर में आयोजित सम्मेलन को प्रदेश के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, डॉ. अरुण कुमार सक्सेना संबोधित करेंगे जबकि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय फिरोजाबाद और पूर्व राज्यसभा सदस्य राम नारायण साहू, आगरा में प्रभावी मतदाता सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

## किसानों के लिए काल बन गई है भाजपा सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष और नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के किसान पर असमय बारिश ओलावृष्टि की चोट के साथ आवारा पशुओं द्वारा फसल बर्बाद करने की आफत से तबाही मची है। रोज टूटते हाईटेंशन तारों से खेत के खेत जल कर राख हो रहे हैं। नमी और दूसरी वजहें दिखाकर क्रय केन्द्रों पर किसान का गेहूं नहीं खरीदा जा रहा है।

अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में अन्नदाता किसान सबसे ज्यादा मुसीबत में है। भाजपा सरकार को किसानों की कोई परवाह नहीं है। तमाम वादे करने के बावजूद भाजपा सरकार ने किसानों के साथ कोई वादा पूरा नहीं किया है। कृषि निवेशों की महंगाई के कारण किसानों की आय दोगुनी करने वाली भाजपा सरकार ने किसानों की आय आधी कर दी है। भाजपा सरकार किसानों के लिए काल बन गई है। उन्होंने कहा कि महोबा में आंधी बारिश से 25 बीघे में तैयार गेहूं चना की फसल बर्बाद हो गई। सदमा लगने से किसान की मौत हो गई। किसान ने बैंक से 2 लाख का कर्ज लेकर फसल बोई थी। हजारों किसान इस संकट से जूझ रहे हैं। हर तरफसे शिकायतें आ रही है कि भाजपा सरकार में अधिकांश गेहूं की खरीद प्राइवेट कम्पनियां कर रही है। किसान को एमएसपी नहीं मिल रही है। बिचौलिए औने पौने दाम पर खरीद रहे है। सरकार पूरी खरीद भी नहीं कर रही है। भाजपा ने जता दिया है कि वह किसानों की शोषक और पूंजी घरानों की पोषक है। किसान को उपज का मूल्य और लागत तक नहीं मिल रहा है।

भाजपा सरकार किसानों की आय दोगुनी करने का अब जिक्र तक नहीं करती है। बारिश ओलावृष्टि से बर्बाद फसल का मुआवजा नहीं बंट रहा है। सरकार अभी किसानों की क्षति का सर्वे ही नहीं कर पाई है। किसान की फसल बीमा योजना धोखा साबित हो रही है। किसान की फसल बीमा का लाभ सिर्फ बीमा कम्पनियां ले रही है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में किसान बेहाल, परेशान और बर्बाद है। किसान की कहीं सुनवाई नहीं है। भाजपा सरकार बड़े पूंजीपतियों की हितचिंता में किसान को हर तरह से शोषित, वंचित और पीड़ित बना रही है।

## कारागार महकमे के रिक्त चल रहे साढ़े तीन हजार पदों को भरेगी राज्य सरकार

● मुख्यमंत्री ने उच्च स्तरीय बैठक में कारागार व गृह विभाग को भर्ती का खाका तैयार करने के दिए आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग में खाली पदों को भरने की तैयारी कर रही है। इसको लेकर सीएम योगी ने कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग और गृह विभाग को उच्च स्तरीय बैठक में भर्ती का खाका तैयार करने के आदेश दिये हैं। ऐसे में जल्द ही इन पदों को भरने के लिए शासनादेश जारी किया जा सकता है। मालूम हो कि वर्तमान में कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग में कुल साढ़े तीन हजार से अधिक पद खाली हैं। यह पद समूह क से लेकर घ तक के हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक उच्च स्तरीय बैठक में गृह विभाग के साथ कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग की समीक्षा बैठक की। इस दौरान विभाग के अधिकारियों ने उन्हे अवगत कराया कि वर्तमान में विभाग में कुल 3504 पद खाली हैं। उन्होंने बताया कि विभाग में समूह क के 156 पद स्वीकृत हैं, जिसमें से 107 पद रिक्त हैं। इसी तरह समूह ख के 738 पद स्वीकृत हैं, जिसमें 326 पद खाली हैं। वहीं समूह ग और घ में क्रमश: 10543 और 682 पद स्वीकृत हैं, जिसमें से क्रमश: 2808 और 263 पद खाली हैं। ऐसे में कुल 12119 स्वीकृत पद के सापेक्ष वर्तमान में 8769 पद पर कर्मी तैनात हैं जबकि शेष पद खाली हैं। इसी तरह जेल वार्डर के 7815 पदों के सापेक्ष 2068 पद खाली हैं, जिसके लिए विभाग की ओर से उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को पत्र लिखा गया है। इन पदों पर भर्ती प्रक्रिया मई में शुरू हो सकती है। वहीं कारागार महकमे में चिकित्साधिकारी के 153 पदों के सापेक्ष 36 पद खाली हैं। इन पदों पर तैनाती चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से की जाती है। ऐसे में विभाग ने स्वास्थ्य विभाग को पत्र भेज दिया है। इसके साथ ही फार्मासिस्ट के 149 पदों के सापेक्ष 89 पद खाली हैं, जिसके लिए अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को पत्र के जरिए अवगत करा दिया गया है। अधिकारियों ने सीएम योगी को बताया कि रिक्त पदों की वजह से कारागारों को सुचारू रूप से चलाने में समस्या आ रही है। साथ ही जेल मैनुअल के अनुसार बंदियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने में परेशानी हो रही है। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शासन को विभाग में खाली पदों का खाका तैयार कर नियमानुसार रिक्त पदों को भरने के लिए शासनादेश जारी करने के निर्देश दिए थे।

## सपा ने 11 लोकसभा क्षेत्रों में बूथ कमेटियां गठित करने के लिए बनाए प्रभारी



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी ने 11 लोकसभा क्षेत्रों में पांच जून तक बूथ कमेटियां गठित कराने के लिए प्रभारी घोषित किए हैं। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम की आरे से शुक्रवार को जारी सूची के मुताबिक धौरहरा में पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा, पूर्व विधायक आबिद रजा व राजेश यादव को प्रभारी बनाया है। सिद्धार्थनगर में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडेय व वरिष्ठ नेता ओंकार सिंह पटेल, शाहजहांपुर में भगवत शरण गंगवार व अर्चना वर्मा राजपूत, महाराजगंज में अमरेंद्र निषाद व पूर्व एमएलसी राम अवध यादव, कुशीनगर में पूर्व मंत्री डॉ. मोहिसन, किसान सिंह सैंथवार व बंटी राव, आंवला में पूर्व विधायक आबिद रजा व पूर्व जिलाध्यक्ष अगम मौर्या को प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार देवरिया में पूर्व सांसद कनक लता सिंह, अशोक सिंह कुशवाहा व पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह, फर्रुखाबाद में पूर्व सांसद चंद्र भूषण सिंह मुन्नू बाबू, प्रदेश सचिव नवल शाक्य, मोहम्मद इरफानुल हक, हाथरस में राष्ट्रीय महासचिव रामजी लाल सुमन व पूर्व विधायक अमर सिंह यादव, गाजियाबाद में पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी व पूर्व एमएलसी महेश आर्या और मथुरा में पूर्व एमएलसी संजय लाठर व पूर्व एमएलसी उदयवीर सिंह को प्रभारी बनाया गया है।

## रोडवेज की बसों में राष्ट्रीय व राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक कर सकेंगे निशुल्क यात्रा

### पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को जारी होगा आरएफआईडी आधारित स्मार्ट कार्ड

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राष्ट्रीय** या राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार परिवहन निगम की बसों में नि:शुल्क यात्रा की सुविधा देने जा रही है। अभी तक पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को यात्रा के लिए 50 फीसद धनराशि देनी पड़ती थी। इन शिक्षकों के लिए एक आरएफआईडी (रेडियो फ्रीक्वेंसी आईडेंटिफिकेशन) आधारित स्मार्ट कार्ड उपलब्ध कराया जायेगा। स्मार्ट कार्ड को लेकर अपर शिक्षा निदेशक बेसिक की तरफ से सभी बीएसए को निर्देश जारी कर राष्ट्रीय या राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों की सूची मांगी गयी है।

इसके अंतर्गत शिक्षा विभाग की ओर से परिवहन विभाग को सूची उपलब्ध कराने के बाद लाभार्थी शिक्षक को स्मार्ट कार्ड के लिए स्वयं अप्लाई करना होगा। आवेदन के पश्चात स्मार्ट कार्ड मिलने के बाद इनका उपयोग टिकटिंग मशीन पर टैप करने पर शून्य मूल्य का टिकट जारी होगा। जिसमें बस नम्बर, कहां से कहां तक की यात्रा है, का विवरण अंकित होगा।

पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों के लिए जारी टिकटों के आधार पर प्रतिपूर्ति की धनराशि का वास्तविक आगणन निदेशक बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा को उपलब्ध कराया जाएगा। जबकि स्मार्ट कार्ड का मूल्य लाभार्थी को स्वयं वहन करना होगा। कार्ड की आयु 5 वर्ष है। खोने या जमा होने की स्थिति में नया कार्ड लाभार्थी को धनराशि का भुगतान करते हुए प्राप्त करना होगा।

### स्मार्ट कार्ड के लिए करना होगा आवेदन

**स्मार्ट** कार्ड के लिए पुरस्कृत शिक्षक लाभार्थी को अपने आधार कार्ड एवं निदेशक बेसिक/ माध्यमिक शिक्षा द्वारा प्राप्त परिचय पत्र के साथ शिक्षक का प्रमाणित फोटो लगा हो, जिसमें इस बात का उल्लेख हो कि परिचय पत्र धारक पुरस्कार प्राप्त अध्यापक है। शिक्षक को परिवहन निगम के किसी भी जनपद के स्टेशन पर जाकर प्रार्थना पत्र निर्धारित प्रारूप में अपना विवरण अंकित करना होगा। आधार कार्ड एवं शिक्षा विभाग द्वारा जारी परिचय पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति उपलब्ध करानी होगी। आधार कार्ड का ऑथेंटिकेशन प्राप्त होते ही स्मार्ट कार्ड काउंटर से उपलब्ध होगा। कार्ड का मूल्य 100 रुपए तथा 18 प्रतिशत जीएसटी अलग से देय होगी जिसका भुगतान शिक्षक को ही करना होगा।

### यह होता है आरएफआईडी कार्ड

**रेडियो** फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन एक वायरलेस सिस्टम को मैसेज है। जिसमें दो घटक होते हैं टैग और रीडर। रीडर एक ऐसा उपकरण है जिसमें एक या एक से अधिक एंटेना होते हैं जो रेडियो तरंगों का उत्सर्जन करते हैं और आरएफआईडी टैग से सिग्नल वापस प्राप्त करते हैं। सिग्नल के प्राप्त होते और डाटा मिलान के बाद कार्ड धारक की पुष्टि हो जाती है।

# फ्लोर मिल से फैल रहा वायु प्रदूषण का जहर

- फ्लोर मिल (कारखाना) के चलने पर जहां वायु प्रदूषण होता है वहीं तेज आवाज से ध्वनि प्रदूषण भी होता है
- ग्रामीणों व वरिष्ठ पत्रकार होती लाल रस्तोगी ने प्रशासन से की आबादी के बीच संचालित इस कारखाने को बंद करने की मांग

**संवाददाता।** गोलागोकर्णनाथ (खीरी)



**तहसील** गोला के पड़ोस में बांकेगंज-कोंधवा मार्ग पर आधुनिक उधोग (मिनी फ्लोर मिल) संचालित है। इस फ्लोर मिल (कारखाना) के चलने पर जहां तेज आवाजें निकलती है वहीं दूसरी तरफजबरदस्त वायु प्रदूषण होता है इससे पड़ोस में रहने वाले ग्रामीण व नगर के प्रमुख समाज सेवी व वरिष्ठ पत्रकार होतीलाल रस्तोगी व उनका परिवार पूरी तरह से प्रभावित है ऐसी परिस्थितियों में ग्रामीणों व वरिष्ठ पत्रकार होतीलाल रस्तोगी ने आबादी के मध्य यह संचालित कारखाना बंद करने की मांग जिला प्रशासन से की थी। कार्रवाई ना होने पर गोला पुलिस को तहरीर देकर मामले की जांच कर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। बताते चलें कि जब कोई उधोग धंधा और कारखाना लगना होता है तब सबसे पहले जिला उधोग विभाग से रजिस्ट्रेशन होता है बाद में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जीएसटी का रजिस्ट्रेशन होता है बाद में बिजली विभाग से कनेक्सन की प्रक्रिया भी अपनाई जाती है। गौरतलब होकि इस उधोग लगने के बाद कारखाना संचालित है जिम्मेदार अधिकारियों ने इस कारखाना के संचालन से पहले क्या क्या खामियां रही है इस ओर ध्यान देना उचित नहीं समझा। जिसके चलते ध्वनि व वायु प्रदूषण से आसपास के नागरिकों में गुस्सा है कि उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इसकी जांच करने की जहमत उठाना उचित नहीं समझा? मानक से हटकर व सड़क पार कर 11000 की बिजली लाइन निकाली गई है आखिर सुरक्षा तार की व्यवस्था क्यों नहीं की गई है अगर किसी समय तार टूटने की घटना होती है और उससे कोई भी राहगीर प्रभावित होता है तब बिजली विभाग की जिम्मेदारी होगी। इस लिए सड़क पार बिजली लाइन में सुरक्षा तार की व्यवस्था होनी चाहिए। नगर के वरिष्ठ पत्रकार व प्रमुख समाजसेवी होतीलाल रस्तोगी जो कि कारखाना खुलने से पहले से आवास बना -कर रह रहे हैं और वह शुगर व उच्च रक्तचाप (बीपी)के मरीज हैं उनके पुत्र श्रेष्ठ रस्तोगी एक सड़क दुघर्टना में घायल होने के बाद ब्रैन हैमरेज हुआ था उसका आपरेशन के बाद से उपचार चल रहा है यह सभी ध्वनि व वायु प्रदूषण से प्रभावित होने लगे हैं, बीमार होने के चलते दवाइयों पर है अगर ध्वनि व वायु प्रदूषण के जहर फैलने से कोई हादसा होता है तब इसकी जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की होगी। अगर नहीं तब ध्वनि व वायु प्रदूषण फैलाने की जांच कर तत्काल कार्रवाई जनहित में होनी चाहिए। ग्रामीणों को वायु प्रदूषण के जहर से बचाने के लिए वरिष्ठ पत्रकार होती रस्तोगी ने गोला पुलिस को तहरीर देकर मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

## आईपीएल में आवाज का जादू बिखेर रही सीतापुर की सुप्रिया

**संवाददाता।** सीतापुर

**सीतापुर** की एक बेटी इन दिनों आईपीएल में अपनी आवाज का जादू बिखेर रही है। आईपीएल सीजन के लिए इन दिनों वह मुंबई में हैं। वह केकेआर प्रशसंक टीम के हिस्से के रूप में जीओ सिनेमा के लिए काम कर रहीं है। कमेंटेडर सुप्रिया जबरानी सीतापुर के ईंट भट्ठा शैलेश कुमार जबरानी की बेटी हैं। बता दें कि सुप्रिया जबरानी ने अपनी पढ़ाई वेल्हम गर्ल्स देहरादून से की है। उन्होंने मुंबई के एचआर कालेज से स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। समूह चर्चाओं और साक्षात्कारों के कठिन दौर के बाद सुप्रिया को जीओ सिनेमा केकेआर फैन जोन का हिस्सा बना पड़ा। उसने पहले केकेआर की नकली निलामी में भाग लिया था। जिसमें वह 30 हजार प्लस प्रविष्टियों में शीर्ष 30 में शामिल हो गई थीं। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान सुप्रिया जबरानी केकेआर के अधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर भी नजर आई है।

## जीवित को मृत दिखाकर दूसरे के नाम वरासत कर दी जमीन

**संवाददाता।** सीतापुर

- क्षेत्रीय लेखपाल ने राजस्व अभिलेखों में व्यक्ति को मृतक किया दर्ज
- पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर लगाई न्याय की गुहार, समस्या का नहीं हुआ निस्तारण
- तहसीलदार ने कहा एक जैसे नाम होने से हो जाती है गलत

**फर्जीवाड़े** की इंतिहा हो गई। तहसील कर्मियों ने जिंदा व्यक्ति को मृत दिखाकर उसकी जमीन दूसरे के नाम कर दी। काफी समय तक क्षेत्रीय लेखपाल भूमि स्वामी को दिलासा दिलाते रहे। अब लेखपाल की तरफ से कुछ भी सहयोग नहीं किया जा रहा है। पीड़ित ने परेशान होकर जन सुनवाई के जरिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई फिर भी उसे न्याय नहीं मिल सका। ताजा मामला तहसील बिसवां क्षेत्र के गांव सालपुर का प्रकाश में आया है। यहां के निवासी मनोज कुमार का आरोप है कि विगत वर्ष नंवबर माह में उनकी जमीन गांव के लक्ष्मी देवी और आरती मिश्रा के नाम वरासत कर दी गई, और उन्हें राजस्व अभिलेखों में मृतक दिखा दिया गया। जानकारी होने पर जब इसकी शिकायत क्षेत्रीय लेखपाल बलिराम राणा से की तो उन्होने भी उचित समाधान नहीं किया। प्रकरण में बिसवां तहसीलदार अविचल प्रताप सिंह ने आई इंडिया को फोन पर बताया कि नाम और वल्दियत एक जैसी होने से त्रुटी हो सकती है। ऐसा होने पर त्रुटी को सुधार दिया जाएगा।

## प्रताड़ना से तंग आकर उपभोक्ता ने पिया कीटनाशक

**सीतापुर** विद्युतकर्मी उपभोक्ताओं का शोषण और उत्पीड़न कर रहे हैं। विद्युत कर्मियों की ऐसी मनमानी लगातार जारी है। आलम यह है कि ऐसी शिकाएतें आम होती जा रही हैं। कभी गलत बिजली बिल भेजकर तो कभी लोड बढ़ाने का दबाव बनाकर आर्थिक, मानसिक, शोषण, उत्पीड़न करने की शिकायतें सामने आ रही हैं। ताजा मामला थाना मछरेटा क्षेत्र का प्रकाश में आया है। जहां उपभोक्ता मोहित दीक्षित पुत्र कमलाशंकर दीक्षित ने जेई के उत्पीड़न से तंग आकर गन्ने में डालने वाला कीटनाशक पी लिया। यह कीटनाशक फसल पर छिड़काव के लिए लाया गया था। मोहित दीक्षित का इलाज जिला चिकित्सालय सीतापुर में चल रहा है। आरोप है कि क्षेत्रीय जेई कामता प्रसाद मोहित दीक्षित सहित गांव के और भी कई उपभोक्ताओं का उत्पीड़न कर रहे हैं। अवैध वसूली के लिए वह अक्सर गांव में जाकर तरह-तरह का दबाव बनाते रहते हैं।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर डाक्टरों ने निकाली जागरूकता रैली




**संवाददाता।** शाहजहाँपुर

**विश्व** स्थास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली के माध्यम से जनसामान्य को किया जा रहा जागरूक। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जनपद शाहजहॉपुर में पुराना जिला अस्पताल/ कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी से चिकित्सकों ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाये जाने के उद्देष्य से एक स्वास्थ्य रैली का निकला रैली को नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में चिकित्सकों ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता संदेषों की तख्तियॉ लेकर मुख्य मार्गो पर रैली निकाली गयी, रैली शहर में मुख्य मार्गों से होती हुई जिला अस्पताल में पहुंची इस अवसर पर डॉक्टरों ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहते हुए समय पर जाँच कराने की सलाह दी रैली में चिकित्सा अधिकारीगण, चिकित्सक, नर्स व अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

## थाना पसगवां पुलिस ने किया चोरी का खुलासा

- तीन अभियुक्तों को तीन चोरी के ई-रिक्शा व बैट्री और टायर-रिम के साथ किया गिरफ्तार

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी



**एसपी** गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व एसएसपी खीरी नेपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना पसगवाँ पुलिस द्वारा भादवि की घटना का सफल खुलासा करते हुए वांछित 03 नफर अभियुक्तों पवन राठौर, रामजी व अंकित गुप्ता को छोहा पुलिया के पास बाबा तिराहा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर थाना पसगवाँ पर पंजीकृत उपरोक्त दोनों अभियोगों के साथ ही थाना मैगलगंज व थाना हैदराबाद पर चोरी के पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित ई-रिक्शा व ई-रिक्शा के अन्य सामान भी बरामद किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का सामान लाने व बेचने के लिए प्रयुक्त 01 ई-रिक्शा, 01 बाइक व 03 मोबाइल फोन भी बरामद किया गये। सभी अभियुक्तों द्वारा ई-रिक्शा को चुराने के बाद ई-रिक्शा पार्टस में काट-काट कर बेचने के लिए चलते फिरते कबाड़ियों को चुना जाता था। अभियुक्तों द्वारा सीमावर्ती जनपद से ई-रिक्शा को चोरी करने के उसकी बैट्री को चोरी कर लिया जाता था और ई-रिक्शा छोड़ दिया जाता था। गिरफ्तार अभियुक्तों का चालान माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है। चोरों की पहचान पवन राठौर पुत्र शिवप्रेम नि0 ग्राम बरखेरिया जाट, रामजी पुत्र श्रीकृष्ण नि0 ग्राम बरखेरिया जाट व अंकित गुप्ता पुत्र प्रतिपाल नि0 ग्राम बरखेरिया जाट थाना पसगवाँ जनपद खीरी के रूप में की गयी है। चोरों के पास से 03 चोरी के ई-रिक्शा, 16 ई-रिक्शा की बैट्री, 08 ई-रिक्शा के टायर मय रिम हैण्डल, 02 ई-रिक्शा के चार्जर, 01 ई-रिक्शा का क्राउन मझिया, 02 ई-रिक्शा की कमानी, 02 ई-रिक्शा के अगले सॉकर, 01 ई-रिक्शा का कन्ट्रोलर, घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल, घटना में प्रयुक्त 03 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त 01 ई-रिक्शा बरामद किया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 नवीन कुमार द्विवेदी, उ0नि0 सुनील बाबू अवस्थी, हे0का0 उमाशंकर सिंह, का0 गुलफाम अली, का0 कपिल कुमार, का0 अंकित हुड्डा, का0 सतेन्द्र कुमार व का0 ब्रह्मलाल शामिल रहे।

## क्विक न्यूज

### चिकित्सा शिविर का आयोजन



**मोहम्मदी खीरी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सामाजिक न्याय सप्ताह के अंतगर्त स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदी में नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया] जिसमें स्वास्थ्य संबंधी सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से केंद्र अधीक्षक डॉ मयंक मिश्रा, डॉ सुशील शुक्ला,नीरज रस्तोगी, रितेश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### शिविर में उपस्थित लोगों को मिली महत्वपूर्ण जानकारी

**शाहजहाँपुर।** शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाहजहाँपुर भानु देव शर्मा के निर्देशानुसार विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ग्राम ददरौल में किया गया। शिविर की अध्यक्षता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाहजहाँपुर /अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश(एफटीसी-प्रथम)पीयूष तिवारी द्वारा की गयी। शिविर में उपस्थित लोगों को महत्वपूर्ण जानकारी दी व इसके साथ-साथ प्राधिकरण द्वारा चलायी जा रही विभिन्न प्रकारी की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला । एसीएमओ डॉ सोनकर्ण ने संचारी रोग के बारे में जानकारी दी इसके अतिरिक्त विभिन्न रोग जैसे मलेरिया, टायफाइड, डायबीटीज, हाईपरटेन्शन आदि बीमारियों पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की। डॉ रीतू रस्तोगी ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर चर्चा के साथ-साथ सर्वाईकल कैंसर पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होने अपने सम्बोधन में कहा कि महिलाओं की अधिकांश मौत सर्वाईकल कैंसर से होती है । स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, अफरोज अहमद ने स्वास्थ्य सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारी लोगों को दी। प्रियांशी पाण्डेय ने मिशन शक्ति के अन्तर्गत आने वाली योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी। शिविर का संचालन लोक अदालत लिपिक मो0 अफजल द्वारा किया गया ।इसके अतिरिक्त इस शिविर में अधिक संख्या में आशा बहुऐं, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, पी0एल0वी0 आपर्णा, मो0 रईस व योगेश कुमार आदि उपस्थित रहे।



### काउंसलर ओपीडी चलाता पकड़ा गया

**शाहजहांपुर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा था। सीएमएस और प्राचार्य के केबिन से चंद कदम की दूरी पर स्थित एक आफिस में काउंसलर पूरी ओपीडी चलाता पकड़ा गया। काउंसलर मरीजों को पर्चे लिखने के साथ दवाएं देता और उनसे रुपये भी लेता था।शिकायतें मिलने के बाद प्राचार्य और सीएमएस ने छापेमारी कर काउंसलर को रंगे हाथ पकड़ लिया है। दवाएं और पर्चे बरामर करने के बाद उसको सील कर दिया। वहीं कार्रवाई के लिए सीएमओ को पत्र लिखा गया है।हरदोई जिले के रहने वाले अमितोष अवस्थी को वर्ष 2018 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में काउंसलर के पद पर तैनाती मिली थी। सीएमओ ने उनकी तैनाती राजकीय मेडिकल कॉलेज में किशोर स्वास्थ्य केंद्र पर की थी। अमितोष का काम सिर्फ मरीजों की काउंसलिंग करना थी, लेकिन धीरे-धीरे अमितोष काउंसलर से डाक्टर बनने लगा। उन्होंने आफिस में ही एक ओपीडी की तरह मरीजों को देखना शुरू कर दिया। मरीजों को पर्चे पर दवाएं लिखने के साथ कुछ दवाएं आफिस में रख ली और उसके बदले रूपये लेने लगे।लगातार शिकायतों के बाद भी राजकीय मेडिकल कॉलेज में चुपचाप बैठा रहा। शुक्रवार को फिर से प्राचार्य डाक्टर राजेश कुमार और सीएमएस शैलेंद्र कुमार के पास शिकायत पहुंची। जिसके बाद दोनों ने किशोर स्वास्थ केंद्र पर छापेमारी कर काउंसलर अमितोष अवस्थी को रंगे हाथ मरीजों को देखते हुए पकड़ लिया। सीएमएस और प्राचार्य ने आफिस से बरामद हुए पर्चे और दवाएं सील कर दिए हैं। उन्होंने विभागीय जांच के आदेश दिए। साथ ही कार्रवाई के लिए सीएमओ को पत्र लिखा। आगे की कार्रवाई काउंसलर पर सीएमओ द्वारा की जाएगी। वहीं सीएमएस डाक्टर शैलेंद्र कुमार ने बताया कि काउंसलर अनाधिकृत रूप से मरीजों का इलाज कर रहा था। पर्चे लिखने के साथ दवाएं भी दे रहा था। काउंसलर के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी है।

### डीएम की संतुति के बाद समाज कल्याण अधिकारी निलंबित

**शाहजहांपुर।** वृद्धावस्था पेंशन में करोड़ों रुपये का गोलमाल कर दिया गया। करीब 4900 लाभार्थी के खातों में रुपये भेजने के बजाए दूसरे के खातों में ट्रांसफर कर दिए गए। डीएम की संतुति के बाद शासन ने समाज कल्याण अधिकारी को निलंबित कर दिया। जानकारी के अनुसार, डाटा फीडिंग के दौरान खाते बदलने का खेल शुरू किया गया था। डाटा फीडिंग का कार्य बाहरी लोगों से कराया गया। इतना ही नहीं, आधार कार्ड से लेकर तमाम दस्तावेज की फीडिंग व पासवर्ड तक समाज कल्याण अधिकारी ने प्राइवेट तौर पर काम करने वाले अपने करीबियों को दे दिया था। सरकार बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत एक-एक हजार रुपये देती है। तीन-तीन महीने की पेंशन एक साथ खाते में भेजकर बुजुर्गों का सहारा बनती है। अधिकारी और उनके करीबी प्राइवेट स्टाफ की मिलीभगत से गरीबों की पेंशन पर डाका डाल दिया गया। कुछ समय पहले सीएम के आदेश पर दिन रात आफिस खोलकर लाभार्थियों के दस्तावेजों की फीडिंग कराई गई थी। उस फीडिंग के दौरान बड़ा खेल कर दिया गया। जिले में एक लाख दो हजार पेंशन धारक हैं। लगभग 4900 पेंशन धारक ऐसे हैं जिनके फीडिंग के दौरान खाते बदल दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी एसबी सिंह ने बताया कि शिकायतों के बाद डीएम ने चार सदस्यीय टीम बनाकर जांच के आदेश दिए हैं। जल्द रिपोर्ट मिल जाएगी। डीएम की संतुति के बाद समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार को निलंबित कर दिया गया है। उनकी जगह पर वंदना सिंह को समाज कल्याण अधिकारी बनाया गया है। समाज कल्याण अधिकारी के आफिस में तैनात तमाम कर्मचारियों से जब बात की तो उन्होंने बताया कि डाटा फीडिंग के दौरान समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार ने सीतापुर में रहने वाले प्राइवेट लोगों को लाकर कार्य कराया था।

### विदाई समारोह में साथी अधिकारी को माल्यार्पण व प्रतीक चिन्ह भेंट

**शाहजहांनपुर।** पुलिस विभाग में स्थानांतरण आम प्रतिक्रिया है। विभाग का कोई अधिकारी जब गैर जनपद में जाता है तो उसका मनोबल ऊंचा करने के लिए विभाग के अधिकारी उसका विदाई समारोह कर, उसको सम्मान देते हुए कुशल कार्यशैली का आशीर्वाद देते हैं। इसी के तहत नगर के क्षेत्राधिकारी नगर अखण्ड प्रताप सिंह एसएसपी के जनपद शाहजहाँपुर से जनपद उन्नाव स्थानान्तरण होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एस0 आनन्द ने पुलिस लाइन सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया। समारोह में अधिकारी ने जनपद क्षेत्राधिकारी सदर एवं नगर के पद पर कार्यरत होने के दौरान किये गये सहयोग, लगन एवं कुशल कार्यशैली के सम्बन्ध में सम्बोधित किया। इस दौरान संजीव कुमार एसपी ग्रामीण, सुधीर जयसवाल एसएसपी नगर, वी0एस0वीर कुमार क्षेत्राधिकारी तिलहर, पंकज पंत क्षेत्राधिकारी पुवायाँ सहित क्षेत्राधिकरीगण एवं प्रतिसार निरीक्षक रईस खान एवं अन्य प्रभारी निरीक्षक गण व थानाध्यक्ष उपस्थित रहे । अखंड प्रताप सिंह को सभी के द्वारा माल्यार्पण व प्रतीक चिन्ह भेंट कर विदाई दी गई।

## स्वस्थ जीवन पाना है तो योग को अपनाएं

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर



**जन** शिक्षण संस्थान द्वारा काकोरी शहीद इंटर कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उसके बाद रैली निकालकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। आज विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर काकोरी शहीद इंटर कॉलेज में जन शिक्षण संस्थान द्वारा एक स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ अनुराग शर्मा विशिष्ट अतिथि डॉ आनंद गुप्ता का कार्यक्रम अध्यक्ष जन शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर सुशील मिश्रा रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती व बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान सभी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ अनुराग शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य एक छोटा शब्द नहीं है। स्वस्थ होने का मतलब है कि हम शारीरिक मानसिक सामाजिक व भावनात्मक रूप से भी स्वस्थ रहें, इसके लिए हम सभी को विभिन्न छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखना चाहिए। मानसिक स्वस्थ रहने के लिए हम को अपने जीवन में शांति लानी होगी, सभी को प्रतिदिन टहलना चाहिए, जितना संभव हो बाहर का खाना खाने से बचें, भोजन में मोटे अनाज का प्रयोग करें क्योंकि यह हमारे स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। डॉ आनंद गुप्ता ने कहा कि पहला सुख निरोगी काया यानी हमारी जिंदगी में अगर सबसे बड़ा कोई सुख है तो वो यह कि हमारा शरीर स्वस्थ हो। इसके लिए हम सभी को प्रसन्न रहना चाहिए। हरी सब्जियों का भोजन में प्रयोग करें। अपने मन में किसी बात को दबाकर ना रखें, उस बात को सही माध्यम पर प्रस्तुत करें। जिससे हमारे मन में शांति रहेगी तो निश्चित तौर पर उसका प्रभाव हमारे शरीर की स्वस्थता पर पड़ेगा। इसलिए सभी अपने जीवन में खेलों को भी महत्व दें। योग को अपने जीवन मे नियमित रूप से शामिल करें और अपने जीवन को स्वस्थ बनाएं। जन शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर सुशील मिश्रा ने कहा कि हम सभी को मोदी जी से प्रेरणा लेनी चाहिए। वह कहते हैं कि फिट रहेंगे हम, तो फिट रहेगा देश, इसलिए हम सभी स्वस्थ रहें, उचित जीवन शैली का पालन करें, और अपने देश के विकास में योगदान करें। अपना धन व्यर्थ होने से बचाएं। कार्यक्रम अधिकारी ओम प्रकाश त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात सभी प्रशिक्षणार्थियों ने फिट रहेंगे हम, फिट रहेगा देश के नारे के साथ रैली निकालकर आम जनमानस को जागरूक किया। इस ओम प्रकाश त्रिपाठी, राकेश गंगवार, विपिन अग्निहोत्री, निम्मी पाठक, कुसमा देवी, ओम कार शर्मा आदि सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## शातिर गो-तस्कर गिरफ्तार,दो फरार

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी



**प्रभारी** निरीक्षक थाना हैदराबाद के नेतृत्व मे थाना हैदराबाद पुलिस टीम रात्रि गस्त व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के दौरान छोटी नहर छत्तीपुर-जमुनहा मार्ग पर भ्रमणशील थे कि तभी तीन व्यक्ति गोवंशीय पशु (बछड़े) का वध करने के प्रयास में थे, जिन्हें पुलिस टीम द्वारा घेरने का प्रयास किया गया तो दो व्यक्ति अंधेरे व झाड़ियों का फायदा उठाकर भाग गये परन्तु एक शातिर गो-तस्कर अदनैन पुत्र हसनैन उर्फ हिकमत उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम भुड़वारा थाना गोला जनपद खीरी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया तथा मौके से एक जिन्दा गोवंशीय पशु बछड़ा व गोवध उपकरण तथा अभियुक्त अदनैन उपरोक्त के कब्जे से एक तमन्चा 12 बोर व दो जिन्दा कारतूस 12 बोर व मौके से दो मोटर साइकिल बरामद की गयी, माल बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त अदनैन उपरोक्त का चालान माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया। पुलिस की सक्रियता से उपरोक्त बछड़े को मौके से सकुशल बचा लिया गया। फरार अभियुक्तों की पहचान मुमताज पुत्र महबुल्ला उम्र करीब 42 वर्ष निवासी ग्राम भुड़वारा थाना गोला जिला खीरी व इस्लाम पुत्र कटोरी उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम भुड़वारा थाना गोला जिला खीरी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक दुर्वेश कुमार थाना हैदराबाद जनपद खीरी, हे0का0 राजेन्द्र गंगवार थाना हैदराबाद जनपद खीरी, हे0का0 राकेश यादव थाना हैदराबाद जनपद खीरी, हे0का0 देवेन्द्र यादव थाना हैदराबाद जनपद खीरी, का0 आकाश कुमार थाना हैदराबाद जनपद खीरी, का0 महेश थाना हैदराबाद जनपद खीरी, का0 ऋतुराज थाना हैदराबाद जनपद खीरी व का0 रूपेश गंगवार थाना हैदराबाद जनपद खीरी शामिल रहे।

## पुलिसकर्मियों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी

**वामा** सारथी, उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारीजन हेतु नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में नेत्र, हड्डी व शिशु विशेषज्ञों द्वारा जांच कर आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गई। शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ, डा. आर0पी0 वर्मा, नेत्र सर्जन, डा. पूनम वर्मा एवं आर्थो सर्जन, डा. ए0के0 द्विवेदी द्वारा पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवार की महिलायें व बच्चों के नेत्र, हड्डी व शिशु संबंधी बीमारियों की जांच की गई तथा परामर्श एवं दवाइयां वितरित करने के साथ ही बीमारियों से बचाव हेतु स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नियमित रूप से व्यायाम, पौष्टिक आहार, हरी साग-सब्जियां, मौसमी फल आदि को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने संबंधी सुझाव भी दिए गए।

### चैत्री मेले में कुल हिन्द मुशायरे का आयोजन

## मुरझाये कोई फूल तो गुलदान रो पड़े

**संवाददाता।** गोला गोकर्णनाथ




**छोटी** काशी के ऐतिहासिक मेला चैती के सांस्कृतिक मंच पर कुल हिन्द मुशायरा का शुभारंभ मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी एवं माननीय विधायक अमन गिरि द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया। संचालन विश्वनाथ सिंह ने किया। उत्तराखंड के सज्जाद झंझट ने सुनाया -इतना तरसाया है शादी तमन्ना ने मुझे/अब तो हर शख्स मुझे अपना ससुर लगता है। उत्तर प्रदेश की मोहतर्मा निकहत अमरोही ने सुनाया-मुरझाये कोई फूल तो गुलदान रो पड़े, एक शख्स मारा जाये तो इंसान रो पड़े। ऐसी फजा बनाओं मेरे देश वासियों, हिन्दू का घर जले तो मुसलमान रो पड़े। इसके साथ ही शकील आजम (मुम्बई), एम तुराज (मुम्बई), नदीम फरूख (उ0प्र0) मुमताज नसीम (दिल्ली), कमल हातवी (उ0प्र0), खुर्शीद हैदर (उ0प्र0), अज्म शाकरी (दिल्ली) ने सुनाकर देर रात तक दर्शकों को रोके रखा। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित, प्रधान लिपिक राजेश बाजपेयी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा, नगर पालिका कर्मचारी रामसिंह, अमित श्रीवास्तव, अवधेश कुमार, प्रेमप्रकाश पाठक, करुणाकान्त, रितेश कुमार, निवर्तमान सभासद आनंद सोनी, पंकज गुप्ता, पियूष मिश्र, जमाल अहमद राईन, सुशील कश्यप, अयूब खां, आदि मौजूद रहे।

### चैती मेला में आज

**ऐतिहासिक** मेला चौती के सांस्कृतिक मंच पर नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में 08.04.2023 को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन शाम आठ बजे से होगा जिसमें डॉ हरिओम पवांर (मेरठ), ममता शर्मा (आगरा), गौरी मिश्रा (नैनीताल), रामकिषोर तिवारी (लखनऊ), अनिल चौबे (वाराणसी), हेमन्त पांडे (कानपुर), गौरव चौहान (इटावा), प्रियंका शुक्ला (उन्नाव) और शिवकिशोर खंजन (हैदरगढ़) काव्यपाठ करेंगे।

# छापेमारी कर नदी की जलधारा से अवैध मौरंग खनन करते पकड़ा

● चालक सहित पॉकलैंड मशीनों को पहुंचाया थाने

● भूमि की करायी नापजोख तो हुई अवैध खनन की पुष्टि




**संवाददाता।** उरई, जालौन

**आईएएस** अभिषेक कुमार ने शुक्रवार को एक बार फिर तपती धूप में जान जोखिम में डाल कर नदी किनारे हो रहे अवैध खनन को रोकने हेतु एक बड़ी कार्रवाई की है। निडरतापूर्वक उनके द्वारा की जा रही कार्रवाई को लेकर एक बड़ा तबका उनकी सराहना कर रहा है। आज तो उन्होंने नदी की जलधारा में और उसके किनारे होने वाले अवैध खनन से नाराज होकर पथरेहटा के मौरम खंड संख्या 5 में खुद नापजोख करा डाली जिसमें अवैध खनन की पुष्टि भी हुई इस मौके पर कालपी क्षेत्राधिकारी डा. देवेंद्र पचौरी और खनन विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। बताया जाता है कि पथरेहटा के मौरम खंड संख्या पांच का क्षेत्रफल महज 19.194 हैक्टेयर व गाटा संख्या 747 का पट्टा विभागीय अभिलेखों में योगेन्द्र प्रनामी पुत्र घनश्याम दास प्रनामी निवासी 356/4 सिविल लाइन थाना नबाबाद, जनपद झांसी के नाम 11 अप्रैल 2022 से 10 अप्रैल 2027 तक की अवधि बतायी जा रही है। जब वह आज दल बल के साथ पहुंचे तो उन्होंने पट्टे के कगजात मंगवाये फिर उसमे पूछा कि कितने का पट्टा है कितने से बालू उठी फिर उन्हें कुछ संशय पैदा हुआ तो उन्होंने नापना शुरू किया जब लम्बाई, गहराई, चौड़ाई नापी तो काफी अंतर पकड़ में आया। उसके पश्चात दोनों पोकलैंड मशीनों को अपने कब्जे में लिया साथ ही उनके चालकों को हिरासत में लेकर कदौरा थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कालपी आईएएस अभिषेक कुमार द्वारा की गई यह कोई पहली कार्रवाई नहीं है।

# लखनऊ पुलिस पर हुए हमले की जांच प्रारम्भ

**संवाददाता।** फतेहपुर

**लखनऊ** पुलिस पर हमले के मामले में गोपनीय जांच टीमें सक्रिय हुई हैं। टीमों ने मौके पर जांच की है। थाना स्तर से भी रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी गई है। विभागों की रिपोर्ट के आधार पर मुकदमे और कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई हो सकती है। थरियांव थाना क्षेत्र हाईवे पर आमापुर स्थित पूर्व विधायक आनंद प्रकाश लोधी के पेट्रोल पंप से जुड़े हाते में मंगलवार रात लखनऊ पुलिस ने एटीएम लूट के मामले में संदिग्धों से पूछताछ को पहुंची। हाते में बिजनौर जिले के अनाज कारोबारी रहते हैं। तीन कारोबारियों को पकड़ने के बाद हाईवे किनारे ले जाकर पूछताछ कर रही थी। बदमाश होने का शोर मचने पर व्यापारियों और ग्रामीणों ने पुलिस पर हमला किया था। हमले के दौरान पुलिसकर्मी कार छोड़कर भाग निकले थे। व्यापारियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। थरियांव पुलिस ने सारे व्यापारियों के नाम, पता समेत अन्य जानकारियां अधिकारियों को भेजी है। प्रकरण को लखनऊ में बैठे पुलिस अधिकारियों ने संज्ञान में लिया है। पूरे मामले की गोपनीय जांच कराई जा रही है।

शासन के लिए सूचना संकलन का काम करने वाले एजेंसी स्पेशल इंटेलीजेंस यूनिट (एसआईयू) और लोकल इंटेलीजेंस यूनिट (एलआईयू) भी जुटी है। टीमों ने मौके पर पड़ताल की है। पुलिस कर्मियों पर लूट के लगे आरोप की भी बारीकी से जांच की जा रही है। एजेंसियों के इनपुट के आधार पर आगे कार्रवाई होगी। थानाध्यक्ष आशुतोष सिंह ने बताया कि थाने स्तर पर रिपोर्ट अधिकारियों को दी गई है।

# चोरी के माल समेत टप्पेबाज दंपति गिरफ्तार

● नकदी समेत एक लाख के सोने-चांदी के जेवर व तमंचा कारतूस बरामद

● मेले में श्रद्धालु के साथ हुई टप्पेबाजी का पुलिस ने किया खुलासा



**संवाददाता।** चित्रकूट

**पुलिस** अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधों में अंकुश लगाने को जारी कार्रवाई के क्रम में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी एवं सीओ राजापुर शीतला प्रसाद पाण्डेय की देखरेख में थानाध्यक्ष सरधुवा प्रवीण कुमार सिंह की टीम ने अमावस्या मेले में कामतानाथ प्रमुख द्वार से श्रद्धालु के साथ हुई टप्पेबाजी की घटना का खुलासा किया है। उन्होंने अभियुक्त व अभियुक्ता को दबोचकर टप्पेबाजी का माल व 21,390 रुपये तथा एक लाख कीमत के सोने-चांदी के जेवर व तमंचा-कारतूस बरामद किया है। ज्ञात है कि तीन अप्रैल को अमावस्या मेला में कामतानाथ प्रमुख द्वार पर बाबूलाल त्रिपाठी पुत्र स्व रामविशाल त्रिपाठी निवासी शिवनगर कालोनी थाना सिविल लाइन सतना मप्र परिजनों के साथ दर्शन करने आये थे। अज्ञात लोगों ने टप्पेबाजी कर उनके रुपये व सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिये थे। सूचना पर थाना नयागांव में मामला दर्ज हुआ था।

शुक्रवार को थानाध्यक्ष सरधुवा की टीम ने मुखबिर की सूचना पर गडौली मोड से मुकेश द्विवेदी उर्फ मुक्का पुत्र स्व भोला द्विवेदी निवासी दरसेड़ा व शगुन द्विवेदी पत्नी स्व भोला द्विवेदी निवासी दरसेड़ा को चोरी के 21390 रुपये व एक लाख कीमत के सोने-चांदी के जेवर, एक तमंचा 315 बोर, कारतूस समेत दबोचा है। अभियुक्तों के खिलाफ थाना सरधुवा में चोरी का माल एवं तमंचा- कारतूस बरामदगी की बाबत मामला दर्ज किया है। टीम में थानाध्यक्ष सरधुवा प्रवीण कुमार सिंह, दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी, दरोगा अनिल कुमार, दरोगा शिवमणि मिश्रा, दीवान मुस्तकीम खां, सिपाही अमित सिंह, रचना प्रजापति, धर्मेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# कानपुर नगर के अधिवक्ताओं की हड़ताल पर न्यायालय हुआ सख्त

## बार एसोसिएशन के दो अध्यक्ष दो महासचिव पर अवमानना आरोप निर्मित, न्यायालय ने बार काउंसिल से उसके फैसले की मांगी जानकारी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कानपुर नगर के दो बार एसोसिएशनों के अध्यक्षों और महासचिवों के खिलाफ आपराधिक अवमानना आरोप निर्मित कर सफाई मांगी है। इन पर अदालत को स्कैंडलाइज्ड करने और गरिमा धूमिल करने तथा अदालती कामकाज में हड़ताल कर व्यवधान उत्पन्न करने का आरोप है। बार काउंसिल के अध्यक्ष पांचू राम मौर्य ने कहा इस मामले में कमेटी गठित कर बैठक बुलायेंगे और उचित निर्णय लेंगे। इसके लिए मंगलवार तक का समय मांगा। कोर्ट ने मंगलवार को बार काउंसिल के निर्णय की जानकारी मांगी है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने कहा बार एसोसिएशन का अध्यक्ष व महासचिव स्वयं कोई निर्णय नहीं ले सकता। आम सभा बुलाकर ही कोई फैसला लिया जा सकता है। इसलिए मंगलवार तक आदेश टाला जाए और कानपुर नगर की बार एसोसिएशन को आमसभा बुलाकर निर्णय लेने के लिए मंगलवार तक का समय दिया जाए। कोर्ट ने कहा यदि कानपुर नगर की बार एसोसिएशन हड़ताल वापस लेकर काम पर लौटती हैं तो आदेश पर विचार किया जायेगा।अभी कोई कार्यवाही नहीं की जायेगी। वकील अपना आचरण सुधारें। काम पर वापस आएं। कोर्ट ने कानपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश चंद्र त्रिपाठी और महासचिव अनुराग श्रीवास्तव एवं लायर्स एसोसिएशन कानपुर नगर के अध्यक्ष रवींद्र शर्मा और महासचिव शरद कुमार शुक्ल के खिलाफ आपराधिक अवमानना का आरोप निर्मित कर दिया है। इन पर आचरण बयान व हड़ताल कर न्यायिक कार्य में व्यवधान डालने का आरोप है। इन्होंने वकीलों को काम पर जाने से रोका धमकी दी असंसदीय भाषा का प्रयोग किया। कोर्ट को स्कैंडलाइज्ड कर तौहीन किया है। इसलिए आपराधिक अवमानना कार्यवाही की जाए।

25 मार्च से जारी कानपुर के वकीलों की हड़ताल पर कोर्ट ने नोटिस जारी कर 7 अप्रैल शुक्रवार को 10बजे दोनों बार संगठनों के अध्यक्ष व महासचिव को हाजिर होने का निर्देश दिया था। सभी हाजिर हुए और अध्यक्ष जिला जज कानपुर के मनमाने की शिकायत की। कहा हड़ताल पर बार की सभा में ही निर्णय हो सकता है।वह हड़ताल समाप्त नहीं कर सकते। उन्हें जान का खतरा है। भले ही उन्हें जेल भेज दिया जाए। कहा जिला जज पर भी कार्रवाई की जाए उनकी भी शिकायत सुनी जाए। वकीलों के साथ अन्याय हो रहा है। कोर्ट ने कहा वकील अपना आचरण सुधारें काम पर वापस लौटें। इस पर फिर विचार करेंगे। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल न्यायमूर्ति एस पी केशरवानी न्यायमूर्ति एम के गुप्ता न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्र न्यायमूर्ति डॉ के जे ठाकर न्यायमूर्ति एम सी त्रिपाठी की बृहदपीठ ने दिया है। महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्र और अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने भी अपना पक्ष रखा। कहा हड़ताल अवैध है। हम इसका समर्थन नहीं करते।

# पूरी जिम्मेदारी से निकाय चुनाव लड़ेगी समाजवादी पार्टी : रीबू



**संवाददाता।** जालौन ,उरई

**निकाय** चुनाव को पार्टी पूरी जिम्मेदारी से लड़ेगी। अपने प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिये प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी लगन से मेहनत करेगा। यह बात समाजवादी पार्टी की प्रदेश महिला अध्यक्ष रीवू श्रीवास्तव ने नगर में पूर्व सभासद एवं कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष विनय श्रीवास्तव के आवास पर आयोजित बैठक में कही। पूर्व सभासद एवं कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष विनय श्रीवास्तव के आवास पर समाजवादी पार्टी की प्रदेश महिला अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी कोई भी चुनाव को हल्के में नहीं लेती है। यही निकाय चुनाव में भी होगा। पार्टी नगर निकाय चुनाव पूरी जिम्मेदारी के साथ लड़ेगी। इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता लगन से मेहनत करेगा। कहा कि कोई भी संगठन बिना कार्यकर्ता की मेहनत से आगे नही बढ़ सकता है। कार्यकर्ता संगठन की धुरी है इसलिए कार्यकताओं से तालमेल बैठाना जरूरी है। इस बार कार्यकर्ता एकजुट होकर नगर पालिका के चुनाव के परिणाम अपने पक्ष मे करेंगे। इस बार महिला कार्यकर्ता भी बढ़ चढ़कर प्रचार प्रसार करेंगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर, विनय श्रीवास्तव, शोभा श्रीवास्तव, राहुल चित्रांश, अभिषेक श्रीवास्तव, राहुल, सोनू गुर्जर, जाकिर सिद्दकी, नरसिंह यादव, मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### मौसम के बदलते मिजाज से बढ़ रही है मरीजों की तादाद

**मानिकपुर/चित्रकूट।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सीएचसी में भाजपा युवामोर्चा ने सात दिवसीय पखवारा मनाते हुए स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों से भेंटकर हालचाल जाना। गौरव करवरिया व धनंजय तिवारी ने युवा मोर्चा के एक दर्जन साथियों के साथ मौजूद रहे। शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में युवा मोर्चा के गौरव करवरिया ने बताया कि कल दलित बस्तियों में जाकर उनके साथ भोजन करेंगे। छुआछूत को देश से मिटायेंगे। भाजपा के स्थापना दिवस पर पखवारा मना रहे हैं। डा सत्येंद्र ने बताया कि हॉस्पिटल में इन दिनों वायरल फ़ीवर, खासी, जुखाम के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। डॉ सत्येंद्र ने बताया कि इन दिनों मरीजों की तादाद तकरीबन ढाई सौ से 300 प्रतिदिन हो गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की अव्यवस्था देखी जाए तो इतने बड़े अस्पताल में मरीजों को पीने को शुद्ध व ठंडा पेयजल नहीं है। बेडो की चादर ज्यादातर गंदे ही रहते हैं।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर लगाया शिविर

**फतेहपुर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में यूथ आइकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने नि:शुल्क होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ओम घाट में संचालित भृगु वेद विज्ञान विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों व संतों के लिए किया। डॉ. अनुराग ने सभी बच्चों को पहले चिकनपॉक्स के संक्रमण को कम करने में सहायक व रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने हेतु होम्योपैथिक औषधि प्रदान की तत्पश्चात सभी का परीक्षण कर होम्योपैथिक औषधियां भी दी गई। अधिकतर बच्चे सर्दी, खांसी, बुखार व चर्म रोगों से ग्रसित थे। इस अवसर पर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती, वेदध्यापक रामजी त्रिवेदी, अखिलेश तिवारी, विजय कुमार, सुचित्रा देवी सहित प्रमुख सहयोगी समाजसेवी अभिनव श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### जगम्मनपुर सहकारी संघ समिति की अध्यक्ष को दिलाई शपथ

**जगम्मनपुर, जालौन।** सहकारी संघ जगम्मनपुर के अध्यक्ष अंजनी कुमार मिश्रा व सहकारी समिति की अध्यक्ष नेहा सिंह चंदेल को विधायक मूलचंद्र निरंजन ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में सर्व प्रथम नव निर्वाचित अध्यक्ष ने भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की इसके बाद सभी सदस्यों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर निर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि हम किसानों के लिए हर संभव समर्पित रहने का प्रयास करेंगे उनके कार्यकाल में किसी भी किसानों को कोई समस्या आड़े नहीं आने दी जाएगी। ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर ने कहा कि साधन समिति में परिवर्तन किया गया है।

### सम्मान पाकर खिल उठे मेधावियों व अभिभावकों के चेहरे

**फतेहपुर।** सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज में उत्कृष्ट अभिभावक सम्मान एवं मेधा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्र ने हिस्सा लिया। अभिभावकों के साथ-साथ मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान हुआ। सभी के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने मां शारदे का पूजन अर्चन करके की। अध्यक्षता विद्यालय के संरक्षक एवं कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सुधाकर अवस्थी ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रदीप गर्ग व वरिष्ठ लिपिक राकेश श्रीवास्तव, पूर्व प्रधानाचार्य शोभा सिंह उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशिष्ट अतिथियों व खागा के प्रधानाचार्य राज कपूर ने सम्मानित किया।

### अजय इटौरिया को रीजनल मंत्री भाविप का दायित्व मिला

**उरई, जालौन।** भारत विकास परिषद में निरंतर अपनी सक्रियता एवं समाज सेवा में अग्रणी रहने वाले बीकेडी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल उरई के प्रबन्धक इंजीनियर अजय इटौरिया को भारत विकास परिषद के केंद्रीय नेतृत्व ने रीजनल मंत्री का दायित्व सौंपा। इंजीनियर अजय इटौरिया का कार्य क्षेत्र तीन प्रांत बुंदेलखंड, ब्रह्मावर्त, पांचाल तीन प्रांतों का रहेगा। भारत विकास परिषद मुख्य अध्यक्ष राजेश निगोतिया सचिव प्रवीण कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष, रवि इटोदिया, पूर्व प्रांतीय संगठन मंत्री भूपेंद्र कंथारिया, शाखा के संरक्षक राम किशोर पहारिया, प्रमोद कठिल, पूर्व अध्यक्ष अनुरुद्ध गुप्ता, नवीन विश्वकरमा प्रांतीय अध्यक्ष डा. सीपी गुप्ता प्रांतीय उपाध्यक्ष लखन लाल जी संतोष गुप्ता, जितेंद्र कंठारिया भारत विकास परिषद के सदस्यो ने इंजीनियर अजय इटौरिया के निवास पर पहुंचकर उनको रीजनल मंत्री बनने की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## प्रदेश में निकाय चुनाव में आरक्षण को लेकर

# सरकार को दिए आपत्तियों को निस्तारित करने के निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव आरक्षण को लेकर दाखिल की गई आपत्तियों को निस्तारित करने का निर्देश दिया है। याचिकाओं की अगली सुनवाई 15 मई को होगी। प्रदेश के विभिन्न जिलों से दाखिल इन याचिकाओं में सरकार द्वारा 30 मार्च को जारी अधिसूचना की वैधता को विभिन्न आधारों पर चुनौती दी गई है। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर तथा न्यायमूर्ति एसडी सिंह की खंडपीठ ने कानपुर के अभिनव त्रिपाठी सहित अन्य याचिकाओं पर पारित किया है। याची के वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप त्रिवेदी का कहना है कि याची ने 30 मार्च को जारी अधिसूचना पर आपत्ति 6 अप्रैल को सरकार को भेज दी है परंतु उसकी आपत्ति पर विचार नहीं हो रहा है। प्रदेश सरकार की तरफ से अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ता रामानंद पांडेय ने कहा कि सरकार 6 अप्रैल की शाम तक के सभी आपत्तियों का निस्तारण कर देगी। अधिसूचना में भी इसका उल्लेख किया गया है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि सरकार 6 अप्रैल तक प्राप्त सभी आपत्तियों को कानून के मुताबिक निस्तारण करें।

## पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति आचार संहिता उल्लंघन के मामले में दोषमुक्त

सुलतानपुर। सुलतानपुर की एक अदालत ने आचार संहिता उल्लंघन के मामले में साक्ष्यों के अभाव में उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति को शुक्रवार को दोषमुक्त करार दिया। प्रजापति के वकील संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि सुलतानपुर की सांसद-विधायक अदालत के विशेष न्यायाधीश योगेश यादव ने साक्ष्यों के अभाव में आचार संहिता उल्लंघन के मामले में पूर्व मंत्री को बरी कर दिया है। एक अन्य आपराधिक मामले में लखनऊजेल में बंद प्रजापति को कड़ी सुरक्षा के बीच शुक्रवार को सुलतानपुर स्थित अदालत में पेश किया गया था।

# कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति

**फतेहपुर।** जिले की सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति आज जनपद के कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगीं। यह जानकारी देते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री एवं सांसद कार्यालय प्रवक्ता शिव प्रताप सिंह ने बताया कि प्रात: 09.30 बजे मुहल्ला लाला गली कस्बा जहानाबाद में स्व. इन्द्रपाल गुप्ता (सभासद) के दुखद निधन पर परिजनों सें भेंट कर शोक संवेदना प्रकट करेंगी। प्रात: दस बजे जहानाबाद कस्बे में जहानाबाद-अमौली मार्ग के नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण करेंगी। पूर्वान्ह ग्यारह बजे सन्दीपनी इंटर कालेज अदमापुर कोरसम में त्रयोदशी संस्कार में सम्मिलित होंगी। मध्यान्ह बारह बजे मुहल्ला मीरखपुर कस्बा बिन्दकी में रोहित कश्यप युवा मोर्चा कार्यकर्ता के पिता के दुखद निधन पर परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना प्रकट करेंगी। 12.30 बजे बिंदकी के मुहल्ला बराती नगर में सांसद निधि से निर्मित होने वाली सीसी रोड का शिलान्यास कर शुभारंभ करेंगी। 2.30 बजे पंडित रामशरन शुक्ल महाविद्यालय कोर्राकनक विकास खंड असोथर में बच्चों को टैबलेट वितरित करेंगी। 3.30 बजे ग्राम पंचायत करैहा विकास खंड असोथर में नवनिर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण करेंगी। शाम 4.30 बजे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित होने वाली शंकरपुर ओती सम्पर्क मार्ग का शिलान्यास करेंगी। साढ़े पांच बजे ग्राम पंचायत वाहिदपुर मजरे धनीपुर में जल जीवन मिशन-हर घर जल के अन्तर्गत निर्मित होने वाली पानी की टंकी का शिलान्यास करेंगी।

# समस्याओं को लेकर न्यायालय कर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन



**चित्रकूट।** दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ उप्र ने 26 मार्च को कानपुर देहात में प्रान्तीय सभा में 21 नवम्बर 2022 को उच्च न्यायालय में कर्मचारी संघ की संयुक्त बैठक में कर्मचारी समस्याओं के जल्द निस्तारण बाबत आश्वासनों के अनुरुप आदेश निर्गत न होने को लेकर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। शुक्रवार को दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ उप्र के अध्यक्ष जानकीशरण प्रजापति, महासचिव मो अनस अंसारी की अगुवाई में कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने समस्याओं पर चर्चाकर प्रस्ताव पारित किये। पारित प्रस्ताव में कहा कि मृतक आश्रित मामले में शैक्षणिक योग्यता अनुरुप सेवा योजन न किये जाने, कर्मचारियों को अन्तर्जनपदीय तबादला न होने नियमावली संशोधन वर्षों से शासन में लम्बित होने से पदोन्नति बाधा होने, संविदा कर्मियों वेतन वृद्धि एवं नियमतीकरण को समान सेवा का लाभ न होने संबंधित आदेश जारी नहीं हो रहा। इससे व्यथित होकर कर्मचारियों ने तीन से सात अप्रैल तक काला फीता बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। 30 अप्रैल को प्रयागराज में महासम्मेलन कर उच्च न्यायालय को ज्ञापन सौंपेंगे।

# पेज एक का शेष

## लोकतंत्र नहीं...

है और समझती भी। शाह ने कहा, (पिछले) 10 साल से आपके पास नेता प्रतिपक्ष का पद नहीं है। राहुल बाबा इस बार फिर मोदी जी की 300-पार (300 से अधिक लोकसभा सीट पर जीत) के साथ सरकार बनने जा रही है। शाह ने कहा कि मोदी जी ने देश को समृद्ध बनाया है और दुनिया में देश का गौरव भी बढ़ाया है और कांग्रेस के लोग कहते हैं कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी। मैं इन कांग्रेसियों को बताना चाहता हूं कि सोनिया जी हों, राहुल जी हों या कोई और, जब भी मोदी जी को गालियां दी जाती हैं, जनता ने इन गालियों के कीचड़ में और दमदार तरीके से कमल खिलाया है। शाह ने यह भी कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, हम सभी चाहते थे कि अयोध्या में भगवान राम की जन्मभूमि पर रामलला का मंदिर बने। कांग्रेस इसे लटकाकर रखे हुए थी, समाजवादी पार्टी (सपा) इस मुद्दे पर भटका रही थी और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने इस मुद्दे को अटकाकर रखा था। मोदी जी ने मंदिर की आधारशिला रखी और जल्द ही आप भगवान राम को उनके मंदिर में विराजमान देखेंगे।

## भाजपा में...

की सलाह नहीं मानता है। चार बार के पूर्व विधायक रेड्डी ने कहा कि वे (कांग्रेस नेतृत्व) नियंत्रण बनाए रखने के लिए अधिकार चाहते हैं, लेकिन कड़ी मेहनत नहीं करना चाहते हैं या कोई जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते। कांग्रेस के साथ अपने परिवार के छह दशक से अधिक लंबे जुड़ाव का हवाला देते हुए रेड्डी ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह पार्टी छोड़ देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को सभी राज्यों में नुकसान हो रहा है लेकिन उसका आलाकमान दूसरों के साथ बातचीत तक नहीं करता है या ना ही उनकी राय लेता है। रेड्डी ने भाजपा के उदय की तुलना 1984 के बाद से कांग्रेस के पतन से की और मोदी के नेतृत्व में सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं की उनकी कड़ी मेहनत और राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि उनके पास विचारों की स्पष्टता और निरंतरता है और साहसी निर्णय लेना सरकार की पहचान है। रेड्डी ने भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए मोदी की प्रतिबद्धता की भी सराहना की। जोशी ने विश्वास जताया कि रेड्डी के पार्टी में शामिल होने से आंध्र प्रदेश के साथ तेलंगाना में भी पार्टी को मजबूती मिलेगी। आंध्र प्रदेश से अलग होकर तेलंगाना राज्य बना था। आंध्र प्रदेश के विभाजन के विरोध में, रेड्डी ने कांग्रेस छोड़ दी थी और अपनी पार्टी बनाई थी। हालांकि चुनावों में वह विफल रही थी। वह 2018 में फिर से कांग्रेस में शामिल हो गए।

## कोविड की...

स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) इस समय एक वेरिएंट ऑफ इंटरेस्ट (वीओआई), एक्सबीबी.1.5 और छह अन्य स्वरूपों (बीक्यू.1, बीए.2.75, सीएच.1.1, एक्सबीबी, एक्सबीएफ और एक्सबीबी.1.16) पर बारीकी से नजर रख रहा है। बयान में कहा गया है कि एक्सबीबी.1.16 का प्रसार फरवरी में 21.6 प्रतिशत से बढ़कर मार्च, 2023 में 35.8 प्रतिशत हो गया। इसके अनुसार हालांकि, अस्पताल में भर्ती होने या मृत्यु दर में वृद्धि का कोई साक्ष्य सामने नहीं आया है। मांडविया ने कहा कि नए स्वरूप के बावजूद, कोविड प्रबंधन के लिए जांच, पता लगाने, इलाज, टीकाकरण और कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन की जांची-परखी रणनीति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि इससे उचित स्वास्थ्य उपायों को अपनाने में मदद मिलेगी। बयान के अनुसार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आरटी-पीसीआर जांच बढ़ाने की सलाह दी गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सभी पात्र आबादी, विशेष रूप से बुजुर्गों और संवेदनशील जनसंख्या समूह के टीकाकरण में तेजी लाने की सलाह दी। इस बात पर भी गौर किया गया कि भारत में आठ राज्यों से कोविड के अधिक मामले सामने आ रहे हैं जिनमें केरल, महाराष्ट्र और दिल्ली में दस या इससे अधिक जिलों में दस प्रतिशत संक्रमण दर दर्ज की गई है और कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु और हरियाणा में पांच से अधिक जिलों में पांच प्रतिशत से अधिक संक्रमण दर दर्ज की गई है। मांडविया ने कोविड-उपयुक्त व्यवहार के पालन के संबंध में जन जागरूकता अभियानों को बढ़ाने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने सभी राज्य स्वास्थ्य मंत्रियों से अनुरोध किया कि वे व्यक्तिगत रूप से सभी बुनियादी ढांचे की तैयारियों की निगरानी और समीक्षा करें। राज्यों को कोविड इंडिया पोर्टल पर अपने कोविड आंकड़ों को नियमित रूप से अद्यतन करने के लिए भी कहा गया। पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन रंगास्वामी के अलावा उत्तराखंड के स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत, असम के केशव महंत, गोवा के विश्वजीत राणे, झारखंड के बन्ना गुप्ता, मध्य प्रदेश के प्रभुराम चौधरी, पंजाब के बलबीर सिंह, मणिपुर के सपन रंजन सिंह, हरियाणा के अनिल विज, तमिलनाडु के थिरु मा सुब्रमण्यन और तेलंगाना के स्वास्थ्य मंत्री थनीरू हरीश राव ने बैठक में भाग लिया।

## देश में...

मरीज की मौत के बाद देश में संक्रमण से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 5,30,943 हो गई।

## दूसरी कक्षा...

कि वर्ष 2020 में पेश राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य भारत में स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा सहित पूरी शिक्षा प्रणाली को बदलना है। एनईपी 2020 में आगे कार्य करते हुए, चार राष्ट्रीय पाठ्यक्रमों की रूपरेखाओं को स्थापित की गई है, अर्थात स्कूली शिक्षा के लिए एनसीएफ, बचपन की देखभाल और शिक्षा के लिए एनसीएफ, अध्यापक की शिक्षा के लिए एनसीएफ और प्रौढ़ शिक्षा के लिए एनसीएफ शामिल है। डॉ. के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में शिक्षा मंत्रालय ने एनसीएफ को शुरू करने और इसका मार्गदर्शन करने के लिए राष्ट्रीय संचालन समिति का गठन किया। शिक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को एनसीएफ पर पूर्व मसौदा जारी किया और इस पर विभिन्न हितधारकों से प्रतिक्रिया मांगी गई है। एनसीएफ को आखिरी बार 2005 में संशोधित किया गया था।

## अभिनेत्री आकांक्षा...

लिया गया और शेष तीनों व्यक्तियों को छोड़ दिया गया। गाजियाबाद आने से पहले समर नोएडा, दिल्ली और उत्तराखंड में छिपा हुआ था। पुलिस उपायुक्त (गाजियाबाद शहर) निपुण अग्रवाल ने कहा कि वाराणसी आयुक्तालय के सारनाथ थाने का एक दल बृहस्पतिवार देर रात गाजियाबाद पहुंचा और समर सिंह को चार्म्स कैसल (हाउसिंग) सोसायटी से पकड़ने में गाजियाबाद पुलिस की मदद मांगी। पुलिस उपायुक्त ने शुक्रवार सुबह कहा कि आरोपी को गाजियाबाद अदालत में पेश किया जा रहा है। वाराणसी पुलिस ने उसकी ट्रांजिट रिमांड का अनुरोध किया। बाद में, गाजियाबाद की एक अदालत ने वाराणसी पुलिस को समर की 24 घंटे की ट्रांजिट रिमांड दे दी। वाराणसी पुलिस की टीम समर को अपने साथ वाराणसी ले गई। गौरतलब है कि 25 वर्षीय भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री आकांक्षा दुबे गत 26 मार्च को वाराणसी के सारनाथ स्थित एक होटल के कमरे में एक फंदे से मृत अवस्था में लटकी मिली थीं। आकांक्षा भदोही जिला स्थित चौरी थाना क्षेत्र के परसीपुर की रहने वाली थीं। वह एक फिल्म की शूटिंग के लिए वाराणसी गई थीं और वहां एक होटल में ठहरी हुई थीं। अगले दिन, उनकी मां मधु दुबे ने वाराणसी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि समर और संजय ने तीन साल तक उनकी बेटी का उत्पीड़न किया। प्राथमिकी के अनुसार, आकांक्षा की मां ने आरोप लगाया था कि उनकी बेटी ने समर के उत्पीड़न के कारण अपनी जान गंवा दी। आकांक्षा दुबे की मां के वकील एस शेखर त्रिपाठी ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर सवाल उठाया है और कहा कि वह चिकित्सा विशेषज्ञों की सलाह ले रहे हैं, जिसके बाद वह पुलिस के लिए प्रश्न तैयार करेंगे। त्रिपाठी ने बुधवार को इस मामले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या सीबी-सीआईडी द्वारा जांच कराने की मांग की थी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे पत्र में उन्होंने दावा किया है कि अभिनेत्री ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि होटल के कमरे में किसी ने उनकी हत्या कर दी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आकांक्षा की मां की इस मांग के बावजूद शव का जबरन अंतिम संस्कार करा दिया गया कि अंत्येष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही की जाए।

## जेल से...

नि:शुल्क कानूनी सहायता प्रदान की जा रही है। मंत्रालय ने कहा कि कारागार आपराधिक न्याय प्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और कानून के प्रभाव को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गृह मंत्रालय समय-समय पर विभिन्न परामर्श के माध्यम से राज्य सरकारों के साथ महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों को साझा करता रहता है। उसमें कहा गया है कि गृह मंत्रालय जेलों में सुरक्षा ढांचे को बेहतर और आधुनिक बनाने के लिए राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता भी प्रदान कर रहा है।

# चीन ने अमेरिकी और एशियाई संस्थानों पर लगाया प्रतिबंध

● ताइवानी राष्ट्रपति के अमेरिका दौरे के विरोध में लिया फैसला

भाषा। बीजिंग



**चीन ने अमेरिकी** प्रतिनिधि सभा के स्पीकर केविन मैक्कार्थी और ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन के बीच इस सप्ताह हुई अहम बैठक के विरोध में रोनाल्ड रीगन प्रेसिडेंशियल लाइब्रेरी और अन्य अमेरिकी एवं एशिया आधारित संस्थानों पर प्रतिबंध लगाया है। एक दिन पहले चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कहा कि यह एक खयाली पुलाव है कि बीजिंग ताइवान को लेकर अपने रुख में समझौता करेगा। चीन के कड़े विरोध के बावजूद मैक्कार्थी के साथ साई की बैठक बृहस्पतिवार को हुई। कैलिफोर्निया की सिमि वैली में रोनाल्ड रीगन प्रेसिडेंशियल लाइब्रेरी उच्च-स्तरीय बैठक का स्थल है। मैक्कार्थी ने इस सप्ताह ताइवान की राष्ट्रपति साई के साथ बातचीत को लेकर यहां द्विदलीय बैठक की मेजबानी की थी। ताइवान की राष्ट्रपति और अमेरिकी अधिकारियों के बीच यह दूसरी उच्च स्तरीय बैठक थी। यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका-चीन संबंध ऐतिहासिक निम्न स्तर पर पहुंच गया है तथा ताइवान एवं चीन के बीच तनाव बढ़ गया है। चीन अन्य देशों की सरकारों और ताइवान के बीच किसी भी आधिकारिक संवाद को ताइपे के वैश्विक दर्जे को ऊंचा उठाने के प्रयास के रूप में देखता है, इसलिए वह इस तरह के प्रयासों को ताइवान पर अपनी संप्रभुता के दावों का उल्लंघन मानता है। चीन ने हडसन इंस्टीट्यूट पर भी पाबंदी लगा दी है जिसने एक कार्यक्रम की मेजबानी की थी और 30 मार्च को साई को वैश्विक नेतृत्व पुरस्कार से सम्मानित किया था। प्रतिबंधित समूहों में ताइवान की स्वतंत्रता को बढ़ावा देने में उनकी भागीदारी के लिए एशिया-आधारित समूह- द प्रॉस्पेक्ट फाउंडेशन और काउंसिल ऑफ एशियन लिबरल्स एंड डेमोक्रेट्स शामिल हैं। चीन के राष्ट्रपति शी ने बृहस्पतिवार को बीजिंग में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वोन डेर लेएन के साथ बैठक में कहा, ताइवान का मुद्दा चीन के मूल हितों के केंद्र में है। चीन की सरकार और चीनी लोग कभी भी एक-चीन नीति के मुद्दे पर शोर शराबा करने वालों की राय से सहमत नहीं होंगे।

## नाइजीरिया के एक गांव में बंदूकधारियों के हमलों में कम से कम 50 लोगों मौत

भाषा। अबुजा

**उत्तरी-मध्य** नाइजीरिया के एक गांव में बंदूकधारियों ने दो हमलों में कम से कम 50 लोगों की हत्या कर दी। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। ओटुक्पो की स्थानीय सरकार के प्रमुख रुबेन बाको ने बताया कि बेन्यू राज्य के उमोगिदी गांव में बुधवार को बंदूकधारियों ने 47 लोगों की हत्या कर दी। एक दिन पहले इसी जगह पर तीन अन्य लोगों की हत्या कर दी गई थी। बेन्यू राज्य पुलिस और एनेनी सेवुइस ने हमले की पुष्टि करते हुए बताया कि हमलावरों ने एक बाजार में आग लगा दी थी। हालांकि, सेवुइस ने बताया कि हमले में एक पुलिस अधिकारी सहित आठ लोग मारे गए। हमले का मकसद अभी तक पता नहीं चल पाया है। हालांकि दोनों हमलों के एक-दूसरे से जुड़े होने की आशंका है।

# औपनिवेशिक फाइल से खुले ब्रिटिश शाही खजाने में भेजे गए भारतीय रत्न-जवाहरात के राज

भाषा। लंदन

**भारतीय** उपमहाद्वीप पर शासन में सहायक ब्रिटिश सरकार के तत्कालीन विभाग इंडिया ऑफिस के अभिलेखागार से औपनिवेशिक युग की एक फाइल से यह बात सामने आई है कि कई कीमती रत्न और जवाहरात भारत से ब्रिटिश शाही खजाने में भेजे गए थे। कॉस्ट ऑफ द क्राउन श्रृंखला के हिस्से के रूप में द गार्डियन अखबार अगले महीने महाराजा चार्ल्स तृतीय की ताजपोशी से पहले ब्रिटिश शाही परिवार की संपत्ति और वित्त की जांच कर रहा है।

अखबार ने इस सप्ताह एक रिपोर्ट में इंडिया ऑफिस के अभिलेखागार की 46 पन्नों की फाइल का हवाला दिया है। इसमें एक पड़ताल का विवरण है, जिसमें महारानी मैरी (दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की दादी) द्वारा उनके शाही गहनों के स्त्रोत का जिक्र किया गया है। इसके संदर्भों में,



पंजाब के तत्कालीन महाराजा रणजीत सिंह के अस्तबल में घोड़ों को सजाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक पन्ना जड़ी सोने की बेल्ट है, जो अब महाराजा चाल्स के शाही संग्रह का हिस्सा है। अखबार की पड़ताल में खुलासा किया गया है , 1912 की रिपोर्ट बताती है कि कैसे चार्ल्स के शाही संग्रह में शामिल बेल्ट सहित अनमोल रत्न जीत की वस्तु के रूप में भारत से लाए गए और बाद में महारानी विक्टोरिया को दिए गए। इसमें कहा गया, वर्णित वस्तुएं अब ब्रिटिश शाही घराने की संपत्ति के रूप में महाराजा के स्वामित्व में हैं। बाद में, 19वीं सदी के दौरान रणजीत सिंह के बेटे दिलीप सिंह को पंजाब को ईस्ट इंडिया कंपनी को सौंपने के लिए मजबूर किया गया था। समझा जाता है कि कोहिनूर हीरा ईस्ट इंडिया कंपनी के अधिकारियों द्वारा इसी तरह की लूट-खसोट के परिणामस्वरूप महारानी विक्टोरिया के कब्जे में आ गया था। उल्लेखनीय है कि राजनयिक विवाद से बचने के लिए छह मई को होने वाली महारानी कैमिला की ताजपोशी के दौरान कोहिनूर हीरा जड़ित ताज का उपयोग नहीं करने का फैसला किया गया है। शाही खजाने में एक अन्य ऐतिहासिक भारतीय वस्तु मोती का हार है, जिसमें 224 बड़े मोती जड़े हैं। इसके बारे में भी माना जाता है कि यह रणजीत सिंह के खजाने से लाया गया था।

### पोप फ्रांसिस ठंड के कारण रोम में वे ऑफ द क्रॉस कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे

**वेटिकन सिटी।** वेटिकन ने कहा है कि पोप फ्रांसिस रोम में बेहद ठंडे मौसम के कारण गुड फ्राइडे पर वे ऑफ द क्रॉस कार्यक्रम की अध्यक्षता नही करेंगे। पोप फ्रांसिस (86) हाल में ब्रोंकाइटिस के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती हुए थे। वेटिकन ने कहा है कि कोलोसियम में मशाल जुलूस की अध्यक्षता करने के बजाय, फ्रांसिस वेटिकन में उस होटल से इसे देखेंगे जहां वह रहते है। वेटिकन ने कहा कि पोप सेंट पीटर्स बेसिलिका में एक अन्य कार्यक्रम पैसन में शामिल होंगे।

### यूएई ने गुप्ता बंधुओं के प्रत्यर्पण का दक्षिण अफ्रीका का अनुरोध ठुकराया

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को कहा कि यूएई ने धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के आरोपों में भारतीय मूल के कारोबारी गुप्ता परिवार के दो भाइयों को यहां मुकदमे का सामना करने के लिए प्रत्यर्पित करने के उसके अनुरोध को ठुकरा दिया है। तीन गुप्ता बंधु अजय, अतुल और राजेश सरकारी उद्यमों से अरबों की लूट में कथित भूमिका के लिए दक्षिण अफ्रीका में वांछित है।

### हशीश की खेप ले जाने के आरोप में नेपाल में भारतीय नागरिक गिरफ्तार

**काठमांड।** नेपाल के चितवन जिले से एक भारतीय नागरिक को शुक्रवार को एक ट्रक में भारी मात्रा में हशीश ले जाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि एक सूचना पर कार्वाई करते हुए बिहार के चंपारण जिले के निवासी कुंदन पटेल (30) के ट्रक पर चितवन जिले में छापेमारी की गई। पुलिस के अनुसार ट्रक से 181.5 किलोग्राम हशीश बरामद की गई।

### न्यूयॉर्क जेल में कैदी ने आग लगाई, 20 लोग घायल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में न्यूयॉर्क के रिकर्स आइलैंड जेल में एक कैदी द्वारा लगाई गई आग में 20 लोग घायल हुए है। घटना ऐसे दिन पर हुई है, जब डेमोक्रेटिक पार्टी के कुछ जन प्रतिनिधि जेल परिसर गए थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शहर के जेल विभाग ने बताया कि बृहस्पतिवार अपराह्न लगभग डेढ़ बजे लगी आग में 15 कर्मचारी और पांच कैदी घायल हुए है।

### प्रतिबंधित बलूच अलगाववादी समूह प्रमुख गिरफ्तार

इस्लामाबाद, सात अप्रैल (भाषा) पाकिस्तान की सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसने एक सफल खुफिया अभियान के तहत देश के अशांत माने जाने वाले बलूचिस्तान प्रांत में प्रतिबंधित अलगाववादी समूह के संस्थापक को गिरफ्तार किया है। पाकिस्तान की सेना के मीडिया प्रकोष्ठ इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि गुलज़ार इमाम उर्फ शाम्बे को सावधानीपूर्वक चलाए गए एक सुनियोजित अभियान में पकड़ा गया है।

### पाक वित्त मंत्री ने अमेरिका का दौरा रद्द किया : रिपोर्ट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी वित्त मंत्री इशाक डार ने देश में राजनीतिक अनिश्चितता और न्यायिक संकट के बीच अपना अमेरिका दौरा रद्द कर दिया है। मीडिया की एक रिपोर्ट में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई है।

### भारतीय-अमेरिकी को 33 महीने जेल की सजा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक भारतीय नागरिक को बुजुर्गों से धोखाधड़ी करने के आरोप में 33 महीने जेल की सजा सुनाई गई है और 24 लाख डॉलर का जुर्माना भी लगाया गया है। आशीष बजाज (29) ने पिछले साल चार अगस्त को नेवार्क संघीय अदालत में जिला न्यायाधीश केविन मैक्नेकल के समक्ष ऑनलाइन धोखाधड़ी करने की साजिश रचने की बात स्वीकार की थी।

# इजराइली बस्ती के पास फलस्तीनी हमले में दो की मौत

● वेस्ट बैंक में एक घायल

भाषा। यरुशलम

**इजराइली सेना** ने शुक्रवार को लेबनान में हवाई हमले किए और गाजा पट्टी में भी कई स्थानों पर बमबारी जारी रखी। इस घटनाक्रम से क्षेत्र में तनाव गहराने की आशंका बढ़ गई है। वहीं, फलस्तीनियों ने शुक्रवार तड़के दक्षिणी और उत्तरी इजरायल में रॉकेट दागे। इजराइली चिकित्सकों ने बताया कि फलस्तीन के ताजा हमलों में वेस्ट बैंक में दो युवतियों की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। यरुशलम में यह हिंसा फलस्तीनियों के ओल्ड सिटी के संवेदनशील परिसर स्थित अल-अक्सा मस्जिद में स्वयं को बंद करने और फिर इजराइली पुलिस द्वारा उन्हें हटाने के लिए बल प्रयोग करने पर भड़की थी। इसके बाद बृहस्पतिवार को गाजा से रॉकेट दागे गए और एक अप्रत्याशित कदम के तहत लेबनान से उत्तरी इजराइल में करीब तीन दर्जन रॉकेट दागे गए। गौरलतब है कि अल-अक्सा मस्जिद एक संवेदनशील पहाड़ी पर स्थित है जो यहुदियों और मुसलमानों, दोनों के लिए पवित्र स्थान है। अल-अक्सा इस्लाम का तीसरा सबसे पवित्र स्थल है और रमजान के दौरान श्रद्धालुओं की यहां काफी भीड़ रहती है। यह हिंसा ऐसे नाजुक समय में हो रही है, जब यहूदी फसह की छुट्टी मना रहे हैं और मुसलमानों का पवित्र रमजान का महीना चल रहा है। इसी तरह 2021 में भी इजराइल और हमास के बीच झड़पें हुई थीं और उसके बाद 11 दिन तक संघर्ष चला था। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बृहस्पतिवार देर रात अपने मंत्रिमंडल की सुरक्षा समिति की बैठक बुलाई और सेना ने गाजा में हमास से संबंधित चार स्थलों पर हमला किया। हालांकि, इसके तुरंत बाद ही गाजा में फलस्तीनी आतंकवादियों ने दक्षिणी इजराइल में रॉकेट दागना शुरू कर दिया, जिससे पूरे क्षेत्र में हवाई हमले के सायरन बजने लगे। इजराइली हमलों से भी गाजा में जोरदार विस्फोटों की आवाज सुनी गई। लेबनान से उग्रवादियों द्वारा इजराइल पर 34 रॉकेट दागे जाने के बाद हवाई हमले हुए। लेबनान से हुए हमले के बाद इजराइल की उत्तरी सीमा पर लोगों को बमबारी से बचने के लिए बनाए गए आश्रयों में पनाह लेनी पड़ी। इन हमलों में कम से कम दो लोग घायल हो गए। इजराइली सेना ने दावा किया कि उनके हमलों में केवल फलस्तीनी आतंकी समूहों के ठिकानों को निशाना बनाया गया। सेना ने कहा कि वेस्ट बैंक में युवतियों पर हमले के दोषियों की तलाश कर रही है।



### इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, दुश्मनों को भारी कीमत चुकानी होगी

**यरुशलम।** इज़राइली सेना ने शुक्रवार तड़के गाजा पट्टी मे कई स्थानो को निशाना बनाया, जबकि फलस्तीनियो ने शुक्रवार तड़के दक्षिणी इज़रायल मे रॉकेट दागे। यरुशलम मे यह हिसा फलस्तीनियों के ओल्ड सिटी के संवेदनशील परिसर स्थित अल-अक्सा मस्जिद में स्वयं को बंद करने और फिर इज़राइली पुलिस द्वारा उन्हे हटाने के लिए बल प्रयोग करने पर भड़क गई थी। इसके बाद बृहस्पतिवार को गाजा से रॉकेट दागे गए और एक अप्रत्याशित कदम मे लेबनान से उत्तरी इज़राइल मे करीब तीन दर्जन रॉकेट दागे गए। गौरलतब है कि अल-अक्सा मस्जिद एक संवेदनशील पहाड़ी पर स्थित है जो यहूदियो और मुसलमानो दोनो के लिए पवित्र स्थान है। अल-अक्सा इस्लाम का तीसरा सबसे पवित्र स्थल है और रमजान के दौरान श्रद्धालुओं की यहां काफी भीड़ रहती है। हिसा ऐसे नाजुक समय मे हो रही है..जब यहूदी फसह की छुट्टी मना रहे है और मुसलमानो का रमजान का पाक महीना चल रहा है।

## जापानी सेना के हेलीकॉप्टर का मलबा मिला, चालक दल के 10 सदस्य अब भी लापता

**तोक्यो।** जापान के समुद्री क्षेत्र में तलाश अभियान के दौरान एक इस्तेमाल नहीं हुई लाइफबोट , एक दरवाजा और अन्य अवशेष मिले हैं। समझा जाता है कि ए अवशेष समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हुए जापानी सेना के हेलीकॉप्टर ब्लैक हॉक के हैं, जिसमें चालक दल के 10 सदस्य सवार थे। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। घटना से भावुक जापान के रक्षा मंत्री यासुकाजु हमदा ने पत्रकारों से कहा कि तलाश अभियान शुक्रवार को भी जारी है और अब तक चालक दल का कोई सदस्य नहीं मिला है। हमदा ने कहा कि उन्होंने दुर्घटना को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा, जो 10 लोग अब भी लापता हैं उन्हें बचाने के लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे और इस क्षति के असर से संबंधित सभी सूचनाएं जुटा रहे हैं। ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के अनुसार, जापान के दक्षिणी द्वीप में टोही मिशन पर निकला यूएच-60जेए ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर बृहस्पतिवार दोपहर को लापता हो गया था। यह हेलीकॉप्टर मियाको द्वीप पर वायुसेना अड्डे से उड़ान भरने के महज 10 मिनट बाद राडार से लापता हो गया।

## क्विक न्यूज

### अफगानिस्तानी महिलाओं द्वारा संचालित रेडियो ने प्रसारण बहाल किया

**इस्लामाबाद।** उत्तर पूर्वी अफगानिस्तान में महिलाओं द्वारा संचालित एक रेडियो पर प्रसारण फिर से शुरू कर दिया गया है। पवित्र रमजान महीने के दौरान रेडियो पर संगीत बजाए जाने के कारण अधिकारियों ने इसका प्रसारण बंद कर दिया था। तालिबान के एक अधिकारी और रेडियो स्टेशन के प्रमुख ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दरी भाषा में सदई बनोवन का अर्थ होता है औरतों की आवाज। देश के बदख्शान प्रांत में 10 साल पहले इसकी शुरुआत हुई थी और यह अफगानिस्तान का एकमात्र महिलाओं द्वारा संचालित रेडियो स्टेशन है। इसके आठ में से छह कर्मचारी महिलाएं हैं।

### बाइडन प्रशासन ने अफगानिस्तान से सेना की वापसी का बचाव किया



**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने के अपने फैसले का बचाव किया और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर ऐसे हालात पैदा करने का आरोप लगाया जिनकी वजह से बाइडन को विवश होकर 2021 में युद्धग्रस्त देश से अव्यवस्थित तरीके से सैनिकों को वापस बुलाना पड़ा। व्हाइट हाउस ने बृहस्पतिवार को उन स्थितियों पर 12 पन्नों का एक दस्तावेज जारी किया, जिसके कारण 2021 में अमेरिका को अफगानिस्तान छोड़ना पड़ा और विभिन्न कांग्रेस समितियों को संबंधित गोपनीय दस्तावेज भेजे। रिपोर्ट में अधिकतर कारणों के लिए पूर्ववर्ती ट्रंप प्रशासन को दोषी ठहराते हुए कहा गया कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के फैसलों के कारण राष्ट्रपति बाइडन अत्यंत विवश हो गए थे। रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान से सैनिकों की वापसी को लेकर उनके पूर्ववर्ती ने ऐसे हालात पैदा किए थे कि उन्हें उसी तरह से अंजाम देने के लिए राष्ट्रपति बाइडन विवश थे।

### तालिबान के महिलाओं पर प्रतिबंध के विरोध में 3,300 अफगान कर्मी घर पर रहे

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि देश में संयुक्त राष्ट्र की महिला कर्मियों पर तालिबान के प्रतिबंध लगाने के फैसले पर विरोध जताने तथा दबाव बनाने के इरादे से बृहस्पतिवार को दूसरे दिन भी 3,330 अफगान पुरुष एवं महिला कर्मी घर पर रहे। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने तालिबान की कार्वाई पर एक आपात बैठक आयोजित की और उसे अपने फैसले को बदलने के लिए दबाव डाला। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने संयुक्त राष्ट्र के इस आग्रह को दोहराया कि लाखों लोगों को जीवन रक्षक सहायता पहुंचाने के लिए संयुक्त राष्ट्र के सभी कर्मचारियों की आवश्यकता है।

### पश्चिमी देशों को अनाज निर्यात की बाधाओं को दूर करना चाहिए : रूस के विदेश मंत्री

**अंकारा ( तुर्किए )।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने शुक्रवार को कहा कि अगर पश्चिमी देश रूस के अनाज निर्यात की बाधाओं को दूर करने में नाकाम रहते हैं तो मास्को उस समझौते से बाहर निकल सकता है जो यूक्रेनी अनाज को वैश्विक बाजारों में भेजने की अनुमति देता है। यह समझौता पिछले साल जुलाई में संयुक्त राष्ट्र और तुर्किए की मध्यस्थता में हुआ था।

# पाकिस्तान प्रशासन ने हिंदू विवाह कानून के लिए नियमों को अधिसूचित किया

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के इस्लामाबाद राजधानी प्रशासन ने हिंदू विवाह अधिनियम 2017 को इसके पारित होने के पांच साल से अधिक समय बाद अधिसूचित किया है। मीडिया की खबरों में शुक्रवार को कहा गया कि कानून के अधिसूचित होने से अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों को फायदा होगा जो अब पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार अपनी शादी कर सकते हैं। डॉन अखबार ने कहा है कि इस्लामाबाद राजधानी क्षेत्र हिंदू विवाह नियम 2023 नामक अधिसूचना पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांतों में 2017 में पारित विवाह अधिनियम के क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त करेगी। अधिकारी ने कहा कि संघीय क्षेत्र की सभी यूनियन काउंसिल को क्रियान्वयन के लिए अधिसूचना भेज दी गई है। नियमों के अनुसार, इस्लामाबाद में संबंधित यूनियन काउंसिल विवाह संपन्न कराने के लिए एक महाराज का पंजीकरण करेंगी।

### समिति ने सेना प्रमुख की निजी जानकारी हासिल किए जाने पर चिंता जताई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी संसद की एक प्रभावशाली समिति ने एक सरकारी एजेंसी के उन अधिकारियो के खिलाफ आपराधिक जांच की मांग की है, जिन्होने सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर और उनके परिवार के सदस्यो की निजी जानकारी हासिल की थी। मीडिया मे शुक्रवार को आई एक खबर मे यह जानकारी दी गई है।

# द.कोरिया, अमेरिका, जापान ने उ.कोरिया के कामगारों पर प्रतिबंध के समर्थन मांगा

भाषा। सियोल (दक्षिण कोरिया)



**दक्षिण कोरिया** अमेरिका और जापान ने उत्तर कोरिया के कामगारों पर प्रतिबंध लगाने तथा साइबर अपराधों पर रोक लगाने के लिए दृढ़ अंतरराष्ट्रीय सहयोग का आह्वान किया, ताकि देश के परमाणु कार्यक्रम को वित्तपोषित करने के साधनों को अवरुद्ध किया जा सके। उत्तर कोरिया में परमाणु हथियार के बढ़ते जखीरे से निपटने के तरीके पर चर्चा करने के लिए दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के परमाणु दूतों ने शुक्रवार को सियोल में बैठक की। उत्तर कोरिया के हाल के हथियारों के परीक्षण से पता चलता है कि वह बातचीत के मार्ग पर लौटने के बजाय अमेरिका और उसके सहयोगियों पर हमला करने के लिए अधिक उन्नत मिसाइल बनाने का इरादा रखता है। संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों के चलते देश की आर्थिक और खाद्य समस्या गहराने तथा महामारी से संबंधित कठिनाइयों के बावजूद उत्तर कोरिया अभी भी अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों के लिए अपने दुर्लभ संसाधनों का इस्तेमाल करता है। उत्तर कोरिया की क्रिप्टो हैकिंग और अन्य अवैध साइबर गतिविधियों तथा चीन, रूस और अन्य जगहों पर रह रहे उत्तर कोरियाई कामगारों को संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2019 के अंत तक उन्हें वापस भेजने के आदेश के बावजूद उनके हथियार कार्यक्रम के वित्तपोषण में योगदान करने की संभावना है। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रालय के अनुसार एक संयुक्त बयान में, दक्षिण कोरियाई, अमेरिकी और जापानी दूतों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से विदेशों में उत्तर कोरियाई कामगारों पर प्रतिबंध लगाने के संबंध में संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का पूरी तरह से पालन करने का आग्रह किया। बड़ी संख्या में उत्तर कोरियाई कामगार दुनिया भर में आर्थिक गतिविधियों में लगे हुए हैं और धन को स्थानांतरित करते हैं।

# ज्ञान क्षमताओं को भी नुकसान पहुंचा रहा है टिकटॉक

भाषा। हैलीफैक्स




● अमेरिका राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंध लगाने पर कर रहा विचार

**अमेरिका सोशल** मीडिया ऐप टिकटॉक पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहा है, जहां 15 करोड़ से ज्यादा अमेरिकी इसका उपयोग कर रहे हैं। अमेरिकी सरकार मुख्य रूप से निजता संबंधी चिंताओं को लेकर प्रतिबंध पर विचार कर रही है। लेकिन इससे सोशल मीडिया ऐप से जुड़े अन्य संभावित खतरों पर भी विचार करने का अवसर मिलता है। यह सर्वविदित है कि सोशल मीडिया से जुड़े विभिन्न ऐप मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं और इस तथ्य को फेसबुक के लीक हुए आंतरिक अध्ययन में भी स्वीकार किया गया है। सोशल मीडिया के उपयोग का प्रभाव हमारी ज्ञान संबंधी क्षमताओं पर हो सकता है, हालांकि, इस संबंध में लोगों की जानकारी कम ही है। एक शोधकर्ता के रूप में, मैंने उन सभी विभिन्न प्रक्रियाओं का अध्यनन किया जिनका उपयोग हमारा मस्तिष्क ध्यान केंद्रित करने और ध्यान बनाए रखने के लिए करता है। ध्यान कोई एकल तंत्र नहीं है, बल्कि यह मस्तिष्क के विभिन्न क्षेत्रों में कई अलग-अलग तंत्रों का नतीजा है। इन तंत्रों में से एक कार्यकारी कार्यप्रणाली भी है जिसे काम पर ध्यान केंद्रित करने और ध्यान भंग होने पर नजर रखने की हमारी क्षमता के रूप में परिभाषित किया गया है। हालांकि, सभी कार्यों को समान नहीं बनाया गया है लेकिन जब हमारे ध्यान का मकसद संवाद और मनोरंजन हो तो ध्यान केंद्रित करना आसान हो जाता है। आपका मनोरंजन करने के लिए, सोशल मीडिया कंपनियां उन सभी सामग्री पर नजर रखती हैं जिनसे आप दो-चार होते हैं। इसका अर्थ यह नहीं है कि उनकी नजर सिर्फ उस सामग्री तक ही होती है जिसे आप लाइक करते हैं, बल्कि वे इस बात पर भी नजर रखती हैं कि आप प्रत्एक सामग्री पर कितना समय देते हैं। ऐसा कर, ऐप व्यवस्थित रूप से आपको संबंधित सामग्री प्रस्तुत करता है, ताकि आपको यथासंभव अधिक से अधिक समय तक उस मंच पर जोड़ कर रखा जा सके। सोशल मीडिया से जुड़े ऐप जिस प्रकार से सामग्री प्रस्तुत करते हैं, वह अहम है। कई ऐप अंतहीन स्क्रॉल सुविधा का उपयोग करते हैं। इसमें उपयोगकर्ता सामग्री के अगले हिस्से को देखने के लिए बस ऊपर की ओर स्वाइप करते रहते हैं। इससे उपयोगकर्ता अधिक समय तक सामग्री के संपर्क में रहते हैं। सोशल मीडिया ऐप पूरा प्रयास करते हैं कि उपयोगकर्ताओं के लिए उनके मंच को छोड़ना मुश्किल हो जाए। संक्षेप में कहा जा सकता है कि कंपनियां लगातार हम पर नजर रखती हैं और संबंधित आंकड़ों का लाभ उठाकर हमें अधिक से अधिक समय तक जोड़ कर रखने का प्रयास करती हैं। ज्यादातर सोशल मीडिया उपयोगकर्ता दिन में कम से कम एक बार लॉग-इन करते हैं लेकिन एक तिहाई किशोर ऐसे ऐप का 'लगभग लगातार' उपयोग करते हैं। ऐसे में सवाल पैदा होता है कि क्या सोशल मीडिया ध्यान संबंधी हमारी क्षमताओं को नुकसान पहुंचा रहा है। हाल में देखा गया है कि टिकटॉक पर एक साथ कई वीडियो प्रदर्शित करने के लिए स्प्लिट-स्क्रीनिंग के उपयोग की प्रवृत्ति बढ़ी है। यह एक नया घटनाक्रम है जिसमें दर्शक बोरियत पैदा होते ही दूसरी सामग्री देखने लगता है।

# सुधा मूर्ति को पद्म भूषण : ब्रिटिश पीएम सुनक व अक्षता ने खुशी जताई

भाषा। लंदन

**ब्रिटिश प्रधानमंत्री** ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति ने लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता सुधा मूर्ति को पद्म भूषण सम्मान दिए जाने पर खुशी जताते हुए कहा कि यह गर्व की बात है। सुधा मूर्ति (72) को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में यह सम्मान दिया गया। अक्षता के पति एवं ब्रिटेन के पहेले भारतीय मूल के प्रधानमंत्री सुनक ने अपनी पत्नी के पोस्ट के जवाब में लिखा,'गौरव का दिन। नारायण मूर्ति इंफोसिस के सह-संस्थापक हैं। अक्षता मूर्ति ने अपनी मां को सम्मानित किए जाने के बाद बृहस्पतिवार को ट्वीट किया,'कल, मैंने अपनी मां को भारत के राष्ट्रपति



से पद्म भूषण प्राप्त करते हुए गर्व के साथ देखा। पिछले महीने अंर्ताष्ट्रीय महिला दिवस पर, मैंने अपनी मां के असाधारण सफर पर विचार किया, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित से कहानी कहने तक, लेकिन उनके धर्मार्थ और समाजसेवी प्रयासों ने मेरे लिए सबसे बड़ी प्रेरणा के रूप में काम किया है।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General public on behalf of our Client ICICI Bank Ltd. that Mr. Rajeev Kakkar is owner and mutatee of Residential Flat Unit Bearing No. Q-1102, on 11th Floor, Tower-Q, admeasuring 1875 Sq. Ft., Situated in "Plumeria Garden Estate", at Plot no. GH-01, Sector-Omicron-III, Greater Noida, Distt. Gautam Budh Nagar, (U.P.) **"the said property"** by virtue of sub lease deed dated 13.03.2013 for ½ share, & Mutation letter dated 08.07.2022 for ½ share issued by Greater Noida Industrial Development Authority, after demise of Late Mrs. Sarla Rani, who was owner of ½ share the said property by virtue of above sub lease deed dated 13.03.2013, registration No. 5574 executed by GNIDA & M/s U.P. Township Pvt. Ltd. in favour of Mrs. Sarla Rani & Mr. Rajeev Kakkar,. All persons including other legal heirs if any are hereby informed that above mentioned owner Mr. Rajeev Kakkar want to sell the said property to Mr. Neeraj Jindal or his nominee who is taking Loan for purchase the said property from ICICI Bank Ltd., if anybody has any objection/s upon the ownership of Mr. Rajeev Kakkar in respect of the said property its sale/Mortgage/Litigation, and any kind of objection kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 10 days of the present.

For **Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, Second Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, New Delhi-110015;
E-E-mail: legal@knalegal.com, Ph: 011-41112527-28

**PUBLIC NOTICE**

It is hereby brought to the notice of public at large that (1) Original Registered Sale Certificate dated 30.05.2007 executed in favour of NKP Holding Pvt. Ltd. related to land measuring, 19 Biswa out of Khasra no. 1551 (Property No. 12/1), Situated at Village. Aurangpur, Tehsil & Distt. Faridabad, Haryana is lost with present owner, M/s Om Hydromech Pvt. Ltd. The Public at large is hereby informed that owner has availed credit facilities from HDFC Bank Ltd. against security of the aforementioned property. Any person, who comes in knowledge or possession of aforementioned original sale Certificate, may please return the same to above mentioned property addresses or at below mentioned address. Any person or authority dealing with the sale certificate and / or the aforesaid property and/or deriving any benefit by impersonation or claiming any interest in the aforesaid property, on the basis of said sale certificate or in any manner whatsoever, he/she/it shall do so at his/her/its own cost, expense, liability and risk or may also send his/her/their claims in writing to the undersigned along with documentary evidence in support of the claim.

**S.K. Singh (Advocate)**
F-10, LGF, Jangpura Ext., New Delhi-110014

# दक्षिण भारत में मिशनरियों से कहीं ज्यादा सेवा कार्य हिंदू आध्यात्मिक समुदाय ने किए : भागवत

**भाषा।** जयपुर




**राष्ट्रीय स्वयंसेवक** संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि देश के दक्षिण प्रांतों में हिंदू आध्यात्मिक गुरुओं द्वारा किए गए समाज सेवा कार्य मिशनरियों के काम की तुलना में कहीं अधिक हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह कोई स्पर्धा की बात नहीं है। भागवत जयपुर के जामडोली में केशव विद्यापीठ में राष्ट्रीय सेवा भारती के सेवा संगम के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज सेवा कार्यों की बात आने पर देश के प्रबुद्धजन आमतौर पर (ईसाई) मिशनरियों की बात करते हैं। उन्होंने कहा, समाज सेवा की बात आने पर देश के प्रबुद्धजन सामान्यत: मिशनरियों का नाम लेते हैं। दुनिया भर में मिशनरी अनेक स्कूल, अनेक अस्पताल चलाते हैं यह सबको पता है। हिंदू समाज के संत-सन्यासी भी ऐसा कर रहे हैं। इसी सोच के साथ चेन्नई में हिंदू सेवा मेले का आयोजन किया गया। दक्षिण के कन्नड़-भाषी, तेलुगु-भाषी, मलयालम-भाषी और तमिल-भाषी चार क्षेत्रों में ... केवल आध्यात्मिक क्षेत्र के हमारे आचार्य मुनि, सन्यासी सब मिलाकर जो सेवा करते हैं वह मिशनरियों के सेवा कार्यों से कई गुणा ज्यादा है।

भागवत ने आगे कहा, मैं स्पर्धा की बात नहीं कर रहा। उनसे ज्यादा, उनसे कम, यह मेरा पैमाना नहीं है। यह सेवा का पैमाना हो ही नहीं सकता। सेवा से स्वस्थ समाज बनता है लेकिन स्वस्थ समाज तैयार करने से पहले वह पहले हमें स्वस्थ करती है। भागवत ने कहा, सेवा मनुष्य के मनुष्यत्व की स्वाभाविक अभिव्यक्ति है। इसके साथ ही भागवत ने समाज के पिछड़े वर्ग पर जोर देते हुए कहा कि हमें सबको समान मानकर इस पिछड़ने को दूर करना होगा।

समाज में व्याप्त पिछड़ेपन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, हमारे समाज का केवल एक वर्ग पिछड़ा नहीं है बल्कि उसके कारण हम सब लोग पिछड़ गए हैं। हमें यह पिछड़ापन दूर करना है। हमें सभी को समान, अपने जैसा मानकर सेवा के माध्यम से उन्हें अपने जैसा बनाना है। हम इसके लिए संकल्प ले सकते हैं, सेवा कर सकते हैं।

भागवत ने कहा, हम सभी से मिलकर समाज बना है। यदि हम एक नहीं रहेंगे तो हम अधूरे हो जाएंगे। सबसे साथ मिलकर रहने से हम पूर्ण बनेंगे। लेकिन दुर्भाग्य से यह विषमता आई है। हमको यह विषमता नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश में एक घुमंतू समाज है, जिसने देश की स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी। वो झुका नहीं। घुमंतू समाज के लोग कहीं न कहीं घूमते रहते हैं। अंग्रेजी शासकों ने उनकी पहचान मिटा दी। दुर्भाग्यवश स्वतंत्रता के बाद भी उनकी वही स्थिति रही। उनके पास कोई मतदात पहचान पत्र नहीं है, राशन कार्ड नहीं और अधिवास प्रमाण पत्र भी नहीं है। संघ के सेवा कार्य वहां भी जारी हैं। इससे पहले वाल्मीकि धाम उज्जैन के पीठाधीश्वर संत बालयोगी उमेशनाथ महाराज ने कहा कि हमारे ऋषि, मुनियों व संतों महात्माओं ने इस देश को बंटने से रोका, अलगाव से रोका और इस सनातन धर्म की मजबूती को बनाए रखा। लेकिन हमारा दुर्भाग्य यह रहा कि हमारे ही देश के कुछ घुसपैठियों के कारण इस देश में शंख और घड़ी व घंटालों नगाड़ों की आवाज बंद हो गई। सुबह से लेकर शाम तक पांच बार की नमाज की आवाजें लाउडस्पीकर के जरिए हमारे काम को बाधित करने लगीं। समाज से छुआछूत व ऊंच नीच की भावना को खत्म करने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि यह भावना खत्म नहीं होने की वजह से ही इस देश में लव जिहाद आया है। वह खत्म नहीं होने की वजह से आज के कॉलेज जाने वाले लड़के और लड़कियां प्रेम विवाह के लिए तैयार हैं। इसलिए आज समाज के जितने भी रूढिवादी लोग हैं वे रूढिवादिता को खत्म करके समाज को गले लगाने का काम करें। बाद में भागवत ने अपने उद्बोधन में संत उमेशनाथ के संबोधन की ओर इशारा किया। महाराज जी ने जो कहा है, एक एक बात, बहुत स्पष्ट कही है। आपको क्या लगा मुझे पता नहीं ... लेकिन उन्होंने जो कहा एक एक बात सत्य है। इन बातों पर आज नहीं तो कल हमें अमल करना ही पड़ेगा। हम प्रयास कर रहे हैं कि ऐसा आज ही हो जाए क्योंकि यही स्वस्थ समाज का लक्षण है। हालांकि, भागवत ने यह स्पष्ट नहीं किया कि वह संत उमेश नाथ महाराज के भाषण के किस हिस्से का समर्थन कर रहे हैं।

# कुलपतियों को साप्ताहिक गतिविधि रिपोर्ट राज्यपाल को देने को कहा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सभी राज्य-संचालित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को राज्यपाल सी वी आनंद बोस को एक साप्ताहिक गतिविधि रिपोर्ट प्रस्तुत करने और भविष्य में किसी भी बड़े मुद्दे के बारे में उन्हें जानकारी देने के लिए कहा गया है। राज्यपाल सी वी आनंद बोस सभी राज्य संचालित विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भी हैं। राज्यपाल बोस के इस निर्देश पर शुक्रवार को राज्य सरकार की ओर से तीखी प्रतिक्रिया आई और शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने कहा कि राज्य के उच्च शिक्षा विभाग को विश्वास में लिए बिना राज्यपाल के पत्र की कोई कानूनी वैधता नहीं है। यह गतिरोध मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्यपाल बोस के बीच संबंधों में कड़वाहट ला सकता है। ब्रत्य बसु ने राज्यपाल से आग्रह किया कि वह पत्र वापस लें और किसी भी भ्रम तथा सभी अस्पष्टताओं को दूर करने पर चर्चा करने के लिए सरकार के साथ बैठकर विचार-विमर्श करें। ब्रत्य बसु ने पत्र पर कड़ी आपत्ति जताते हुए संवाददाताओं से कहा कि सरकार को विश्वास में लिए बिना राज्यपाल ने पत्र जारी किया था और कुछ विश्वविद्यालयों के कुलपतियों द्वारा इसके बारे में बताए जाने से पहले उन्हें पत्र के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। ब्रत्य बसु ने कहा, राज्यपाल और कुलपतियों के बीच प्रतिस्पर्धा का नहीं बल्कि सहयोग और समन्वय का संबंध है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के सर्वेक्षणों में हमारे राज्य के विश्वविद्यालयों को पूर्ण रूप से कार्यात्मक स्वायत्तता प्राप्त है। हम राज्यपाल के कार्यालय से कोई लड़ाई नहीं चाहते हैं। पिछले अवसरों पर, हमने राज्यपाल के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन किए थे जहां दोनों पक्षों ने तालमेल और निकट समन्वय में काम करने का दावा किया था। यह पत्र उस भावना के अनुरूप नहीं है।

# न्याय सुनिश्चित करने की विशिष्ट पहचान रही है गुवाहाटी उच्च न्यायालय की: मुर्मू

**गुवाहाटी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छह दशक से भी अधिक समय तक सात पूर्वोत्तर राज्यों की अत्यंत संवेदनशीलता और जिम्मेदारी से सेवा करने और क्षेत्र के विविध समुदायों के पारंपरिक कानूनों को बरकरार रखते हुए न्याय सुनिश्चित करने के लिए गुवाहाटी उच्च न्यायालय की सराहना की। मुर्मू ने यहां गुवाहाटी उच्च न्यायालय के प्लेटिनम जुबली समारोह में कहा कि यह (उच्च न्यायालय) 1948 में अपनी स्थापना के बाद से अपने काम के लिए भारत के न्यायिक परिदृश्य में एक अद्वितीय स्थान रखता है और इसके अधिकार क्षेत्र में अब भी चार राज्य हैं। यह देखकर प्रसन्नता हो रही है कि गुवाहाटी उच्च न्यायालय अपने अधिकार क्षेत्र के तहत कुछ राज्यों में चल रहे प्रथागत कानूनों को बरकरार रखता है। स्वदेशी लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हुए, इस अदालत ने इस क्षेत्र में शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के लोकाचार को बढ़ाने में



मदद की है। राष्ट्रपति ने कहा कि पूर्वोत्तर को उपयुक्त रूप से अष्टलक्ष्मी कहा गया है, क्योंकि विविध समुदाय इस क्षेत्र में ऐतिहासिक रूप से एक साथ रहते हैं। परिणामस्वरूप, इसमें समृद्ध जातीय और भाषाई विविधता है। ऐसी स्थिति में, संस्थानों को बहुत अधिक संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की आवश्यकता है, क्योंकि अलग-अलग परंपराएं और कानून इस क्षेत्र के लोगों के जीवन को नियंत्रित करते हैं। भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में लागू होने वाले कानून अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन पूरे क्षेत्र का संचालन एक सामान्य उच्च न्यायालय द्वारा किया जाता है। न्याय में सामाजिक और आर्थिक, दोनों प्रकार का न्याय शामिल है। इसे सार्थक बनाना हर पीढ़ी का कर्तव्य बन जाता है। हमारे समय में, हमें पारिस्थितिक न्याय के प्रति संवेदनशील होना चाहिए।

## प्रधानमंत्री आज तमिलनाडु में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे

**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को तमिलनाडु के दौरे के दौरान चेन्नई हवाई अड्डे पर 2437 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित अत्याधुनिक एकीकृत टर्मिनल भवन सहित कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। पुलिस ने कहा कि यात्रा के मद्देनजर पूरे शहर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है, वाहन चालकों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए पहले से यात्रा की योजना बनाने को कहा गया है, क्योंकि यातायात मार्ग में बदलाव किया गया है। अपने आगमन के बाद मोदी नए टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे, जिसका पहला चरण पूरा हो चुका है। इससे यात्रियों की संख्या बढ़कर 3.5 करोड़ प्रति वर्ष होने की उम्मीद है। मोदी ने एक ट्वीट में कहा था, यह चेन्नई के बुनियादी ढांचे के लिए एक महत्वपूर्ण कार्य होगा। यह संपर्क को बढ़ावा देगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ पहुंचाएगा। चेन्नई हवाई अड्डे के अधिकारियों के अनुसार, नया एकीकृत टर्मिनल 2.20 लाख वर्ग मीटर में फैला हुआ है।

# अदालत ने ट्रेन में आगजनी के आरोपी को 11 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**कोझीकोड (केरल)।** केरल में ट्रेन में आगजनी के आरोपी व्यक्ति को एक स्थानीय अदालत ने शुक्रवार को 11 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया। दो अप्रैल को हुई इस घटना में एक शिशु और दो अन्य लोगों की मौत हो गई थी। कोझीकोड के न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) ने मामले में मुख्य आरोपी शाहरुख सैफी को 11 दिनों के लिए पुलिस की हिरासत में भेज दिया। आरोप है कि सैफी ने ट्रेन में सवार कुछ यात्रियों पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी और वहां से भागने के प्रयास में वह संभवत: झुलस गया। बृहस्पतिवार से एक मेडिकल कॉलेज में उसका इलाज चल रहा था। जिला पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि आगे की पूछताछ के लिए आरोपी को 18 सदस्ईय विशेष जांच दल (एसआईटी) की हिरासत में भेजा गया है। इससे पहले दिन में, मजिस्ट्रेट अस्पताल पहुंचे और आरोपी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया था। हालांकि, बाद में एक मेडिकल बोर्ड ने फैसला किया सैफी के जख्म ज्यादा गहरे नहीं हैं और उसे अस्पताल से छुट्टी दी गई। सैफी को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पुलिस ने उसकी हिरासत के लिए अदालत से अनुरोध किया, जिसके बाद इसने आरोपी को 11 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। इस बीच, केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने ट्रेन आगजनी की घटना के मृतकों के परिवारों से मुलाकात की और उनमें से प्रत्एक परिवार को पांच-पांच लाख रुपए की मुआवजा राशि का चेक दिया। वहीं, एडीजीपी (कानून-व्यवस्था) एम. आर. अजित कुमार ने बताया कि विभिन्न जांच एजेंसियों की मदद से आरोपी को गिरफ्तार किया जा सका। यह विशेष मामला है जिसमें संयुक्त रूप से जांच किए जाने की जरूरत है। केरल पुलिस और अन्य एजेंसियों ने संयुक्त प्रयास से आरोपी का पता लगाया और उसे पकड़ लिया। सारा श्रेय केरल पुलिस और अन्य जांच एजेंसियों को जाता है। हम मामले की हर पहलू की जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियों को सूचना मिली थी कि आरोपी महाराष्ट्र के रत्नागिरि में है और केरल पुलिस ने उसे हिरासत में लेने के लिए तत्काल टीम भेजी। हमने महाराष्ट्र पुलिस की टीम और अन्य जांच एजेंसियों के सहयोग से उसे पकड़ लिया और यहां लेकर आए। मामले की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए, हमें इस मामले की विस्तृत और गहन जांच करने की जरूरत है।

## कांग्रेस ने पार्टी विरोधी टिप्पणियां करने पर पूर्व विधायक आशीष देशमुख को निलंबित किया

**मुंबई।** महाराष्ट्र में कांग्रेस ने पूर्व विधायक आशीष देशमुख को राज्य में पार्टी नेतृत्व के खिलाफ सार्वजनिक तौर पर बयान देने को लेकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। पूर्व विधायक के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्वाई की घोषणा करने वाले पार्टी के एक नोटिस में कहा गया है कि देशमुख के खिलाफ लगाए गए आरोप गंभीर प्रकृति के हैं। देशमुख नागपुर के काटोल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधायक हैं, जो बाद में कांग्रेस में शामिल हो गए। 2019 के विधानसभा चुनावों में नागपुर दक्षिण पश्चिम सीट से भाजपा नेता और मौजूदा उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ कांग्रेस के उम्मीदवार थे। वह कांग्रेस की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष रंजीत देशमुख के बेटे हैं। उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण की अध्यक्षता वाली राज्य कांग्रेस की अनुशासनात्मक कार्वाई समिति ने उनकी इस टिप्पणी के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था कि एमपीसीसी (महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी) अध्यक्ष नाना पटोले को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से पैसा मिलता है। आशीष देशमुख ने यह भी कहा था कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपनी मोदी उपनाम संबंधी टिप्पणियों के कारण अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय से माफी मांगनी चाहिए।

# ग्रेट निकोबार द्वीप मेगा परियोजना के लिए दी गई पर्यावरण मंजूरी पर पुन: विचार के लिए एनजीटी ने बनाई समिति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने ग्रेट निकोबार द्वीप समूह में विभिन्न घटकों वाली मेगा परियोजना के लिए अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह एकीकृत विकास निगम (एएनआईडीसीओ) को दी गई पर्यावरणीय मंजूरी पर पुन:विचार करने के लिए एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन किया है। एक अंतरराष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल के विकास के साथ इस परियोजना में एक सैन्य-नागरिक, दोहरे उपयोग वाले हवाई अड्डे, एक गैस, डीजल और सौर-आधारित बिजली संयंत्र तथा एक बस्ती का विकास भी शामिल है। एनजीटी परियोजना प्रस्तावक (पीपी) एएनआईडीसीओ को प्रदान की गई वन मंजूरी और पर्यावरण मंजूरी के खिलाफ अपील पर सुनवाई कर रहा था। इससे पहले 11 जनवरी को उसने केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और पीपी से जवाब मांगा था। यायिक सदस्यों न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल, न्यायमूर्ति बी अमित स्थालेकर और न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी के साथ अधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए के गोयल की पीठ ने कहा कि प्रवाल भित्तियों, मैंग्रोव, कछुओं के अंडा देने के स्थलों, पक्षियों के घोंसले बनाने के स्थलों अन्य वन्यजीव, कटाव, आपदा प्रबंधन और अन्य संरक्षण और शमन उपाय पर प्रतिकूल प्रभाव को लेकर पर्याप्त अध्ययन किए जाने की आवश्यकता है। द्वीप तटीय विनियमन क्षेत्र (आईसीआरजेड) की 2019 की अधिसूचना का अनुपालन किया जाना था और आदिवासी अधिकारों और पुनर्वास को भी सुनिश्चित करना था।अधिकरण ने कहा कि कई पहलुओं को लेकर अभी कमियां दिख रही हैं। एनजीटी ने कहा, इन पहलुओं को लेकर एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति द्वारा पर्यावरण मंजूरी पर पुन:विचार की जरूरत हो सकती है।

## तेजी से आगे बढ़ता ब्लैक होल अचानक हब्बल दूरबीन से देखा गया

**नई दिल्ली।** अमेरिका के नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के मुताबिक करीब दो करोड़ सूर्य के आकार वाले एक अत्यधिक विशालकाय ब्लैक होल ने नए तारों की दो लाख प्रकाश वर्ष की दूरी जितना लंबा एक संघनित निशान छोड़ा है। नासा के हब्बल स्पेस टेलीस्कोप (दूरबीन) द्वारा अचानक देखे गए ब्लैक होल को हमारे सौर मंडल के अंदर इतनी तीव्र गति से आगे बढ़ते देखे जा सकता है कि हमारे सौरमंडल में यह 14 मिनट में पृथ्वी से चंद्रमा तक की यात्रा कर सकता है। अमेरिका के कनेक्टिकट में न्यू हैवन स्थित एल यूनिवर्सिटी के पीटर वैन डोकुम ने कहा, हमें लगता है कि हम ब्लैक होल के पीछे-पीछे एक निशान देख रहे हैं, जहां गैस ठंडी अवस्था में है और यह तारे का निर्माण करने में सक्षम है। इसलिए हम ब्लैक होल के पीछे-पीछे तारे का निर्माण होते देख रहे हैं। डोकुम ने कहा, हम जो कुछ भी देख रहे हैं वह परिणाम है।

# केंद्रीय आयुष मंत्री सोनोवाल, अरुणाचल के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने योग महोत्सव में भाग लिया

**भाषा।** डिब्रूगढ़ (असम)



**केंद्रीय आयुष** मंत्री सर्बानंद सोनोवाल के साथ त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री चाउना मीन तथा असम, मेघालय और मणिपुर के स्वास्थ्य मंत्रियों ने शुक्रवार को डिब्रूगढ़ में योग महोत्सव में भाग लिया। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली और केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह ने भी यहां योग महोत्सव में भाग लिया। तंजानिया, युगांडा, केन्या, टोगो, नेपाल, नाइजीरिया, लेसोथो, बोत्सवाना, मिस्र, नामीबिया और दक्षिण कोरिया के विद्यार्थियों तथा योग के प्रति उत्साही लोगों ने भी योग महोत्सव में भाग लिया। यह महोत्सव 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू होने को प्रदर्शित करता है। सोनोवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यहां 100 बिस्तरों वाला योग और प्राकृतिक चिकित्सा अस्पताल स्थापित किया जाएगा। केंद्रीय आयुष मंत्री ने कहा कि अस्पताल आयुष मंत्रालय द्वारा स्थापित किया जाएगा और क्षेत्र में स्वास्थ्य देखभाल के केंद्र के रूप में डिब्रूगढ़ को स्थापित करेगा। यह केंद्र असम के लोगों को योग और प्राकृतिक चिकित्सा की जरूरतों को पूरा करेगा। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा भी इस अवसर पर उपस्थित थे। उन्होंने कहा, एक चिकित्सक होने के नाते योग से मिलने वाले कई फायदों से मैं अवगत हूं। इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करने को लेकर मैं आयुष मंत्री का आभार जताता हूं। वहीं, अरुणाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री चाउना मीन ने कहा कि योग भारत की समृद्ध धरोहर का एक शानदार उपहार है, जिसने विश्व को एक स्वास्थ्यकर जगह बनाने में मदद की है।

## क्विक न्यूज

### टोंक में दो पक्षों के बीच मारपीट में एक व्यक्ति की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के टोंक जिले में शुक्रवार को खेत में बकरी घुसने को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस उपाधीक्षक (पीपलू) इंदू लोदी ने बताया कि घटना पुरेडी गांव में मीणों की ढाणी की है। प्रारंभिक जांच से पता चला कि एक बकरी के खेत में घुसने पर दो पक्षों के बीच हुआ विवाद मारपीट में बदल गया और इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस संबंध में तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। व्यक्ति की मौत पत्थर की चोट से अथवा लाठियों के हमले के कारण हुई इसकी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद चोट के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। थानाधिकारी प्रहलाद सहाय ने बताया कि मृतक की पहचान रामलाल मीणा (47) के रूप में हुई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### केंद्र ने जनता की शिकायतों के निवारण में तमिलनाडु की पहल की सराहना की

**चेन्नई।** देशभर में सुशासन सप्ताह समारोह के दौरान जन शिकायतों के शीघ्र निवारण की तमिलनाडु की पहल की केंद्र सरकार ने भी सराहना की है। राज्य सरकार ने यह जानकारी दी। केंद्रीय लोक शिकायत, पेंशन, कार्मिक राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को पत्र लिखकर राज्य के प्रयासों और केंद्रीयकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (सीजीपीआरएएम) में सहयोग के लिए उसकी सराहना की। प्रणाली के जरिए करीब 32,852 समस्याओं का निवारण किया गया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, केंद्रीय मंत्री ने 19 से 25 दिसंबर 2022 तक सुशासन सप्ताह समारोह के दौरान शिकायतों के निवारण में राज्य के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस कार्यक्रम के लिए राज्य सरकार के सहयोग की भी सराहना की।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से सात वर्षीय तेंदुए की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के उदयपुर जिले के सुखेर थाना क्षेत्र में बीती रात अज्ञात वाहन से टकराने के बाद सात वर्षीय नर तेंदुए की मौत हो गई। उप वन संरक्षक (उदयपुर उत्तर) सुपोंग शशी ने बताया कि सुखेर-नाथद्वारा राजमार्ग पर एकलिंगजी मोड़ के पास बृहस्पतिवार रात को एक छोटे अज्ञात वाहन की टक्कर से सात वर्षीय नर तेंदुए की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया। शशी ने बताया कि इस संबंध में कोई मामला दर्ज नही करवाया गया है। एकलिंगजी पुलिस चौकी के प्रभारी हरीश ने बताया कि घटनास्थल पर पुलिस दल के पहुंचने से पहले वन विभाग कर्मी तेंदुए के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए ले जा चुके थे।

### हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में आग से घर जलकर खाक

**हमीरपुर (हिप्र)।** हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर के मनसई गांव में आग लगने से एक मकान जलकर खाक हो गया और लाखों की संपत्ति नष्ट हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियो ने बताया कि आग बृहस्पतिवार रात लगी। किसी के हताहत होने की सूचना नही है। उन्होंने बताया कि घर मे चार भाइयो सुभाष चंद, अर्जुन कुमार, सुरेंद्र और संजू के परिवार रहते थे। अधिकारियो ने बताया कि पुलिस और दमकल की एक टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया लगता है कि आग शार्ट सर्किट से लगी।

### बार में छापेमारी के दौरान 12 लोग गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई के सांताक्रूज इलाके में शुक्रवार को एक बार में छापेमारी के दौरान कम से कम 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 13 महिलाओं को मुक्त कराया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मुंबई उपनगर के गजाधर बांध इलाके में तड़के एक बार में छापा मारा। पुलिस ने बार के मालिक, दो कर्मचारियों और नौ ग्राहकों को महाराष्ट्र होटल, रेस्तरां और बार रूम में अश्लील नृत्य निषेध एवं महिलाओं की गरिमा का संरक्षण अधिनियम, 2016 की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है।

### हनुमान जयंती पर जुटे भक्तगण

**दिल्ली।** हनुमान जयंती के अवसर पर, एक अनूठी उपलब्धि में 7 लाख से अधिक लोगों ने भगवान हनुमान से प्रार्थना की और 2 लाख से अधिक लोगों ने श्री मंदिर ऐप पर हनुमान चालीसा सुनी, भक्ति और आध्यात्मिक प्रथाओं के लिए भारत का पहला ऐप उतारा था। केवल एक सप्ताह की अवधि में 1 से 5 अप्रैल तक 4 लाख से अधिक लोगों ने भगवान हनुमान की प्रार्थना की और 7 लाख से अधिक लोगों ने हनुमान चालीसा सुनी। यह अनिवार्य रूप से श्री मंदिर को भारत में भगवान हनुमान का सबसे बड़ा आभासी मंदिर बनाता है। आगंतुकों की संख्या के अनुसार। ऐप विभिन्न भक्ति प्रथाओं और परंपराओं पर गहराई से और सत्यापित सामग्री प्रदान करके विश्वास के एक प्रवर्तक के रूप में कार्य करता है।अधिकांश उपयोगकर्ता नोएडा, गुरुग्राम, यूपी और एमपी सहित अन्य से थे।

# विदेशों में भारत की छवि खराब करने पर रोक लगनी चाहिए: उपराष्ट्रपति धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा लंदन में दिए गए उनके बयान को लेकर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि विदेशी भूमि पर जाकर भारत की तस्वीर को धूमिल करने के प्रयास पर अंकुश लगना चाहिए। धनखड़ प्रसिद्ध समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर उनके सम्मान में डाक टिकट जारी करने के बाद यहां एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कुछ भारतीय विदेशी संस्थानों में भारत के विकास को रोकने का प्रयास करते हैं। उन्होंने आजादी के बारे में स्वामी दयानंद के विचार और विदेशी शासन के प्रति उनके प्रतिरोध का हवाला दिया तथा भारत और इसकी लोकतांत्रिक संस्थाओं की छवि को धूमिल करने के लिए विदेशों में की गई कथित टिप्पणियों को लेकर नाराजगी जताई। धनखड़ ने कहा, कुछ



पीड़ा होती है, जब अपनों में से कुछ लोग विदेशी भूमि पर जाकर उभरते हुए भारत की तस्वीर को धूमिल करने का प्रयास करते हैं। इस पर अंकुश लगना चाहिए... सच्चे मन से भारत और भारतीयता में विश्वास करने वाला व्यक्ति भारत के सुधार की सोचेगा एवं सुधार में सहयोग करने की सोचेगा। हो सकता है कि कमियां हों, उन कमियों को दूर करने की सोचेगा पर विदेश में जाकर नुक्ताचीनी करना विदेश में जाकर संस्थाओं के ऊपर घोर टिप्पणी करना हर मापदंड पर अमर्यादित है। एक समय था जब संस्थानों के नाम कुछ चुनिंदा लोगों के नाम पर रखे जाते थे और यह आभास होता था कि देश में महान हस्तियों की कमी है। उन्होंने कहा, प्राचीन काल से ही भारत ऋषि-मुनियों का देश रहा है। भगवान के यहां कई अवतार हुए... राम काल्पनिक नहीं हैं, राम हमारी सभ्यता का हिस्सा हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने ही सबसे पहले 1876 में स्वराज्य का नारा दिया जिसे बाद में लोकमान्य तिलक ने आगे बढ़ाया।

# बैसाखी से पहले दहशत पैदा करने का प्रयास न करे पंजाब सरकार: अकाल तख्त जत्थेदार

**बठिंडा (पंजाब)।** पंजाब के बठिंडा में भारी सुरक्षा बंदोबस्त से चिंतित अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने शुक्रवार को राज्य सरकार पर बैसाखी से पहले दहशत फैलाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। जत्थेदार ने एक बार फिर भगोड़े अलगाववादी अमृतपाल सिंह से आत्मसमर्पण करने को कहा।

जत्थेदार ने शुक्रवार को तख्त दमदमा साहिब में सिख एवं पंजाबी पत्रकारिता की भूमिका, सिख मीडिया के योगदान और वर्तमान में राज्य के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए एक विशेष सभा बुलाई। यह सभा ऐसे समय में बुलाई गई है, जब इस सीमावर्ती राज्य में अलगाववादी ताकतों के उदय के बारे में चिंता व्यक्त की जा रही है, विशेष रूप से कट्टरपंथी अलगाववादी अमृतपाल सिंह के नेतृत्व में अजनाला थाने पर हमले के कारण कानून-व्यवस्था के उल्लंघन को लेकर चिंता सामने आई है। अमृतपाल फिलहाल फरार है और पुलिस ने उसे भगोड़ा घोषित किया है। सभा को संबोधित करते हुए अकाल तख्त के जत्थेदार ने कहा कि कड़ी सुरक्षा के कारण इस बार बैसाखी से पहले सामान्य से काफी कम संख्या में श्रद्धालु यहां आए हैं। उन्होंने कहा, हर साल, हम (बैसाखी के लिए) भारी भीड़ देखते हैं, यह पांच अप्रैल से शुरू होती है, लेकिन (फिलहाल) संगत की संख्या महज 10 फीसदी है। इसका कारण सरकार द्वारा फैलाई गई दहशत है। जत्थेदार ने कहा, मैं इस मंच के माध्यम से पंजाब सरकार को कहना चाहता हूं कि इस सख्ती से दहशत पैदा हुई है, इसे खत्म किया जाना चाहिए। कुछ मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, पहले उन्होंने (मीडिया) कहा था कि अमृतपाल सिंह यहां आत्मसमर्पण करेगा। अब कहने लगेंगे कि बैसाखी के दिन आत्मसमर्पण कर देगा और उसके नाम पर दहशत फैलाने की कोशिश की जाएगी।

## रक्षा सचिव अरमाने ने तेजस विमान के लिए नई उत्पादन इकाई का उद्घाटन किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**रक्षा सचिव** गिरिधर अरमाने ने शुक्रवार को नासिक में एक नई उत्पादन इकाई का उद्घाटन किया ताकि स्वदेश में विकसित हल्के लड़ाकू विमान तेजस के निर्माण में तेजी लाई जा सके। यह विमान बनाने वाली कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा स्थापित तीसरी इकाई है। एचएएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सी बी अनंतकृष्णन ने कहा कि नई उत्पादन इकाई से तेजस (एमके/ए) के उत्पादन को बढ़ाने में मदद मिलेगी और उत्पादन क्षमता प्रति वर्ष 16 जेट से बढ़कर 24 विमान प्रति वर्ष हो जाएगी। इससे पहले, एचएएल ने तेजस के लिए बेंगलुरु में दो उत्पादन इकाई की स्थापना की थी। तेजस एकल-इंजन वाला बहुद्देश्ईय लड़ाकू विमान है जो बेहद चुनौतीपूर्ण वातावरण में भी परिचालन में सक्षम है।

# कृणाल का कमाल, लखनऊ फिर निहाल

**● सुपर जाइंट्स ने सनराइजर्स को 5 विकेट से हराया**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ।



**हैदराबाद को हराकर** लखनऊ ने चेन्नई से पिछले हार के जख्म को धो दिया। अटल बिहारी बाजपेई स्टेडियम में कृणाल पंड्या के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल के मैच में पांच विकेट से हरा दिया। कृणाल ने पहले गेंदबाजी में शीर्षक्रम के तीन विकेट लिए और सनराइजर्स को आठ विकेट पर 121 रन पर रोक दिया। जवाब में लखनऊ ने 24 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की।

कृणाल ने 23 गेंद में 34 रन बनाए और कप्तान केएल राहुल (35) के साथ तीसरे विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी की। कृणाल 13वें ओवर में आउट हुए जब लखनऊ को जीत के लिए सिर्फ 22 रन चाहिए थे। मेजबान टीम ने 16 ओवर में पांच विकेट पर 127 रन बनाए। राहुल ने 31 गेंद की पारी में चार चौके लगाए जबकि कृणाल ने अपनी पारी में चार चौके और एक छक्का लगाया। राहुल और रोमारियो शेफर्ड (0) लगातार दो गेंदों पर आउट हुए जिन्हें आदिल रशीद ने पवेलियन भेजा। सनराइजर्स के अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने पहले ही ओवर में 13 रन दे डाले जिनमें पांच वाइड गेंदें थी। उन्होंने दूसरे ओवर में दीपक हुड्डा (सात) का रिटर्न कैच लपका। राहुल और कृणाल ने अगली 38 गेंद तक सनराइजर्स को कोई सफलता हाथ नहीं लगने दी। इससे पहले गेंदबाजी में कृणाल ने 18 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने मयंक अग्रवाल (आठ), अनमोलप्रीत सिंह (31) और कप्तान एडेन मार्कराम (0) को आउट किया। आखिरी दो विकेट उन्होंने आठवें ओवर में लगातार दो गेंदों पर लिए जिससे सनराइजर्स का स्कोर तीन विकेट पर 50 रन हो गया। इस सत्र का अपना पहला मैच और सनराइजर्स के कप्तान के तौर पर भी पहला मैच खेल रहे मार्कराम पहली ही गेंद पर विकेट गंवा बैठे। रवि बिश्नोई ने इसके बाद हैरी ब्रूक को आउट किया जिन्हें निकोलस पूरन ने स्टम्प आउट किया। इन शुरुआती झटकों से सनराइजर्स की टीम उबर नहीं सकी। अनुभवी लेग स्पिनर अमित मिश्रा ने बाद में 23 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने इंपैक्ट खिलाड़ी आयुष बडोनी को 19वें ओवर में आउट किया। लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने तीसरे ओवर में कृणाल को गेंद सौंपी जिसका फायदा भी हुआ। अग्रवाल ने तीसरे ओवर में मार्कस स्टोइनिस को कैच थमाया। इसके पांच ओवर बाद उन्होंने अनमोलप्रीत को पगबाधा आउट किया। वहीं मार्कराम अगली गेंद पर पवेलियन लौटे।

## दर्शकों का हुजूम उमड़ा, सड़क पर जाम



**लखनऊ।** पहले मैच में भीड़ की कमी की वजह से परेशान आयोजकों को आज खुशी महसूस हुई होगी। आज इकाना में भारी भीड़ जुटी। हालांकि लोगों का कहना था कि आज छुट्टी थी बच्चों को स्कूल नहीं जाना था इसलिए भी भीड़ उमड़ी। टिकट के दाम हो जाने के कारण भी काफी दर्शक स्टेडियम पहुंचे थे। मैच से पहले व मैच छूटने के बाद स्टेडियम के चारो तरफ सड़क पर जाम लग गया। जाम को खुलवाने में पुलिस को बहुत मशक्कत करनी पड़ी।

## स्कोरबोर्ड

**सनराइजर्स हैदराबाद :** अनमोलप्रीत पगबाधा बो पंड्या 31, अग्रवाल का स्टोइनिस बो पंड्या 08, त्रिपाठी का मिश्रा बो यश ठाकुर 34, मार्कराम बो पंड्या 00, ब्रुक स्ट पूरन बो रवि बिश्नोई 03, सुंदर का हुड्ड बो मिश्रा 16, समद नाबाद 21, रशीद का हुड्डा बो मिश्रा 04, मलिक रन आउट 00, भुवनेश्वर नाबाद 00, **अतिरिक्त** : 04, कुल : 20 ओवर मे आठ विकेट पर 121 रन, **विकेट पतन** : 1-21, 2-50, 3-50, 4-55, 5-94, 6-104, 7-108, 8-109, **गेंदबाजी** : मेयर्स 1-0-5-0, उनादकट 3-0-26-0, पंड्या 4-0-18-3, ठाकुर 3-0-23-1, बिश्नोई 4-0-16-1, हुड्डा 1-0-8-0 अमिता 4-0-23-2

**लखनऊ सुपर जाइंट्स :** मायर्स का अग्रवाल बो फारूकी 13, राहुल पगबाधा बो रशीद 35, हुड्डा का और बो कुमार 7, पंड्या का अनमोलप्रीत बो मलिक 34, स्टोइनिस नाबाद 10, शेफर्ड पगबाधा बो रशीद 0, पूरन नाबाद 11, **अतिरिक्त** : 17 रन, **कुल योग** : 16 ओवर में पांच विकेट पर 127 रन, **विकेट पतन** : 1-35, 2-45, 3-100, 4-114, 5-114, **गेंदबाजी** : भुवनेश्वर 2-0-19-1, सुंदर 1- 0 -11- 0, फारूकी 3- 0 -13 .1, मार्कराम 2-0-14-0, रशीद 3-0-23-2, टी नटराजन 3-0-23 - 0

## आईपीएल-16 स्टेडियम से

### शुभमन दूसरे छोर पर होते हैं तो बल्लेबाजी आसान हो जाती है: साहा



**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटन्स के सीनियर खिलाड़ी ऋद्धिमान साहा का कहना है कि शानदार फॉर्म में चल रहे भारत के युवा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर शुभमन गिल जब दूसरे छोर पर बल्लेबाजी कर रहे होते हैं तो उनके लिए बल्लेबाजी करना आसान हो जाता है। गिल के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पिछले तीन महीने शानदार रहे हैं और उन्होंने अपने टी20 खेल में भी काफी सुधार किया है। साहा ने वर्चुअल बातचीत के दौरान पत्रकारों से कहा, शुभमन अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं। उनके साथ बल्लेबाजी करना इतना आसान होता है। हम जानते हैं कि अगर गुजरात टाइटन्स को अच्छा प्रदर्शन करना है तो मुझे, शुभमन और तीसरे नंबर पर साई (सुदर्शन) को अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी।

### लिविंगस्टोन 10 को पंजाब किंग्स की टीम से जुड़ेंगे

**लंदन।** इंग्लैंड के बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने के लिए इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) से इस सप्ताहांत तक फिटनेस मंजूरी मिल जाएगी जिससे वह अपनी टीम पंजाब किंग्स से 10 अप्रैल को जुड़ेंगे। लिविंगस्टोन चार महीने पहले पाकिस्तान में टेस्ट पदार्पण के दौरान चोटिल हो गए थे। उनके घुटने में चोट लगी है जिसके कारण वह उसके बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेल पाए। इस बीच उनकी पिछले साल के टखने की चोट भी उभर आई थी। आईपीएल के एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा से कहा कि लिविंगस्टोन 10 अप्रैल को भारत आ रहे है। वह सोमवार को यहां पहुंच जाएंगे। पंजाब किंग्स को अपना अगला मुकाबला नौ अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलना है और यह तय है कि टीम को इस मैच में लिविंगस्टोन की सेवाएं नहीं मिलेंगी।

### केकेआर के स्पिनरों के खिलाफ हमारे बल्लेबाजों को बड़े शॉट खेलने से बचना चाहिए था: बांगर



**कोलकाता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के बल्लेबाजी कोच संजय बांगर का मानना है कि विराट कोहली और कप्तान फाफ डु प्लेसिस जैसे अनुभवी बल्लेबाज इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्पिनरों के खिलाफ 205 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए कुछ संयम बरत सकते थे। लक्ष्य का पीछा करते समय मैच के पांचवें ओवर में सुनील नारायण ने कोहली को बोल्ड कर डु प्लेसिस के साथ शुरुआती विकेट के लिए उनकी 44 रन की साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद वरुण चक्रवर्ती ने डु प्लेसिस को बोल्ड कर बेंगलोर की टीम को बैकफुट पर धकेल दिया। बांगर ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे लगा कि हमारे कुछ बल्लेबाज बड़े शॉट खेलने से बच सकते थे।

### वेन पार्नेल, वी. विजय कुमार ने आरसीबी टीम में रीसे टॉपले और रजत पाटीदार की जगह ली

**नई दिल्ली।** चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने शुक्रवार को वेन पार्नेल और वी. विजय कुमार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बचे हुए सत्र के लिए चोटिल रीस टॉपले और रजत पाटीदार के स्थान पर टीम में शामिल किया। बीसीसीआई ने शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। टॉप्ले को मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के शुरुआती मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण के दौरान कंधे में चोट लग गई थी। पाटीदार एड़ी की चोट के कारण आरसीबी के पहले मैच में नहीं खेले थे। वह अभी तक ठीक नहीं हुए हैं और टूर्नामेंट के 16वें सत्र से बाहर हो गए हैं।

# आज आमने-सामने होंगे धोनी व रोहित

**● मुंबई इंडियंस व चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मैच आज**

**भाषा।** मुंबई



**रोहित शर्मा** की अगुवाई में मुंबई इंडियंस की टीम शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में जब अपने घरेलू मैदान पर चिर प्रतिद्वंद्वी चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसके सामने सत्र के शुरुआती मुकाबले में मिली हार को पीछे छोड़ने की चुनौती होगी। मुंबई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने रविवार को आठ विकेट की करारी शिकस्त दी थी। टीम लगभग एक सप्ताह के विश्राम के बाद तरोताजा महसूस कर रही होगी लेकिन चह अपने घरेलू मैदान पर जुनूनी प्रशंसकों के सामने धोनी के धुरंधरों का सामना करने को लेकर अतिरिक्त दबाव में होगी। धोनी ने हालांकि पिछले मैचों में नो बॉल से परेशान होकर टीम के गेंदबाजों को चेतावनी दी जिससे राजवर्धन हैंगरगेकर और तुषार देशपांडे जैसे युवा दबाव में होंगे और दोनों को वानखेड़े मैदान की बल्लेबाजों की मददगार पिच पर चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। पांच बार की चैम्पियन मुंबई के खिलाफ मैच में चेन्नई की जीत इस बात पर भी निर्भर करेगी कि मोईन अली और मिशेल सेंटनर जैसे स्पिनर कितने प्रभावी रहते हैं। टीम हालांकि अंतिम एकादश में दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज सिसंडा मगाला को जगह देने पर विचार कर सकती है जो सटीक यॉर्कर डालने के लिए जाने जाते हैं। अंतिम एकादश में उनके आने से सेंटनर को बाहर बैठना पड़ सकता है। मुंबई के कप्तान रोहित पर लोगों का ज्यादा ध्यान होगा। वह पिछले सत्र में बल्ले से करिश्मा करने में विफल रहे थे। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ तेज शुरुआत की थी लेकिन अपनी पारी को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे। इस मैदान की सीमा रेखा छोटी है और ऐसे में अनुभवी जोफ्रा आर्चर, अरशद खान, कैमरून ग्रीन जैसे गेंदबाजों को रुतुराज गायकवाड़ या डेवोन कॉनवे की चेन्नई की सलामी जोड़ी को रोकना चुनौतीपूर्ण होगा। जसप्रीत बुमराह और झाय रिचर्डसन के सत्र से बाहर होने के बाद टीम में संदीप वॉरियर और रिले मेरेडिथ जुड़े हैं और मुंबई को इन गेंदबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। वानखेड़े की पिच पर शुरुआती ओवरों में तेज गेंदबाजों को मदद मिल सकती है लेकिन चेन्नई के पास कम अनुभव वाले तेज गेंदबाज है। ऐसे में मुंबई इंडियंस की टीम इसका फायदा उठाना चाहेगी। आरसीबी के खिलाफ युवा तिलक वर्मा ने मुंबई की पारी को संभाला था जिसमें उन्हें पदार्पण करने वाले पंजाब के नेहाल वढेरा का साथ मिला था।

### मोईन ने प्रतिद्वंद्विता की तुलना मैनचेस्टर यूनाइटेड बनाम लिवरपूल से की

**मुंबई।** चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के हरफनमौला खिलाड़ी मोईन अली ने शुक्रवार को अपनी टीम और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब रिकॉर्ड पांच बार जीतने वाली मुंबई इंडियंस के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा की तुलना मैनचेस्टर यूनाइटेड और लिवरपूल की फुटबॉल प्रतिद्वंद्विता से की। मुंबई इंडियंस आईपीएल इतिहास की सबसे सफल टीम जबकि चेन्नई सुपरकिंग्स चार खिताब के साथ दूसरे नंबर पर है। साल 2022 में आईपीएल की बड़ी नीलामी के बाद बाद से दोनों टीमें संघर्ष कर रही है। मुंबई और चेन्नई की आईपीएल प्रतिद्वंद्विता को आईपीएल की एल क्लासिको के नाम से जाना जाता है।

### सीएसके के खिलाफ एकजुट होकर बल्लेबाजी करें खिलाड़ी : पोलार्ड

**भाषा।** मुंबई

**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरुआती मैच में शीर्ष क्रम के विफल होने के बाद मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड को शनिवार को यहां चिर प्रतिद्वंद्वी चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले में बल्लेबाजों के एकजुट होकर प्रदर्शन करने की उम्मीद है। पोलार्ड की मैच की पूर्व संध्या पर कहा, मेरा मानना है कि सभी बल्लेबाजों को एकजुट होकर बल्लेबाजी करनी होगी। क्रिकेट 11 खिलाड़ियों के साथ खेला जाता है और फिर टूर्नामेंट अभी शुरू ही हुआ है इसलिए हर कोई जीत से शुरुआत करने की कोशिश कर रहा है। हां, हमने बल्लेबाजी इकाई के तौर पर अच्छी शुरुआत नहीं की है लेकिन अंत में हम बेंगलोर में सम्मानजनक स्कोर बनाने में सफल रहे।

### श्रीनिधि डेक्कन के खिलाफ सुपरकप में बेंगलुरु एफसी का पलड़ा भारी

**कोझिकोड।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की उपविजेता बेंगलुरु एफसी की टीम शनिवार को सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबले में जब आई-लीग टीम श्रीनिधि डेक्कन के खिलाफ मैदान मे उतरेगी तो उसकी कोशिश अपने लय को जारी रखने की होगी। करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री की अगुवाई वाली इस टीम को आईएसएल फाइनल में एटीके मोहन बागान से हार का सामना करना पड़ा था।

### प्रशिक्षु खिलाड़ियों से अश्लील बातें करने वाला क्रिकेट कोच गिरफ्तार

**देहरादून।** प्रशिक्षु खिलाडियों से कथित रूप से आपत्तिजनक बाते करने वाले क्रिकेट प्रशिक्षक नरेंद्र शाह को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की जांच कर रहे पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज गैरोला ने बताया कि शाह को एम्स ऋषिकेश से छुट्टी दिए जाने के तत्काल बाद बृहस्पतिवार रात गिरफ्तार कर लिया गया। प्रशिक्षु खिलाड़ियो से कथित आपत्तिजनक बातें करने का ऑडियो प्रसारित होने के बाद शाह ने जहर खाकर कथित रूप से आत्महत्या का प्रयास किया था जिसके बाद से वह अस्पताल में भर्ती था।

### बांग्लादेश ने आयरलैंड से टेस्ट सात विकेट से जीता

**मीरपुर।** अनुभवी मुश्फिकर रहीम की शानदार बल्लेबाजी से बांग्लादेश ने शुक्रवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच मे चौथे दिन लंच के कुछ देर बाद ही सात विकेट से जीत हासिल की। आयरलैड ने पहली पारी में 214 रन बनाए जिसके जवाब में बांग्लादेश ने 369 रन बनाकर मजबूत बढ़त हासिल की। आयरलैंड ने अपनी दूसरी पारी में 292 रन बनाए और इस तरह से बांग्लादेश के सामने 138 रन का लक्ष्य रखा।

### भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीम में नए सहयोगी सदस्यों की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के जाने-माने कोच एंथनी फेरी को भारतीय महिला हॉकी टीम का विश्लेषणात्मक कोच नियुक्त किया गया है, जबकि दक्षिण अफ्रीका के रेट हल्केट पुरुष टीम के साथ यह भूमिका निभाएंगे। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को घोषणा की। राष्ट्रीय महासंघ ने दोनो टीमो के लिए अन्य सहायक स्टाफ सदस्यों की भी घोषणा की। फेरी की देखरेख मे कनाडा की पुरुष टीम ने 2016 रियो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था।

### वुड्स की ऑगस्टा मास्टर्स में निराशाजनक शुरुआत

**ऑगस्टा।** दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स ने ऑगस्टा मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर मे 74 का कार्ड खेलकर निराशाजनक शुरुआत की जबकि जॉन रहम सहित तीन खिलाड़ियो ने पहले दौर मे संयुक्त बढ़त बनाई। वुड्स का मास्टर्स मे 2005 के बाद यह सबसे खराब प्रदर्शन है। उन्होंने तब अगले तीन दौर मे 65-66-71 का स्कोर बनाकर अच्छी वापसी की थी लेकिन उनका हालिया रिकॉर्ड बताता है कि उनके लिए इस बार वापसी करना मुश्किल होगा।

### कप्तान पुजारा ने ससेक्स के लिए शतक जड़ा

**होव।** भारत के सीनियर बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने काउंटी चैम्पियनशिप डिविजन टू में डरहम के खिलाफ ससेक्स के लिए शतक जड़ा। इस सत्र में ससेक्स के कप्तान पुजारा ने 134 गेंद में सैकड़ा जड़ा। एक समय पर स्कोर दो विकेट पर 44 रन था लेकिन पुजारा ने 163 गेंद मे 115 रन बनाए और टॉम क्लार्क के साथ 112 रन की साझेदारी की। ससेक्स ने डरहम को 376 रन पर आउट कर दिया था।

# पिता की बीमारी, दिल्ली क्रिकेट राजनीति से जूझते हुए आईपीएल में चमके युवा सुयश

**भाषा।** नई दिल्ली



**रॉयल चैलेंजर्स** बेंगलोर के खिलाफ बीती रात जीत में प्रभावित करने वाले कोलकाता नाइट राइडर्स के इम्पैक्ट प्लेयर सुयश शर्मा का क्रिकेट के भ्रष्ट माहौल में कोई गॉडफादर नहीं है और दिल्ली के मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाले इस लेग स्पिनर ने अभी तक अपनी काबिलियत के बूते सफलता हासिल की है। पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा इलाके के 19 वर्षीय सूयश ने कोलकाता की टीम की ओर से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पदार्पण करते हुए 30 रन देकर तीन विकेट झटके जिससे टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को 81 रन से पराजित करने में कामयाब रही। मध्यम वर्ग के परिवार की अपनी ही समस्याएं होती हैं और फिर उनके पिता भी कैंसर जैसी बीमारी से जूझ रहे हैं, लेकिन उन्होंने गॉडफादर के नहीं होने, तमाम परेशानियों और तनाव के बावजूद क्रिकेट की चुनौतियों से निपटना जारी रखा। सूयश ने बीती रात आईपीएल मैच में अपनी लेग ब्रेक और गुगली से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के दो विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक और अनुज रावत के अलावा आल राउंडर कर्ण शर्मा के विकेट झटके। दिल्ली के कोच रणधीर सिंह ने पीटीआई से कहा, सूयश के लिए यह यात्रा आसान नहीं रही है। वह दिल्ली के पूर्व स्पिनर सुरेश बत्रा का शिष्य था और उनके क्लब के लिए खेलता था। कोविड-19 के कारण हमने सुरेश जी को गंवा दिया और फिर वह (सूयश) मेरे पास आया क्योंकि वह मैच अभ्यास चाहता था। मैंने डीडीसीए (दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ) लीग में अपने मद्रास क्लब में और ओपन टूर्नामेंट में रन-स्टार क्लब में खेलने का मौका दिया।

### सुयश सामान्य लेग ब्रेक गेंदबाज लेकिन उसकी अपनी विशिष्टता है: राणा

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान नितीश राणा युवा सुयश शर्मा को रहस्यमई स्पिनर नही मानते और उन्होंने कहा कि वह सामान्य लेग ब्रेक गेंदबाज है जिनकी अपनी विशिष्टता है। दिल्ली के अंडर 25 स्पिनर सुयश ने अभी तक केवल आयु वर्ग के टूर्नामेंट खेले है। उन्होंने गुरुवार को सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती के साथ मिलकर केकेआर को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ आसान जीत दिलाई थी।

# राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बेहतर बल्लेबाजी करना चाहेगा दिल्ली कैपिटल्स

**● आज मुकाबले में होंगे आमने-सामने**



**गुवाहाटी।** बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण पहले दो मैचों में हार का सामना करने वाले दिल्ली कैपिटल्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अगर जीत का खाता खोलना है तो उसे राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी। पहले दो मैचों में मार्क वुड और अलजारी जोसेफ जैसे गेंदबाजों ने पृथ्वी साव और सरफराज खान जैसे दिल्ली के बल्लेबाजों को दहशत में डाल दिया था। इन प्रतिभाशाली बल्लेबाजों का आत्मविश्वास अभी डिगा हुआ है और ऐसे में उनके लिए ट्रेंट बोल्ट, केएम आसिफ और जेसन होल्डर जैसे गेंदबाजों का सामना करना आसान नहीं होगा। इसके अलावा राजस्थान के पास रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल जैसे स्पिनर है जो बारसपारा स्टेडियम की बल्लेबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियों में भी विरोधी टीम को परेशानी में डाल सकते हैं। आक्रामक सलामी बल्लेबाज जोस बटलर का इस मैच में खेलना संदिग्ध है जो दिल्ली के लिए अच्छी खबर हो सकती है। बटलर पिछले मैच में कैच लेते समय चोटिल हो गए थे और उनके बाएं हाथ की छोटी उंगली में टांके लगे हैं। यदि बटलर नहीं खेल पाते हैं तो जो रूट को उनके स्थान पर अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है।

### सूर्यकुमार भारत को जिता सकता है विश्व कप : पोंटिंग

**भाषा।** दुबई

**आस्ट्रेलिया के** महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग का मानना है कि सूर्यकुमार यादव में भारत को विश्व कप जिताने की क्षमता है और खराब फॉर्म के बावजूद चयनकर्ताओं को उसे टीम में रखना चाहिए। सूर्यकुमार टी20 क्रिकेट का अपना फॉर्म 50 ओवरों के क्रिकेट में दोहरा नहीं सके हैं। वह आस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार तीन मैचों में खाता खोले बिना आउट हुए। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा, दुनिया में सभी को पता है कि सूर्यकुमार क्या कर सकता है। पिछले एक डेढ साल में उसने शानदार प्रदर्शन किया है। मेरा मानना है कि भारत को उस पर भरोसा करना चाहिए क्योंकि वह ऐसा खिलाड़ी है जो आपको विश्व कप दिला सकता है। वह लगातार अच्छा नहीं खेल पा रहा है लेकिन वह बड़े मैचों का खिलाड़ी है। जैसे आस्ट्रेलिया के लिए एंड्रयू साइमंड्स था।

# रामकुमार सहित चार खिलाड़ी सेमीफाइनल में

**भाषा।** चेन्नई

**भारतीय** खिलाड़ियों ने शुक्रवार को यहां बी आर आदित्यन मेमोरियल आईटीएफ फ्यूचर्स टेनिस टूर्नामेंट में दबदबा बनाते हुए एकल स्पर्धा के सभी चारों सेमीफाइनल स्थान पक्के किए। युगल फाइनल भी भारतीय खिलाड़ियों के बीच होगा। इसमें विष्णु वर्धन और नितिन कुमार सिन्हा की जोड़ी का सामना साई कार्तिक रेड्डी और टी मार्चेला से होगा। दूसरे वरीय भारतीय खिलाड़ी रामनाथन कुमार ने हमवतन निखिल पूनाचा पर 6-3, 6-4 की जीत से सेमीफाइनल में प्रवेश किया जिसमें उनका सामना हमवतन सिद्धार्थ रावत से होगा। यूक्रेन के शीर्ष वरीय उलादिस्लाव ओरलोव रिटायर्ड हर्ट होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए। वह दूसरे वरीय तमिलनाडु के खिलाड़ी मनीष सुरेशकुमार के खिलाफ 4-6, 2-4 से पिछड़ रहे थे। रावत ने डेविड पेरेज को 7-5, 7-6 से शिकस्त देकर अंतिम चार में जगह बनाई। तीसरे वरीय दिग्विजय प्रताप सिंह ने क्वार्टरफाइनल में पांचवें वरीय फ्लोरेंट बाक्स को 6-3, 6-2 से हराया।



### शीर्ष वरीयता प्राप्त पेगुला ओपन के क्वर्टर फाइनल में

**चार्ल्सटन (अमेरिका)।** शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने लगातार 10 गेम गंवाए और अंतिम सेट में एकसमय वह 0-4 से पीछे चल रही थी लेकिन इसके बाद उन्होंने जबरदस्त वापसी करके चार्ल्सटन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व मे तीसरे नंबर की अमेरिकी खिलाड़ी पेगुला ने 15वी वरीयता प्राप्त इरिना कैमिलिया बेगु को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में 7-5, 4-6 , 6-4 से हराया। पेगुला को अगर क्वार्टर फाइनल में 12वी वरीयता प्राप्त पाउला बडोसा को हराकर अंतिम चार में जगह बनानी है तो उन्हें अपने खेल में निरंतरता दिखानी होगी। बडोसा ने एक अन्य मैच में डायना स्नायडर पर 6-3, 6-1 से जीत दर्ज की। दूसरी वरीयता प्राप्त ओन्स जाबेर, तीसरी वरीय डारिया कसातकिना और मौजूदा चैंपियन बेलिंडा बेनसिच भी क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे। जाबेर ने करोलिन डोलहाइड को 6-3, 7-5 से, कसातकिना ने बर्नार्डा पेरा को 6-3, 7-6 (3) से और बेनसिच ने शेल्बी रोजर्स को 4-6, 7-5, 6-2 से हराया।

### बीसीसीआई शीर्ष परिषद की बैठक में घरेलू सत्र के मीडिया अधिकारों, महिला टीम के कोच पर होगी बात

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की रविवार को होने वाली बैठक में घरेलू द्विपक्षीय क्रिकेट के मीडिया अधिकार और महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच की नियुक्ति पर बात की जाएगी। आईपीएल मीडिया अधिकार 48390 रूपए में बिकने के बाद बीसीसीआई को 2023 . 2027 चक्र के घरेलू सत्र के लिए काफी उम्मीद है। वायकॉम के मैदान में आने के बाद मुकाबला उसके, स्टार और सोनी के बीच होगा। बीसीसीआई को आईपीएल के प्रसारण और डिजिटल अधिकार अलग बेचने से काफी फायदा हुआ है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका में टी20 विश्व कप मुख्य कोच के बिना खेला था। बल्लेबाजी कोच रिषिकेश कानिटकर ने मुख्य कोच का पद संभाला था। बीसीसीआई जल्दी ही मुख्य कोच समेत सहयोगी स्टाफ की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करेगा।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने असम पर्वतारोहण संघ के कंचनजंघा अभियान को झंडा दिखाकर रवाना किया

**भाषा।** गुवाहाटी

**राष्ट्रपति द्रौपदी** मुर्मू ने शुक्रवार को असम पर्वतारोहण संघ की टीम के नेतृत्वकर्ता को राष्ट्रीय ध्वज और बर्फ पर चढ़ने के लिए इस्तेमाल होने वाली कुल्हाड़ी (आईस एक्स बेटन) सौंपकर माउंट कंचनजंघा अभियान 2023 को हरी झंडी दी। असम दौरे के दूसरे दिन राष्ट्रपति ने मानस बरूआ की अगुआई वाली सात सदस्यीय टीम को शुभकामनाएं दी जो दुनिया के तीसरे सबसे ऊंचे पर्वत की चढ़ाई का प्रयास करेगी। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि यह अभियान सफल रहेगा और भविष्य में कई पर्वतारोहियों को ऊंचे पर्वतों पर चढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

### इंग्लैंड ने ब्राजील को हराकर पहला महिला फाइनलिसिमा का खिताब जीता

**लंदन।** इंग्लैंड ने क्लो केली के गोल के दम पर ब्राजील को यहां पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से पराजित करके पहला महिला फाइनलिसिमा फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब जीता। यह मुकाबला यूरोप और दक्षिण अमेरिका की चैंपियन टीमों के बीच खेला जाता है। वेम्बले में खेले गए इस फाइनल मैच को देखने के लिए 83,132 दर्शक स्टेडियम में पहुंचे थे। इलिया टूने के 23वें मिनट में किए गए गोल से इंग्लैंड की जीत सुनिश्चित लग रही थी लेकिन ब्राजील ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के तीसरे मिनट में बराबरी का गोल दाग दिया। ब्राजील की एंड्रेसा अल्वेस ने इंग्लैंड की गोलकीपर मैरी एर्प्स की गलती का फायदा उठाते हुए स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद मैच पेनल्टी शूटआउट तक खिंच गया जिसमें इंग्लैंड की तरफ से जॉर्जिया स्टैन्वे, रचेल डेली, एलेक्स ग्रीनवुड और केली ने गोल करके जीत सुनिश्चित की। दोनों टीम ने मैच शुरू होने से पहले पेले को श्रद्धांजलि अर्पित की जिनका पिछले साल दिसंबर में निधन हो गया था।